Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 17
नई दिल्ली, बुधवार, 20 नवम्बर 2024
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय 10
देश की संस्कृति को भी सुरक्षित रखना अहम



# घनी हुई धुंध, उपायों पर विचार

**संजय राय**। नई दिल्ली




**राष्ट्रीय राजधानी** में प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के चलते वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। लोगों के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है तो कमोबेश हर व्यक्ति किसी न किसी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहा है। मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी धुंध की मोटी परत छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक 488 रहा। दिल्ली सरकार समस्या से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की केंद्र सरकार से सिफारिश की है। साथ ही घर से काम करने और सम-विषम (ऑड-ईवन) जैसे उपायों को लागू करने पर विचार कर रही है। जिससे बिगड़ती वायु गुणवत्ता से निपटने में मदद मिल सकती है। इस बीच दिल्ली सरकार ने हालात ने निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने की भी मांग की है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने दिल्ली की लगातार खराब होती आबोहवा को दुरुस्त करने के मकसद से केंद्र से आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। केंद्र ने राष्ट्रीय राजधानी में कृत्रिम बारिश की अनुमति देने के दिल्ली सरकार के बार-बार अनुरोध करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया। दिल्ली सरकार आपातकालीन उपाय शुरू करने के लिए तैयार है, लेकिन उसे केंद्र के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय सहित अन्य एजेंसियों से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। वह इस संबंध में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को इस संबंध में फिर से पत्र लिखा है। इससे पहले 30 अगस्त, 10 अक्टूबर और 23 अक्टूबर को पत्र लिखा था लेकिन केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने उसका संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने कहा, दिल्ली में ग्रैप चरण चार के प्रतिबंध लागू हैं और व वाहनों एवं औद्योगिक प्रदूषण को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठा रहे हैं। शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से निजी वाहनों और ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

राय ने बताया कि, धुंध को कम करने के उपायों पर विचार करने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श कर रहे हैं। कृत्रिम बारिश विचाराधीन समाधानों में से एक है, जो प्रदूषकों को कम करने और हवा को साफ करने में मदद कर सकती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने शहर में प्रदूषण की गंभीर स्थिति पर आपात बैठक बुलाने और कृत्रिम बारिश की अनुमति देने के दिल्ली सरकार द्वारा बार बार किए जा रहे अनुरोध का जवाब नहीं दिया है। लेकिन अब हालात की गंभीरता को देखते हुए वह केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से अनुरोध करते हैं कि वे कृत्रिम बारिश के लिए आवश्यक मंजूरी देने में तेजी दिखाएं और कानपुर आईआईटी समेत संबंधित केंद्रीय एजेंसियों सहित सभी हितधारकों के साथ एक आपातकालीन बैठक बुलाएं।

राय ने बताया कि क्लाउड सीडिंग तकनीक, में बारिश की बूंदे बनाने के लिए सिल्वर आयोडाइड या क्लोराइड जैसे नमक के कणों को बादलों में हवाई जहाज के माध्यम से फैलाया जाता है, को शहर की गंभीर वायु गुणवत्ता समस्याओं के संभावित समाधान के रूप में माना जा रहा है। हालांकि क्लाउड सीडिंग की अवधारणा नई नहीं है, लेकिन वायु प्रदूषण से निपटने में इसकी प्रभावशीलता विशेषज्ञों के बीच बहस का विषय बनी हुई है। इस पद्धति की सफलता अनुकूल वायुमंडलीय स्थितियों पर निर्भर करती है, जिसमें बादलों में पर्याप्त नमी और आर्द्रता, और विशिष्ट प्रकार के बादलों की उपस्थिति शामिल है जो लंबवत रूप से बढ़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर खतरनाक श्रेणी में बना रहता है, तो सरकार ऑड-ईवन और घर से काम करने जैसे आपातकालीन उपायों को लागू करने के लिए विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर रही है। ऑड-ईवन पहली बार वर्ष 2016 में लागू की गई आप सरकार की पहल का उद्देश्य शहर में वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करना था। इसके तहत केवल विषम संख्या वाले निजी वाहनों को विषम तिथियों पर और सम संख्या वाले वाहनों को सम तिथियों पर चलने की अनुमति दी गई थी। यानी सम अंक (0, 2, 4, 6, 8) पर समाप्त होने वाले पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को सम तिथियों पर सड़कों पर चलने की अनुमति है, जबकि विषम अंक (1, 3, 5, 7, 9) पर समाप्त होने वाले पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को विषम तिथियों पर चलाने की अनुमति है।



## न्यायाधीश वर्चुअल सुनवाई की अनुमति दें : सीजेआई

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**प्रधान न्यायाधीश** संजीव खन्ना ने मंगलवार को दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के बीच न्यायाधीशों से जहां भी संभव हो, वहां वर्चुअल सुनवाई की अनुमति देने को कहा गया है। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ जैसे ही बैठी, वैसे ही सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल सहित वकीलों ने दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति का जिक्र किया और इससे निपटने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की मांग की। इसके जवाब में प्रधान न्यायाधीश ने कहा, उन्होंने सभी न्यायाधीशों से कहा है कि जहां भी संभव हो, वहां डिजिटल सुनवाई की अनुमति दी जाए। प्रधान न्यायाधीश ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया कि शीर्ष अदालत को ऑनलाइन काम करना चाहिए और उसने दोहराया कि वकीलों के पास डिजिटल रूप से पेश होने का विकल्प है। सिब्बल ने कहा कि इस संबंध में राष्ट्रीय राजधानी की अन्य अदालतों और न्यायाधिकरणों को संदेश भेजे जाने की जरूरत है, क्योंकि प्रदूषण नियंत्रण से बाहर हो रहा है। सॉलिसिटर जनरल ( शेष पृष्ठ 9 )

## चुनाव की पूर्व संध्या पर विनोद तावड़े का 'कैशगेट'



**टीएन रघुनाथ**। मुंबई

**महाराष्ट्र विधानसभा** चुनाव की पूर्व संध्या पर सत्तारूढ़ महायुति के लिए उस समय असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ा जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर कुछ लोगों को कथित तौर पर नकदी बांटने का आरोप लगाया जिसके बाद पूरे दिन राजनीतिक हलकों में बड़ा विवाद देखने को मिला। बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) ने दावा किया कि तावड़े को उनके इस कृत्य में रंगे हाथों पकड़ा है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब बीवीए के संस्थापक और वसई से छह बार के विधायक हितेंद्र ठाकुर और नालासोपारा से तीन बार के विधायक उनके बेटे क्षितिज ठाकुर ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के सहयोगियों और कार्यकर्ताओं ने तावड़े को लोगों को पैसे बांटते हुए देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि तावड़े पालघर जिले के वसई-विरार इलाके में लोगों को बांटने के लिए भाजपा उम्मीदवार राजन नाइक को देने के लिए 5 करोड़ रुपये लेकर आए थे।

इन आरोपों के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस के राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राहुल ने पूछा, मोदी जी, ये 5 करोड़ रुपये किसकी तिजोरी से आए, किसने जनता का पैसा लूटा और आपको टेम्पो में भेजा। कांग्रेस महासचिव और महाराष्ट्र के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भाजपा महासचिव तावड़े को वसई-विरार में पैसे बांटते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने के आरोप के बाद तावड़े की गिरफ्तारी की मांग की। उन पर आरोप है कि तावड़े ने चुनाव की पूर्व संध्या पर लोगों के बीच 5 करोड़ रुपये बांटे। ऐसे में तावड़े को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। यह विवाद तब शुरू हुआ जब भाजपा के तावड़े विरार (पूर्व) स्थित डीलक्स ले विवांता होटल में गए थे। बीवीए नेताओं ने आरोप लगाया कि उनके पास 5 करोड़ रुपये नकद और कुछ डायरियां थीं। सुबह शुरू हुआ यह ड्रामा आठ घंटे से अधिक समय तक चला। एक समय तो तावड़े को हिरासत में ले लिया गया था। बीवीए कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और धक्का-मुक्की की। हालांकि, भीड़ को ( शेष पृष्ठ 9 )



## रूसी राष्ट्रपति पुतिन जल्द आ सकते हैं भारत

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**राजनयिक सूत्रों** ने मंगलवार को बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले साल भारत आ सकते हैं। यह दोनों देशों के नेताओं की पारस्परिक वार्षिक यात्राओं के लिए तय कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष यात्रा की संभावना पर विचार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में मास्को में आयोजित शिखर वार्ता में रूसी राष्ट्रपति को भारत आने का निमंत्रण दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के कज़ान का दौरा किया था। इससे पहले मंगलवार को क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने वरिष्ठ भारतीय संपादकों के साथ ऑनलाइन बातचीत में भारत और रूस के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का जिक्र किया और कहा कि पुतिन की यात्रा तय है। उन्होंने कोई विशेष तिथि नहीं बताई और न ही यात्रा की कोई निश्चित घोषणा की। बातचीत का आयोजन रूसी सरकारी स्वामित्व वाली स्पुतनिक समाचार एजेंसी ने किया था। पेसकोव ने कहा, हम यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। तिथियां जल्द ही आपसी सहमति से तय की जाएंगी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की तिथियों की घोषणा जल्द ही की जाएगी और रूस इसके लिए तैयारी शुरू कर देगा। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही उनकी यात्रा की सटीक तिथियों पर काम करेंगे। बेशक, प्रधानमंत्री मोदी की रूस की दो यात्राओं के बाद, अब राष्ट्रपति की भारत यात्रा है, इसलिए हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले महीने, प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) ( शेष पृष्ठ 9 )

## हिमाचल भवन का भविष्य संकट में!

**पायनियर समाचार सेवा**। शिमला/नई दिल्ली




**हिमाचल प्रदेश** उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार पर बिजली कंपनी सेली हाइड्रोपावर पावर इलेक्ट्रिकल के 150 करोड़ रुपए के बकाए की वसूली के लिए दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल की एकल पीठ ने सोमवार को पारित आदेश में कहा कि कंपनी दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में स्थित हिमाचल भवन की नीलामी के लिए उचित कदम उठा सकती है। महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि हिमाचल सरकार ने पहले ही उच्च न्यायालय के पिछले आदेश के खिलाफ अपील दायर की है, जिस पर इसी महीने सुनवाई होने की संभावना है। मामला हिमाचल के लाहौल एवं स्पीति जिले में चिनाब नदी पर प्रस्तावित 340 मेगावाट की सेली जलविद्युत परियोजना से जुड़ा हुआ है। राज्य सरकार ने यह परियोजना सेली हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कंपनी लिमिटेडामोजर बेयर को आवंटित की थी और 28 फरवरी 2009 को एक आवंटन पत्र (एलओए) भी जारी किया था। इसके बाद कंपनी ने 64 करोड़ रुपए का अग्रिम प्रीमियम जमा किया।

हालांकि, सेली जलविद्युत परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। राज्य सरकार ने एलओए रद्द कर दिया और अग्रिम प्रीमियम जब्त करने का आदेश दिया। कंपनी ने इस फैसले को पंचाट के समक्ष चुनौती दी, जिसने उसके पक्ष में फैसला सुनाया और सरकार से ब्याज सहित अग्रिम प्रीमियम जमा करने को कहा। राज्य सरकार के आदेश पर अमल न करने के बाद कंपनी ने अनुच्छेद-226 के तहत उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की। अदालत ने याचिकाकर्ता की इस दलील में दम पाया कि सेली जलविद्युत परियोजना तकनीकी एवं वित्तीय रूप से अव्यवहार्य हो गई है और इससे पीछे हटने का उसका अनुरोध स्वीकार किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने 13 जनवरी 2023 को पंचाट के फैसले को बरकरार रखा और हिमाचल सरकार को ब्याज सहित अग्रिम प्रीमियम रजिस्ट्री में जमा करने का निर्देश दिया। अग्रिम प्रीमियम पर याचिका दायर करने की तिथि से सात प्रतिशत की दर से ब्याज लगाया गया। सरकार द्वारा भुगतान में देरी के कारण अग्रिम प्रीमियम की राशि ब्याज के साथ बढ़कर 150 करोड़ रुपए हो गई।

उच्च न्यायालय ने अपने सोमवार के आदेश में चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान के लिए प्रमुख सचिव (बिजली) को मामले की जांच करने और 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने मामले में अगली सुनवाई के लिए छह दिसंबर की तारीख निर्धारित की। इस बीच, भाजपा ने कहा कि यह स्पष्ट तौर पर राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलता है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा, राज्य सरकार अपना बचाव करने में असमर्थ है और दिल्ली के मंडी हाउस में स्थित हिमाचल भवन जैसी हमारी प्रतिष्ठित संपत्तियों को कुर्क किया जा रहा है, जो स्पष्ट तौर पर सरकार की विफलता है। हालांकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मुद्दे पर आलोचना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, राज्य सरकार के लिए 64 करोड़ रुपए जमा करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन वह कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

## कबाड़ में नहीं डाली जाएंगी विंटेज कारें : एलजी

**राजेश कुमार**। नई दिल्ली



पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल अपनी एक प्रतिष्ठित विंटेज कार के साथ, जिसे वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी में लेकर जाते थे। *फोटो सौजन्य : विजय गोयल*

**वाहनों को** कबाड़ में डाले जाने की कार्रवाई के बीच, विंटेज (पुरानी) कारों के शौकीनों को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राहत की सांस दी है। एलीज सक्सेना ने विंटेज कार मालिकों और उनके क्रद्दानों मदद करते हुए दिल्ली परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि पंजीकृत विंटेज गाड़ियों पर कोई बलपूर्वक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, इसके साथ एक शर्त भी है कि उन्हें सड़कों पर नहीं चलाया जाना चाहिए या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। भारत में करीब 10,000 पंजीकृत विंटेज कारें हैं। एलजी सक्सेना ने निर्देश दिया है कि वास्तविक विंटेज वाहनों को अब परिवहन विभाग और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा बलपूर्वक कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज निवास के अनुसार, एलजी ने आयुक्त परिवहन और आयुक्त (एमसीडी) से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि उनका प्रवर्तन दस्ता ऐसे वास्तविक वाहनों के मामले में बलपूर्वक कार्रवाई से बचें।

हेरिटेज मोटरिंग क्लब ऑफ इंडिया द्वारा किए गए एक प्रतिनिधित्व पर कार्रवाई करते हुए, जिसमें बताया गया था कि उनके वाहनों को अधिकारियों द्वारा जब्त किया जा रहा है और इस संबंध में स्पष्टीकरण आदेश का अनुरोध करते हुए, एलजी ने अपने सचिवालय को उचित निर्देश जारी करने के लिए कहा था। परिवहन विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली में ऐसे 60,14,493 वाहन हैं। परिवहन विभाग और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की प्रवर्तन टीमें 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को स्क्रैपिंग (कबाड़) के लिए जब्त करती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में अपने आदेश में दिल्ली में ऐसे एंड-ऑफ-लाइफ वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगा दिया था। एलजी ने ड्राइवरों द्वारा सामना किए जा रहे उत्पीड़न पर ध्यान दिया है। नोट में कहा गया है कि विंटेज कार मालिकों को निर्देश दिया गया है कि वे स्क्रैपिंग के लिए वास्तविक विंटेज वाहनों को जब्त न करें। एलजी सचिवालय ने कहा कि ख्श्क्रञ्ज॥ द्वारा 15 जुलाई, 2021 को जारी अधिसूचना में 50 वर्ष या उससे अधिक पुराने वाहनों को विंटेज वाहन के रूप में पंजीकृत करने का प्रावधान किया गया है। अधिसूचना के आधार पर, दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने 2 दिसंबर, 2021 को विंटेज वाहनों के लिए सामान्य श्रृंखला 'डीएलवी ए' आवंटित करने का आदेश दिया। आगे के आदेशों में, विभाग ने विंटेज मोटर वाहन के रूप में पंजीकरण के प्रमाण पत्र के लिए आवेदन और जारी करने की प्रक्रिया के निर्देश दिए। दिल्ली में कई विंटेज कार रैलियां आयोजित की जाती हैं, जिनमें स्टेट्समैन विंटेज और क्लासिक कार रैली और 21 गन सैल्यूट इंटरनेशनल विंटेज कार रैली और कॉन्कोर्स डी एलिगेंस शामिल हैं। पिछले साल, दिल्ली निवासी कलीम खान की 1948 की हंबर हॉक-3 को राज्य सरकार ने अपनी स्क्रैपिंग नीति का हवाला देते हुए जब्त कर लिया था। खान ने अदालत का रुख किया और बाद में दिल्ली उच्च न्यायालय ने कार की जब्ती पर रोक लगा दी। इसने दिल्ली सरकार से विंटेज वाहनों पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। इस साल की शुरुआत ( शेष पृष्ठ 9 )

## शीतकालीन संसद सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक रविवार को

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**संसद का** शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को पारंपरिक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि यह बैठक 24 नवंबर की सुबह संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर बुलाई गई है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा और 20 दिसंबर को समाप्त होगा। संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान सदन या पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सरकार द्वारा सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है ताकि विपक्ष को सरकार के विधाई एजेंडे की जानकारी दी जा सके और साथ ही उन मुद्दों पर चर्चा की जा सके जिन पर राजनीतिक दल संसद में बहस करना चाहते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को 25 नवंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले संसद भवन परिसर में व्यवस्थाओं और सुविधाओं की समीक्षा की। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि बिरला ने लोकसभा कक्ष, गलियारे, लॉबी, प्रतीक्षा कक्ष, मीडिया सुविधाओं और अन्य प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया। बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान संसद भवन परिसर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित ( शेष पृष्ठ 9 )

## साइन बोर्ड लगाएं, गंगा नहाने योग्य नहीं है, एनजीटी का वाराणसी के डीएम को निर्देश

**बिस्वजीत बनर्जी**। वाराणसी

**राष्ट्रीय हरित** अधिकरण (एनजीटी) ने वाराणी में गंगा की स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन की विफलता पर तल्ख टिप्पणी की है। एनजीटी ने स्थानीय प्रशासन को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि नदी के किनारे एक बोर्ड लगाया जाए, जिसमें लिखा हो कि शहर में गंगा का पानी पीने और नहाने लायक नहीं है। एनजीटी गंगा की दो महत्वपूर्ण सहायक नदियों वरुणा और अस्सी के जीर्णोद्धार की धीमी प्रगति के मामले में सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और डॉ. ए. संथिल वेल की अगुवाई वाली पीठ ने वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) एस. राजलिंगम से पूछा कि क्या वाराणसी में गंगा का पानी पीने या नहाने लायक है। जब डीएम चुप रहे, तो ट्रिब्यूनल ने तीखी टिप्पणी की, अगर ऐसा है, तो नदी के किनारे बोर्ड क्यों नहीं लगाए गए कि वाराणसी में गंगा का पानी नहाने या पीने लायक नहीं है। जवाब में डीएम राजलिंगम ने कहा, यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। जबकि जिला मजिस्ट्रेट सरकारी निर्देशों के अनुसार काम करते हैं। डीएम के जवाब से असंतुष्ट पीठ ने उन्हें उनके कार्यालय में निहित काफी शक्तियों की याद दिलाई और उनसे आग्रह किया कि व इस स्थिति के लिए खुद को असहाय महसूस न करें। इसके बाद एनजीटी ने सरकार के वकील को अगली सुनवाई तक अस्सी और



वरुणा की बदहाली की मौजूदा स्थिति और गंगा की स्थिति का विवरण देते हुए 13 दिसंबर तक हलफनामा पेश करने का निर्देश दिया।

हाल के महीनों में यह दूसरी बार है जब एनजीटी ने वाराणसी प्रशासन के कार्यों पर अपना असंतोष व्यक्त किया है। तीन महीने पहले, एनजीटी ने गंगा की बहाली से संबंधित अपने आदेशों का पालन करने में विफल रहने के लिए डीएम पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता सौरभ तिवारी ने इस बात पर जोर डाला कि बार-बार बैठकों और आधिकारिक चर्चाओं के बावजूद, गंगा की सफाई और सहायक नदियों को फिर से बहाल करने के मामले में जमीनी स्तर पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। एनजीटी को बताया गया कि अस्सी और वरुणा नदियों के जीर्णोद्धार का काम धीमी गति से चल रहा है, 40 बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन कोई काम नहीं हुआ है। पीठ ने डीएम राजलिंगम से नवंबर 2022 में वाराणसी में पदभार ग्रहण करने के बाद से उनके द्वारा किए गए कामों और कार्यकाल के दौरान क्या उपाय लागू किए गए हैं। ट्रिब्यूनल ने यह भी कहा कि सहायक नदियों के जीर्णोद्धार का काम एनजीटी द्वारा 2021 में निर्धारित 12 महीने की समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना था। लेकिन 33 महीने से अधिक समय बीत चुका है और स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। सरकार के वकील भंवर पाल जादौन ने गंगा को साफ करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पहल सहित राज्य के प्रयासों का लेखा जोखा पेश किया। हालांकि, पीठ ने स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाया और ठोस कार्रवाई की ( शेष पृष्ठ 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 20 नवंबर, 2024



# उपचुनाव: 14 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज

**4.5 लाख मतदाता डालेंगे वोट, 23 नवंबर को आएगा फैसला**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश की 9 सीटों पर हो रहे उपचुनाव में एक सीट गाजियाबाद सदर भी है। यहां भी बुधवार को वोट डाले जाएंगे। पोलिंग पार्टी चुनाव संपन्न करने के लिए रवाना हो रही है। इस चुनाव में 14 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 4.50 लाख से अधिक मतदाता इन उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे 23 तारीख में मतदान का रिजल्ट आएगा। गाजियाबाद के कमला नेहरू नगर से पोलिंग पार्टी अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रही हैं। गाजियाबाद में बुधवार को वोटिंग है। जिसमें 461360 मतदाता है। जिसमें 254017 पुरुष और 207314 महिला और 29 अन्य हैं। इस बार पहली बार 5449 मतदाता वोट डालेंगे। वोटिंग के लिए कुल 119 मतदान स्थल है, जबकि 506 मतदान स्थल बनाये गए हैं। चुनाव के लिए चार जोनल मजिस्ट्रेट और 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। गाजियाबाद सदर सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक अतुल गर्ग के सांसद बनने के बाद ये सीट खाली हुई थी।

## डीएम सहित अन्य अधिकारियों ने बढ़ाया मतदान कर्मियों का उत्साह

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विधानसभा उप चुनाव के लिए बुधवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा जो शाम पांच बजे तक चलेगा। पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया और उनसे निष्पक्षता के साथ मतदान कराने के लिए प्रोत्साहित किया। डीएम ने मतदान कर्मिकों से वार्ता कर परेशानियों को भी जाना। इस दौरान डीसीपी नगर क्षेत्र, एसीपी कोतवाली सहित पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। पोलिंग पार्टियों को स्थल से ईवीएम मशीन, वीवी पैट सहित मतदान कराने की सामग्री दी गई। हालांकि इस दौरान दर्जनों ईवीएम में तकनीकी समस्या होने पर बदला गया तो कई ईवीएम को मौके पर ही ठीक कर मतदान कर्मिकों को दिया गया। पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए करीब सौ बड़े वाहन लगाए गए हैं। रवानगी स्थल पर कर्मिको समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। किसी को अपनी टीम के सभी सदस्य नहीं मिल पा रहे थे किसी को मतदान किट में सभी सामग्री नहीं मिल पा रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व पति ने महिला के वीडियो वायरल किए

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के मुरादनगर की एक कॉलोनी की रहने वाली एक महिला के पूर्व पति ने अश्लील वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिए। इतना ही नहीं आरोपी ने एडिट करके वीडियो में महिला की बड़ी बहन व भाभी की भी फोटो लगा दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी महिला परिवार सहित रहती है। महिला का अपने पति आदेश से तलाक हो चुका है। महिला का आरोप है कि तलाक के बाद पूर्व पति काफी समय से मेरे भाई के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मेरी फोटो व वीडियो वायरल करता रहता है। पिछले दिनों ने जब इसकी शिकायत साइबर थाने में की तो उन्होंने फर्जी आईडी बंद करा दी। आरोप है कि पिछले दिनों आरोपी ने महिला की अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर वायरल कर दी। वायरल वीडियो में आरोपी ने एडिट करके महिला की बड़ी बहन व भाभी की फोटो लगा दिया। महिला का आरोप है कि वीडियो वायरल होने पर परिवार की काफी बदनामी हो रही है। जिस कारण पूरा परिवार घर से बाहर नहीं निकल पा रहा है। महिला ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी आदेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

### वकीलों की हड़ताल अभी भी जारी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में वकीलों का प्रदर्शन अभी जारी रहेगा, बार एसोसिएशन ने कहा कि हमारी हड़ताल अभी खत्म नहीं हुई है। वकीलों की हड़ताल के चलते कचहरी का काम भी प्रभावित हो रहा है। वहीं वकीलों ने कहा कि जिला जज 10 दिन के अवकाश पर चले गए हैं। वकीलों ने कहा कि जब तक जिला जज अनिल कुमार नहीं हटाए जाएंगे हम धरना प्रदर्शन व आंदोलन करते रहेंगे। जिला जज के निलंबन की भी मां गकी। वकीलों ने अपनी मांगों को लेकर बैनर लगा दिए। दूसरी मांग लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई की मांग रखी।वकीलों पर दर्ज मुकदमे वापस करने की मांग रखी। घायल वकीलों के लिए उचित सहायता की मांग रखी। दोषी पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज की मांग रखी। यह पांच मांग महासम्मेलन में 3 दिन पहले भी रखी गईं। जिला जज की कोर्ट में 31 अक्टूबर को वकीलों पर लाठीचार्ज किया गया था। जिसमें कई सीनियर अधिवक्ताओं को चोट लगी थी।

### नाबालिग ने चाकू से किए 20 वार, मौत

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के सेक्टर-168 के मंगरौली गांव के पास 25 वर्षीय युवक अजीत की चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आज एक नाबालिक को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपी की मृतक की पत्नी से अवैध संबंध थे। जब आरोपी नाबालिग मृतक के साथ था तभी मृतक की पत्नी का वीडियो कॉल आरोपी के पास आया। जब मृतक ने इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने उसके ऊपर चाकू से करीब 20 बार हमला किया तथा उसे धक्का दे दिया। वह वहां लगे बैरियर से जाकर वह टकरा गया,जिसकी वजह से उसका सिर फट गया, और उसकी मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त जो प्रथम राम बदन सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर बाल कल्याण न्यायालय में पेश किया जा रहा है। दस्तावेज के अनुसार उसकी उम्र करीब साढे 15 वर्ष है। देखने में वह 18 वर्ष का लग रहा है। बताया जाता है कि मृतक शराब पीने का आदी था तथा वह शारीरिक रूप से कमजोर था। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि अभी तक इस मामले में मृतक की पत्नी की कोई भूमिका सामने नहीं आई है।

# पाबंदियों के बाद भी एनसीआर की हवा जहरीली

**लोनी का एक्यूआई 500 के पार पहुंचा, वसुंधरा और इंदिरापुरम में हाल बुरा**

**गाजियाबाद और नोएडा में 1 से 12 तक के सभी स्कूल रहे बंद**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में एक्यूआई लेवल बढ़ता जा रहा है। जहां प्रशासन ने कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है।

डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि यह आदेश सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू रहेगा। यदि आदेशों का उलंघन हुआ तो सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे में ऑनलाइन क्लास चलेंगी। प्रदुषण सम्बंधित सभी इकाई बंद कर दी गईं हैं। निर्माण कार्य और डीजल से चलने वाले वाहनों पर प्रतिबंधित किया गया है। 4 दिन पहले ग्रेप 3 लागू किया था। गाजियाबाद में हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। यहां का लोनी इलाके की हवा सबसे अधिक जहरीली हुई है। प्रदेश में गाजियाबाद का एक्यूआई सबसे अधिक है।

मंगलवार सुबह गाजियाबाद का एक्यूआई 471 पहुंच गया। लोनी का एक्यूआई 500 पहुंच गया। वहीं वसुधंरा का एक्यूआई 468 पहुंच गया, इंदिरापुरम का एक्यूआई 638 और संजयनगर का एक्यूआई 479 रहा। देश में गाजियाबाद का लोनी इलाका सबसे अधिक प्रदूषित इलाका है। गाजियाबाद का लोनी इलाका और भी ज्यादा प्रदूषित है, यहां लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी है। गाजियाबाद में ग्रेप 4 लागू है, यहां सभी कंस्ट्रक्शन साइट और डीजल से चलने वाले वाहन और जनरेटर, वाहन को लेकर पाबंदी लागू कर दी गई है। गाजियाबाद में हवा साफ नहीं होती दिख रही।

### स्पेशल संयुक्त टीम करेगी साइट निरीक्षण

**नोएडा।** प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्राधिकरण , प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रशासन और पुलिस विभाग की एक स्पेशल जॉइंट टीम बनाई गई। ये जॉइंट टीम रात में निर्माण साइटों का निरीक्षण करेगी। दरअसल शिकायत मिल रही थी कि रात में चोरी छिपे निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इसके अलावा ये टीम शहर में लोगों को जागरूक करे कि किन-किन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही स्कूलों में सभी प्रकार की आउट डोर एक्टिविटी को बंद करने को गया। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 450 के पार पहुंच गया है। ये लगातार बना हुआ है।

वातावरण में धूल की परत जमा है। पेड़ पौधों की पत्तियों पर इसका नजारा साफ दिख रहा है। ये वातावरण आंख, खासकर अस्थमा के रोगियों के लिए परेशानी भरा है। लोगों की आंखों से पानी तक निकल रहा है।

### पूरे दिन छाई रही धुंध

गाजियाबाद में सुबह हल्की की धुंध छाई रही, रात का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहंचने लगा है। एक तरफ लगातार सर्दी की दस्तक बढ़ती जा रही है। वहीं हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। दीपावली पर एनसीआर में पटाखों से जहरीली हुई हवा अभी भी साफ नहीं हुई है। पिछले 3 दिन की अपेक्षा एनसीआर बढ़ा है, बुधवार तड़के गाजियाबाद का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 20 नवंबर से हृष्टक्रमें तापमान में 2 डिग्री की कमी आनी बताई जा रही है। शहर अलग-अलग इलाकों में अभी भी एक्यूआई 300 के आसपास है। आज सुबह के समय गाजियाबाद का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं दिन में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान है। आज हवा की गति 6 किलोमीटर प्रति घंटा से है। दिन में हल्की धूप के साथ मौसम साफ रहेगा।

### नोएडा में सभी स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा का वातावरण मंगलवार को गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। नोएडा में सेक्टर-62 में एक्यूआई 492 रिकार्ड किया गया। हालांकि सुबह से वातावरण में स्मॉग कुछ कम हुआ है। कोहरे और प्रदूषित कणों के मिलने से वायु प्रदूषण बढ़ गया। ग्रेप-चार लागू होने पर जिले में पाबंदिया बढ़ाई जा रही है। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी श्रेणी के 12वीं तक के स्कूल की सभी कक्षाओं को 23 नवंबर तक ऑनलाइन चलाने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो ऐसे में 50 प्रतिशत स्टॉफ को वर्क फॉर होम दिया जा सकता है। पिछले चार दिनों से प्रदूषण की स्थिति लगातार खराब है। मंगलवार को विजिबिलिटी 400 मीटर से कम रही। आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण और भी बढ़ेगा। नोएडा में एक्यूआई पीएम-2.5 , 492 दर्ज किया गया। हवा नहीं चलने से यहां गैस चैंबर बना हुआ है। वातावरण लगातार गंभीर श्रेणी में है। सेक्टर-125 में एक्यूआई 395, सेक्टर-62 में 492 , सेक्टर-1 में 401 और सेक्टर-116 में 415 रिकार्ड किया गया। धूप निकलने के साथ इसमें थोड़ी कमी आ सकती है।

**ATS INFRABUILD PRIVATE LIMITED**
**REGD. OFF. : 711/92, Deepali, Nehru Place, New Delhi-110019**
**CIN: U45400DL2007PTC168922; Ph. No. 0120-7111500**
**Email: compliances@atsgreens.com**
**ANNEXURE I**
**[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]**

(Amounts in INR Lacs except per share data and ratios)

| S. No. | Particulars | For the Quarter ended 30.09.2024 Unaudited | For the Quarter ended 30.09.2023 Unaudited (Restated) | For the Year ended 31.03.2024 Audited (Restated) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 1,158.94 | 3,469.24 | 13,407.51 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 79.28 | (260.27) | (420.21) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 79.28 | (260.27) | (420.21) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 79.10 | (260.47) | (771.48) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 79.10 | (260.47) | (775.08) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 1.00 | 1.00 | 1.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) | (4,147.96) | (3,868.93) | (4,200.57) |
| 8 | Net worth | (4,146.96) | (3,867.93) | (4,199.57) |
| 9 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 20,787.05 | 16,270.32 | 16,425.32 |
| 10 | Outstanding Redeemable Preference Shares | - | - | - |
| 11 | Debt Equity Ratio * | (0.59) | (0.59) | (0.58) |
| 12 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1. Basic: (in Rs) | 791.05 | (2,604.68) | (7,714.76) |
| | 2. Diluted: (in Rs) | 791.05 | (2,604.68) | (7,714.76) |
| 13 | Capital Redemption Reserve | - | - | - |
| 14 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - |
| 15 | Debt Service Coverage Ratio * | 0.03 | (0.10) | (0.17) |
| 16 | Interest Service Coverage Ratio * | - | (0.70) | (5.42) |
| 17 | Current Ratio | 0.78 | 0.84 | 0.80 |
| 18 | Long Term Debt to Working Capital Ratio | - | - | - |
| 19 | Bad Debt to Accounts Receivable Ratio | - | - | - |
| 20 | Current Liability Ratio | 0.99 | 1.00 | 0.99 |
| 21 | Total Debt to Total Asset Ratio | 0.08 | 0.06 | 0.07 |
| 22 | Debtor Turnover Ratio | 11.23 | 69.94 | 178.29 |
| 23 | Inventory Turnover Ratio | 0.03 | 0.10 | 0.41 |
| 24 | Operating Margin | 6.62% | -8.85% | -4.19% |
| 25 | Net Profit Margin | 6.83% | -7.51% | -5.75% |

**Note:**
a)The above is an extract of the detailed format of quaterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quaterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the listed entity.
b)For the items referred in sub-clauses (a), (b), (d) and (e) of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange(s).
c)# - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.
d)* - The pertinent items need to be disclosed if the said disclosure is required as per Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
e)Previous periods figures have been reclassified wherever considered necessary

For and on behalf of the Board of Directors of
ATS Infrabuild Private Limited

sd/-
Kashinath Jha
Director
DIN:09834435

sd/-
Santosh Kumar
Director
DIN:09835334

Place: Noida
Date: 14.11.2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा सूचित करना है कि भवन संख्या जेड-376बी, सेक्टर-12, नोएडा जिसका मूल आवंटी विजेन्द्र थापा पुत्र श्री खरकवली निवासी जी-114, सेक्टर-20 नोएडा को पंजीकृत मुख्तारनामा जनरल पावर आफ अटार्नी के आधार पर उक्त भवन को विक्रय करने हेतु मुख्तारनामा आम के आधार पर निम्न लिखित व्यक्ति को किया गया है :- विपिन भाटिया पुत्र श्री विजय भाटिया निवासी 17/77, गीता कालोनी ईस्ट दिल्ली दिल्ली-110031 के पक्ष में दिनाक 16.02.2010 को मुख्तारनामा नोएडा (बही नम्बर-4, जिल्द 320 में पृष्ठ 199-212 दस्तावेज संख्या 336) में निष्पादित किया गया था, जिसका इकरारनामा पंजीकृत नहीं किया गया है। अब उक्त सम्पत्ति का अंतरण नितेश चौहान पुत्र श्री गोपाल सिंह चौहान निवासी वाई-11, सेक्टर-12 नोएडा के पक्ष में नोएडा प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दयानंद मिश्रा पुत्र स्वर्गीय श्री एल.एन. मिश्रा निवासी ग्राम गिझौर सेक्टर 53 नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर, यूपी (आधार नं. 9954 0594 9773 और मोबाइल नं. 9313107898), जिनकी मृत्यु 22.04.2018 को हो गई है (मृत्यु प्रमाण पत्र जारी तिथि 15.05.2018)। एक आवासीय लीज होल्ड रिक्त प्लॉट नं. 240, जिसका क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर है। जोकि ब्लॉक-ए,सेक्टर 47 नोएडा गौतमबुद्धनगर में स्थित है। उक्त संपत्ति का स्वामित्व श्री मनीष गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री बाल किशन गुप्ता निवासी मकान नं. 4/1884 गली नं. 4, रामा ब्लॉक, भोला नाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032 को वसीयत के आधार पर किया है। किसी को कोई आपत्ति है तो वह समस्त साक्ष्य सहित नोएडा विकास प्राधिकरण में प्रकाशन से 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**IN THE COURT OF SUB REGISTRAR / JUDICIAL MAGISTRATE 1ST CLASS SRINAGAR**

**CNR No.: JKSG03-007705-2022**
**Date of institution: 14.03.2022**
**Date of Order: 19.10.2024**

**In the case of:**
**Sheikh Aijaz Ahmed** S/o Sheikh Ghulam Hassan, R/o Rose Avenue, Lane 1st, HMT, Srinagar
...**Complainant**

**Versus**

**Anand Mishra,** Managing Director, Imtex Home Appliances Pvt. Ltd., Office No. E-57A Floor, Sector 63, Noida, UP Pin-201 309 (India) **Residential Address:** Anand Mishra, H.No. 930, Gali No. 1, Methapure Extension, Jeithpure, Delhi South, Delhi-110044 India
... **Accused**

**PROCLAMATION FOR APPEARANCE OF ACCUSED IN TERMS OF SECTION 82 (1) CR. P.C.**

Whereas, complaint titled above has been presented and is pending disposal before me wherein it is stated that accused person, namely, **Anand Mishra, Managing Director, Imtex Home appliance, Pvt. Ltd., Office No. E-57A Floor, Sector 63, Noida, Residential Address: Anand Mishra, H.No. 930, Gali No. 1, Methapure Extension, Jeithpure, Delhi South, Delhi 110014** India is alleged to have committed an offence punishable U/S 138/142 of N.I Act against the complainant, named above. Further, the Accused has never appeared before this court since the inception of this complaint; and

Whereas, it has been shown to my satisfaction that the accused person has absconded and is avoiding the process issued by this intentionally.

Henceforth, this Proclamation is once again made against the accused person, named above, and you are as such required to appear before this Court at Srinagar before me to answer the said complaint against you by or before **19.12.2024,** failing which appropriate proceedings under Section 83 of Cr. P.C will be initiated against you.

Given under my hand and seal on today i.e. **19.10.2024.**

**Adnan Manzoor Naqashbandi**
**Sub-Registrar Magistrate 1st Srinagar**

## गाजियाबाद में भाभी-भतीजी की हत्या, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने डबल मर्डर का सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया है कि अगर साढ़े तीन साल की बच्ची नहीं भागती तो उसकी भी हत्या आरोपी कर देता। गाजियाबाद में 18 तारीख को देवर ने अपनी भाभी और 3 महीने की भतीजी की हत्या कर दी थी। हत्या के पीछे जो कारण आए हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। दो महीने पहले भाभी के चचेरे भाई ने आरोपी का कॉलर पड़कर धमकी दी थी और मारपीट की थी। जिससे आरोपी बेइज्जती की आग में जल रहा था। इसके साथ ही आरोपी को दुबई जाना था, जिसके वीजा के लिए 30000 की जरूरत थी। आरोपी को शक था कि उसकी भाभी ने ही भाई से कहकर उसको पैसा नहीं देने दे रही है। गाजियाबाद में डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी ने बताया कि थाना वेव सिटी के गांव बहमेटा में 34 वर्षीय शाहीन परवीन और 3 महीने की आफिया की हत्या कर दी गई थी। शाहीन के देवर जीशान ने इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। हत्या करके आरोपी फरार हो गया था और नोएडा में एक लड़की का फोन छीनकर अपने भाई को बार-बार धमकी दे रहा था कि वह उसकी हत्या कर देगा। डबल मर्डर के पीछे दो कारण निकल कर आए हैं।

एक कारण यह है कि शाहीन के भाई अफरोज ने करीब दो महीना पहले जीशान का कॉलर पकड़कर धमकी दी थी और मारपीट की थी, जिससे जीशान को अपनी बेज्जती महसूस हुई थी।

### पुलिस मुठभेड़ में दो झपटमारों को लगी गोली

**गाजियाबाद।** बीती रात एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय की अगुवाई में साहिबाबाद थाना पुलिस की मुठभेड़ दिल्ली एनसीआर में लूट व स्नेचिंग करने वाले दो बदमाशों से हो गई। रेलवे रोड पर हुई इस मुठभेड़ में पुलिस के द्वारा की गई फायरिंग के दौरान दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। उसके बाद पुलिस ने घायल बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से लूट के मोबाइल बेचकर अर्जित किये गये दस हजार रुपये, दो तमंचे, कारतूस व बाइक बरामद हुई। साथ ही कई वारदातों का खुलासे की बात भी पुलिस ने कही। यह जानकारी देते हुए एसीपी ने बताया कि साहिबाबाद पुलिस जब गश्त पर थी तो रेलवे रोड पर दो बदमाश आते हुए दिखाई दिये।

## किसानों से बात करेंगे सीईओ

**सहमति नहीं बनने पर करेंगे आवास का घेराव, पुलिस अलर्ट**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण पर धरना दिया और प्राधिकरण पर तला लगा दिया। आज किसान दोपहर दो बजे प्राधिकरण सीईओ से बातचीत करेंगे।

यदि बातचीत नहीं होती तो किसान प्राधिकरण के सीईओ के घर का घिराव करने सेक्टर-14ए की तरफ जाएंगे। इसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। प्राधिकरण पर ये धरना भारतीय किसान यूनियन मंच के बैनर तले किया जा रहा है। इससे पहले किसान हाइपावर कमेटी की रिपोर्ट को भी सिरे से नकार चुके है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों का शोषण किया है। उन्होंने कहा नोएडा प्राधिकरण ने भूमि अर्जित करते समय किसानों से किए करार और समझौता को पूरा नहीं किया, भाकियू मंच 81 गांवों के सभी किसानों को उनका हक दिलाकर ही रहेगी। तालाबंदी के दौरान किसानों और पुलिस के बीच काफी नोंकझोंक हुई। उन्होंने सीईओ लोकेश एम से बातचीत करने का प्रस्ताव दिया। लेकिन सीईओ कार्यालय में नहीं थे। इसके बाद किसानों का आक्रोश बढ़ गया।

## न्यू नोएडा को जमीन अधिग्रहण जल्द

**15 गांव की जमीन समझौते से खरीदी जाएगी, सांवली में बनेगा डीएनजीआईआर का कार्यालय**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



209 वर्ग किमी के नए शहर को बसाने के लिए प्राधिकरण ने कवायद शुरू कर दी। इसके लिए ईस्टर्न पैरीफेरल एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है। सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाए। इस गांव में जोखाबाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई।

यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। इसके अलावा जोखाबाद और ग्राम सांवली में ही डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) का अस्थाई कार्यालय बनाया जाए। दरअसल सोमवार को प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने ओएसडी महेंद्र प्रसाद, क्रांति शेखर , महाप्रबंधक लीनू सहगल , डीजीएम विजय रावल के अलावा तहसील दार नोएडा और सिकंदराबाद की राजस्व टीम के साथ अधिसूचित गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें अस्थाई कार्यालय और आपसी समझौते के आधार पर जमीन अधिग्रहण के निर्देश दिए गए। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसे में किसानों के साथ भी आज पहली बैठक की गई। न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा।

# प्रदूषण नियंत्रण उपायों से दिहाड़ी मजदूरों पर संकट

● कहा, प्रतिबंधों के चलते बच्चों के लिए भोजन जुटाना हुआ भारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में कमी लाने के लिए लगाए गए प्रतिबंधों से निर्माण गतिविधियों में शामिल दिहाड़ी मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है।

दिहाड़ी मजदूरों का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण उपाय लागू होने से उन्हें डर है कि उनके लिए अपने बच्चों की खातिर भोजन की व्यवस्था करना मुश्किल हो जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यू) 450 के पार जाने और अत्यधिक गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद प्राधिकारियों ने दिल्ली में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के चौथे चरण के तहत प्रदूषण नियंत्रण उपाय लागू किए हैं, जिनमें निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध शामिल है।

दिहाड़ी मजदूर सुमन (45) कहती हैं, अगर हम घर बैठ जाएंगे, तो हम खाएंगे क्या? हम अपने बच्चों को क्या खिलाएंगे। दो बच्चों की मां सुमन ने सरकारी मदद पाने की उम्मीद में हाल ही में अपने श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण कराया था, लेकिन उनका कहना है कि इससे कोई फायदा नहीं मिला। सुमन ने कहा, हमारे पास सरकारी नौकरी नहीं है कि वेतन मिलता रहेगा। हम दिहाड़ी पर निर्भर हैं, और काम के बिना हमारे पास कुछ भी नहीं है। दिल्ली में मंगलवार को धुंध की मोटी परत छाई रही और एक्यूआई 488 दर्ज किया गया।

निर्माण श्रमिक बाबूराम (63) के मुताबिक, वह पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं और निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध ने उनकी माली हालत और खराब कर दी। बाबूराम पर अपनी पत्नी, बेटे व बहू के भरण-पोषण की जिम्मेदारी है। उनके सिर पर तीन लाख रुपए का कर्ज भी है। बाबूराम ने कहा, मेरे जैसे लोगों के लिए कोई पेंशन नहीं है। लाडली बहना जैसी योजनाएं भ्रष्टाचार से घिरी हुई हैं, बिचौलिए सब कुछ ले लेते हैं और हमें कुछ नहीं मिलता। अगर मैं काम नहीं करूंगा, तो मेरे परिवार के लिए रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध से राजेश कुमार (42) की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। राजेश के मुताबिक, बिहार में उनका परिवार दो वक्त की रोटी के लिए उस पैसे पर निर्भर है, जो वह घर भेजते हैं। राजेश ने कहा, मैंने अभी तक शादी नहीं की है, क्योंकि मुझ पर कई जिम्मेदारियां हैं। मेरी बहन की शादी के लिए मुझे कर्ज लेना पड़ा। मेरे सिर पर छह लाख रुपए का कर्ज है। उन्होंने कहा, यह हर साल होता है। प्रदूषण के कारण दिल्ली बुरी तरह से प्रभावित होती है। सरकार समस्या का समाधान करने के बजाय हम जैसे लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ा देती है।


डीटीसी की हड़ताल के चलते आईटीओ पर यात्री बस का इंजजार करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

## सांस रोगियों के लिए विशेषज्ञों की टीम बनाने का निर्देश

*नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को अपने सभी अस्पतालों को गंभीर वायु प्रदूषण के कारण सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए विशेषज्ञों की विशेष टीम गठित करने का निर्देश दिया है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों से श्वसन संबंधी बीमारियों के दैनिक मामलों की निगरानी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। विभाग ने इनमें बाह्य रोगी (ओपीडी) और आंतरिक रोगी दोनों की जानकारी मांगी है और मामलों की संख्या में किसी भी असामान्य वृद्धि को तुरंत चिह्नित करने को कहा है।सरकार के निर्देश के मुताबिक दैनिक रिपोर्ट सेंटर फॉर आक्यूपेशनल एंड एनवायरमेंटल हेल्थ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गोविंद मावारी के साथ साझा की जाएगी। परामर्श में यह अनिवार्य किया गया है कि अस्पताल श्वसन संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए विशेषज्ञों को नियुक्त करें तथा प्रभावित रोगियों के लिए व्यापक देखभाल सुनिश्चित करें।*

## डीयू और जेएनयू के बाद जामिया में भी 23 तारीख तक ऑनलाइन कक्षाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता अति गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने सभी नामांकित विद्यार्थियों के लिए 23 नवंबर तक ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की है। यह फैसला वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए लिया गया। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 460 दर्ज किया गया, जो अति गंभीर श्रेणी में आता है। अधिसूचना में कहा कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया गया है और 25 नवंबर से नियमित ऑफलाइन कक्षाएं फिर से शुरू होंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने भी सोमवार को प्रदूषण की वजह से क्रमश: 23 नवंबर और 22 नवंबर तक ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया था।

## निर्माण पर रोक से रियल एस्टेट सेक्टर की बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली।** राजधानी क्षेत्र में ग्रैप 4 लागू होने के बाद दिल्ली और एनीसआर में सड़कों, राजमार्गों और पाइपलाइनों समेत सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगने से रियल एस्टेट सेक्टर की चिंता और चुनौतियां बढ़ गई है। हालांकि वायु प्रदूषण की गंभीरता को देखते हुए इस निर्माण पर रोक के फैसले पर सभी की सहमति भी है।

निर्माण पर रोक लगने पर सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन, प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि राजधानी और एनसीआर में प्रदूषण को देखते हुए प्रतिबंध से मुश्किल जरूर हो रही है लेकिन बेहतर पर्यावरण के लिए यह जरूरी है। रियल एस्टेट सेक्टर को अपने कामकाज में सुधार करने की आवश्यकता के तौर पर इसे देखा जाना चाहिए।

रहेजा डेवलपर्स के नयन रहेजा निर्माण प्रतिबंध का समर्थन करते हुए कहा, यह समझना भी जरूरी है कि रियल एस्टेट क्षेत्र कितना प्रदूषण बढ़ा रहा है। प्रदूषण वाले काम को तत्काल बंद कर देना चाहिए वहां हालांकि, प्लंबिंग और अन्य आंतरिक कामों को सावधानी के साथ सुरक्षा उपायों के तहत किया जा सकता है। 360 रियल्टर्स के डायरेक्टर, संजय अरोड़ा कहते हैं कि ग्रैप- के तहत निर्माण पर रोक एक चुनौती हो सकती है, लेकिन यह सरकार की वायु गुणवत्ता सुधारने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम उन नीतियों का समर्थन करते हैं।

# प्रदूषण के खिलाफ आनंद विहार में भाजयुमो का विरोध प्रदर्शन

● वीरेंद्र सचदेवा और हर्ष मल्होत्रा ने मास्क लगाकर सतर्क रहने का दिया संदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के बाद मास्क बांटते भाजपा नेता।

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर मंगलवार को दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आनंद विहार चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने मास्क लगाकर दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण से दिल्लीवासियों को सावधान रहने का संदेश दिया।

आनंद विहार में मंगलवार को एक्यूआई का स्तर 500 से ऊपर था जब युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल-आतिशी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध में स्थानीय विधायक ओमप्रकाश शर्मा भी सम्मलित हुए।

युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन मे शाहदरा जिलाध्यक्ष संजय गोयल और युवा मोर्चा के प्रभारी अभिषेक टंडन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मलित हुए। इस अवसर पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, दिल्लीवासियों के लिए केजरीवाल सरकार बनी काल, दिल्ली में साँसो का है आपातकाल। घर हो या बाहर लोग घुटन महसूस कर रहे हैं गैस के इस चेंबर में बड़े बुजुर्ग और बच्चे सभी साँस की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट को सरकार से या करना पड़ता है कि जब तक अगला आदेश न आ जाए तब तक आप ग्रैप 4 नहीं हटाना है तो इस बात से समझा जा सकता है कि दिल्ली कितनी भयावह स्थिति से गुज़र रही है और दिल्लीवासी कितनी ज़हरीली हवाएँ ले रहे हैं।

उन्होंने कहा, आज दिल्ली 494 के खतरनाक एक्यूआई स्तर के साथ, हर दिन 22 सिगरेट पीने जितनी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। 1.8 करोड़ दिल्लीवासियों की औसत जीवन लगभग 12 साल कम होने का अनुमान है।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि पिछले 10 सालों से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार है और प्रदूषण को लेकर उन्होंने कोई ठोस क़दम नहीं उठाया है जिसके कारण आज दिल्ली साँस लेने में तक़लीफ़ से गुज़र रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ़ कोरी बयानबाजी और झूठे वादे करने का काम केजरीवाल सरकार ने किया है। पहले दिल्ली के प्रदूषण के लिए पंजाब सरकार दोषी हुआ करती थी लेकिन जबसे पंजाब में इनकी सरकार बनी है तब से प्रदूषण कम करने को लेकर दोनों राज्यों के बीच कोई बातचीत नहीं की गई है।

# 11 खातों से 100 करोड़ की ठगी

● चीनी नागरिक गिरफ्तार, दो बार पहले भी जा चुका है जेल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फेंग चेंनजिंग

शाहदरा डिस्ट्रिक की साइबर सेल ने चाइना के नागरिक को शेयर मार्किट की ट्रेडिंग और निवेश के नाम पर ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फेंग चेंनजिंग के रूप में हुई है जो चाइना से वर्क वीजा लेकर भारत आया था और लगातार ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

आंध्र प्रदेश पुलिस ने इसका वीजा भी जब्त किया हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच करके जानने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने अभी तक कितने लोगों को शिकार बनाया है और कितने करोड़ रुपये की ठगी की है। शाहदरा डिस्ट्रिक डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया 24 जुलाई को सुरेश कोलीचियिल अच्युतन ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्हें शेयर मार्किट की ट्रेडिंग और उसमे निवेश के नाम पर ठगा गया है और आरोपी ने उनसे 43.5 लाख रूपये की ठगी की है।

शिकायत के बाद एसीपी गुरुदेव सिंह के नेतृत्व में एसएचओ साइबर मनीष कुमार, इंस्पेक्टर राजीव,हेड कॉस्टेबल सज्जन कुमार और जावेद की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने जांच दौरान पाया दिल्ली के मुंडका में स्थित महालक्ष्मी ट्रेडर्स में धोखाधड़ी के पैसों का लेन-देन हुआ है जिसमे शिकायतकर्ता के 1.25 लाख रुपये हस्तांतरण किए गए थे। जांच में एक फोन पंजीकृत मोबाइल नंबर मिला जो आरोपी फेंग चेंनजिंग तक टीम को ले गया। आरोपी दिल्ली के सफदरजंग इलाके में रह रहा था जिसके पास से एक मोबाईल फोन और व्हाट्सएप चैटिंग सबूत के तौर पर बरामद गयी ,व्हाट्सअप चेटिंग में आरोपी ने अपने सहयोगी को फोन का रिचार्ज करने का निर्देश दिया हुआ है, पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

फेंग चेंनजिंग 2020 में वर्क वीजा लेकर आंध्र प्रदेश के चितूर में एक कंपनी में डाटा केवल मोल्डिंग मशीन इंस्टॉल करने अपने साथी जोंग हुईं के साथ वर्क वीजा पर भारत आया था जिसके ऊपर कंपनी द्वारा मामला दर्ज करवाया गया था। इन दोनों को 7 महीने की जेल हुई थी अपने साथी के साथ तिरुपति जेल में रहा था जिसके बाद यह 2021 में उतर प्रदेश के नोएडा में आकर रहने लगे और 2022 में इसी तरह के मामले में नोएडा एसपी ने गिरफ्तार किया था तब यह दोनों 10 महीने की जेल काटकर बाहर आए थे।

# युद्धस्तर पर हुआ दिल्ली मेट्रो नेटवर्क का विस्तार: आतिशी


मुकुंदपुर डिपो में मेट्रो फेज-4 के लिए आई ट्रेन का निरीक्षण करती सीएम।

● चौथे फेज के तहत बहुत जल्द नए इलाके भी मेट्रो से जुड़ जाएंगे: अरविंद केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार शहर में वर्ल्ड क्लास पब्लिक ट्रांसपोर्ट इंड्रस्ट्रक्चर तैयार करने की दिशा में युद्धस्तर पर काम कर रही है।

इस कड़ी में पिछले 10 सालों में मेट्रो का बड़े स्तर पर विस्तार हुआ है। इस दिशा में मंगलवार को सीएम आतिशी ने मुकुंदपुर डिपो में मेट्रो फेज-4 के लिए आई ट्रेन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नई चालक-रहित ट्रेन अगले कुछ महीनों में मेजेंटा लाइन में शामिल की जाएगी।

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी अपने एक्स(ट्विटर) हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा कि मेट्रो दिल्ली की लाइफ़लाइन है। दिल्ली में पिछले 10 साल में बहुत से इलाकों को मेट्रो से जोड़ा गया है और चौथे फेज के तहत बहुत जल्द नए इलाके भी जुड़ जाएंगे। मेट्रो को लेकर हुए इस शानदार काम के लिए मैं दिल्ली सरकार और सभी दिल्लीवासियों को बधाई देता हूं। सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार युद्धस्तर पर चल रहा है। पिछले 10 सालों में दिल्ली में फ्लाइओवरों, सड़कों का,बसों का युद्धस्तर पर विस्तार हुआ है। दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में एक बहुत बड़ा काम दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विस्तार का हुआ है।

# दिल्ली विधानसभा की बैठक 29 का

● नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल शामिल करने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मौजूदा कार्यकाल का अंतिम सत्र 29 नवंबर से शुरू होगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकरी दी। वहीं नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को पत्र लिखकर सत्तारूढ़ आप से आगामी सत्र में प्रश्नकाल शामिल करने की मांग की। दिल्ली विधानसभा का पांच साल का कार्यकाल 2025 में समाप्त होने जा रहा है।

निर्वाचन आयोग द्वारा दिल्ली में फरवरी 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जल्द ही अधिसूचना जारी किए जाने की उम्मीद है। दिल्ली विधानसभा के बुलेटिन के अनुसार, सातवीं विधानसभा के पांचवें सत्र का तीसरा भाग 29 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा। इसमें कहा गया है कि विधानसभा की बैठक अस्थाई रूप से 29 नवंबर, दो और तीन दिसंबर निर्धारित की गई है। हालांकि कामकाज की आवश्यकता को देखते हुए सदन की बैठक को बढ़ाया जा सकता है।नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को पत्र लिखकर सत्तारूढ़ आप से आगामी सत्र में प्रश्नकाल शामिल करने की मांग की।

उन्होंने कहा, इस वर्ष एक बार भी प्रश्नकाल को शामिल नहीं किया गया है और सदन की बैठक से प्रश्नकाल को बाहर रखना विधायकों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। गुप्ता ने कहा कि आप सरकार ने आगामी शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल के लिए कोई प्रावधान शामिल नहीं किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों के प्रति जवाबदेह हैं।

# जेजे कॉलोनी में लगी आग, 150 झुग्गियां जली

● खुले आसमान के नीचे राहत गुजरातने को विवश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बवाना इलाके में स्थित जेजे कॉलोनी में जब बीती रात सभी सो रहे थे। अचानक से कॉलोनी में आग लग गई। हादसे में डेढ सौ से ज्यादा झुग्गी पूरी तरह से जल गई। आग की लपटें और धुआं काफी दूरी तक देखा गया।

परिवार सामान और अपनों को बचाने के लिये बस कोशिश ही करते नजर आए। लेकिन ज्यादातर लोग अपनी अस्थाई झुग्गी में से कुछ भी निकाल नहीं पाए। जिसने कुछ निकाला तो उसने सिर्फ रखे हुए पैसे और कुछ कागजात। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

अब परिवार अपनी जली झुग्गी की राख में सोना चांदी के गहनों के टूकड़े और उस लोहे के डिब्बे को जिसमें वो रुपये व सिक्के रखते थे, तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अब ठंड का मौसम आ गया है। रात कैसे गुजरेगी, नहीं पता। खुले आसमां के नीचे रात गुजारनी होगी। पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक बीती रात एक बजकर 26 मिनट पर पुलिस को सी ब्लॉक,जे जे कॉलोनी झुग्गी बस्ती, बवाना में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर सिलेंडर ब्लास्ट हो रहे थे और आग पूरी कॉलोनी को अपनी चपेट में ले चुकी थी। परिवार प्लास्टि की बालटियों में पानी भरकर अपने आशियाने को बचाने की कोशिश कर रहे थे।

## कारखाने में लगी आग, कोई घायल नहीं



नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के बवाना में कुर्सी के एक कारखाने में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि बवाना के बी-ब्लॉक में एक कारखाने में सुबह साढ़े पांच बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल विभाग की 22 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तीन मंजिला इमारत में स्थित कुर्सियां बनाने वाले कारखाने में आग लगी थी।

# मेट्रो ने एक दिन में सर्वाधिक लोगों की यात्रा का तोड़ा रिकॉर्ड

● प्रदूषण के चलते 18 नंबर को 78.67 लाख यात्रियो किया सफर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मेट्रो सिर्फ एक सार्वजनिक परिवहन सेवा ही नहीं बल्कि दिल्ली वालों की लाइफलाइन बन चुकी है। अगर लोगों को दिल्ली-एनसीआर में एक-जगह से दूसरी जगह जाना होता है तो वे यात्रा के लिए पहले विकल्प के रूप में मेट्रो का चुनाव करते हैं।

यही वजह है कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने एक दिन में अपने पिछले सर्वाधिक यात्रियों की यात्रा के रिकॉर्ड को तोड़कर एक बार फिर से एक दिन में सर्वाधिक पैसेंजर जर्नी का रिकॉर्ड बनाया है। प्रदूषण के चलते 18 नवंबर को दिल्ली मेट्रो के सभी रूटों को मिलाकर कुल 78.67 लाख यात्रियों ने सफर किया। इससे पहले 20 अगस्त 2024 को मेट्रो ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 77 लाख 49 हजार 682 दर्ज की गई थी लेकिन सोमवार को मेट्रो ने अपने उस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अगस्त से लेकर अब तक अपने यात्री यात्रा रिकॉर्ड को कई बार तोड़ा है, जो यह दर्शाता है कि लोग पर्यावरण अनुकूल सिस्टम को अपना रहे हैं। मेट्रो की लोकप्रियता बढ़ने से न केवल यातायात की समस्या कम होती है, बल्कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण में भी कमी आती है, जिससे शहर और उसके आसपास की हवा की गुणवत्ता में सुधार होता है।

डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि यह आंकड़ा इस वर्ष 20 अगस्त के आंकड़े से भी अधिक है। दिल्ली मेट्रो में 20 अगस्त को 77.49 लाख यात्रियों ने सफर किया था। गुरुग्राम के मिलेनियम सिटी सेंटर को दिल्ली के समयपुर बादली से जोड़ने वाली मेट्रो की एलो लाइन पर 18 नवंबर को रिकॉर्ड संख्या में 20.99 लाख यात्रियों ने सफर किया, जो हर लाइन के मुकाबले सबसे अधिक रहा। मेट्रो की ब्लू लाइन पर 20.80 लाख यात्रियों ने सफर किया, जबकि रेड लाइन पर 8.56 लाख, पिंक लाइन पर 8.15 लाख और वॉयलेट लाइन पर 7.93 लाख यात्रियों ने सफर किया।

आंकड़ों के अनुसार, मजेंटा लाइन पर 6.19 लाख यात्रियों ने सफर किया। इसके बाद ग्रीन लाइन पर 4.12 लाख, एयरपोर्ट लाइन पर 81,985, रैपिड मेट्रो पर 57,701 और ग्रे लाइन पर 50,128 यात्रियों ने सफर किया। दिल्ली में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी घनी धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 488 दर्ज किया गया, जो बेहद गंभीर श्रेणी में है। राजधानी में व्याप्त इस स्थिति के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ट्रेन सप्ताह के दिनों में 60 अतिरिक्त फेरे लगा रही हैं। डीएमआरसी ने बताया कि इस वर्ष अगस्त के बाद से अब तक 25 बार ऐसा हुआ है जब मेट्रों में सबसे ज्यादा यात्रियों ने सफर किया है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि जितने अधिक लोग निजी वाहनों की अपेक्षा मेट्रो का विकल्प चुनेंगे तो इससे वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में उतनी ही अधिक कमी होगा और दिल्ली एवं इसके आसपास के क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी।

दयाल के अनुसार, डीएमआरसी ने यात्रियों के लिए यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कई उपाय भी किए हैं। इन उपायों के तहत यात्री विभिन्न डिजिटल मंचों के माध्यम से एक या एक से अधिक बार यात्रा करने के लिए टिकट बुक कर सकेंगे, जिससे उन्हें स्टेशन पर टिकट के लिए कतार में खड़े होने की जरुरत नहीं होगी। इसके जरिए यात्री किसी भी समय और कहीं भी यात्रा की योजना भी बना सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनबीसीसी ने मनाया 65वां स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** एनबीसीसी ने भारत मंडपम में अपना 65वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कॉफी टेबल बुक अभ्युदय अविन्या का विमोचन किया, जिसका अर्थ है नवीन नवोन्मेष, जो एनबीसीसी द्वारा नई दिल्ली के नौरोजी नगर को वलर्ड ट्रेड सेंटर में रूपांतरित करने की यात्रा को रेखांकित करता है। खट्टर ने कंपनी की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए राष्ट्र के अवसंरचना विकास में एनबीसीसी के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्माण क्षेत्र न केवल रोजगार प्रदान करता है बल्कि विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और एनबीसीसी इस विजन को पूरा करने में योगदान दे रहा है। श्रीनिवास कटिकिथला, (सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय) ने जिक्र किया कि किस प्रकार एनबीसीसी ने निर्माण क्षेत्र में अन्य संगठनों द्वारा उत्पन्न की गई कुछ बाजार त्रुटियों को ठीक करने की ओर कदम बढ़ाया है।

### मॉल की चौथी मंजिल से कूद कर छात्र ने दी जान

**नई दिल्ली।** द्वारका डिस्ट्रिक्ट के द्वारका सेक्टर-14 स्थित वेगास मॉल की चौथी मंजिल से एक सेकंड ईयर के स्टूडेंट ने छलांग लगा दी। घायल स्टूडेंट को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अंशुल मीना (19) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस खुदकुशी के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से अंशुल जगतपुरा खातीपुरा जयपुर राजस्थान के रहने वाले थे। वह नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में बीटेक के स्टूडेंट थे और हॉस्टल में रहते थे। अंशुल के पिता एयर इंडिया में इंजीनियर हैं, जो जयपुर में तैनात हैं। जबकि मां टीचर है। पुलिस सूत्रों की मानें तो अंशुल इकलौते थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार रविवार दोपहर 1.40 बजे पुलिस को सूचना मिली कि वेगास मॉल से एक लड़का कूद गया है। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आपसी रंजिश में युवक को चाकू गोदा, पकड़ा


**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में हत्या की कोशिश की वारदात में शामिल आरोपी सागर उर्फ बाबू को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी तीन वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 23 अक्तूबर को पीड़ित लोकेश अपने दोस्त अभिषेक के साथ चड्डा होटल के पास से गुजर रहा था, तभी आरोपी सागर उर्फ बाबू और उसका साथी सनी पहले से ही उनका इंतजार कर रहे थे, जो किसी पूर्व रंजिश के चलते उन्हें मारने की नीयत से उनका इंतजार कर रहे थे। सागर और सनी ने पीड़ितों को बीच रास्ते में रोक लिया और जब सनी ने लोकेश को रोका तो सागर ने उसे जान से मारने की नीयत से बेरहमी से चाकू मार दिया।

# बेघरों का घर पाने का सपना शीघ्र होगा पूरा

## पीएम आवास 2.0 लांच, नगर निगम क्षेत्र के बेघर लोगों के लिए जल्द शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

- देश में कहीं भी आशियाना नहीं होने पर मिलेगा लाभ
- योजना के आवेदन का आधार कार्ड उसके मोबाइल से होना चाहिए लिंक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग।

शहरी क्षेत्र के बेघर लोगों को आशियाना उपलब्ध करवाने की केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना पीएम आवास 2.0 लांच होने के साथ ही बेघरों का घर का सपना जल्द पूरा होगा। नगर निगम क्षेत्र के बेघर लोगों के लिए जल्द ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जाएंगे।

नगर निगम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग के मुताबिक शहर में घर की चाहत रखने वालों के लिए यह अच्छी खबर है। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना पार्ट-2 लांच कर दी है। इसके लिए जल्द ही आवेदन मांगे जाएंगे। विशेष बात यह है कि इस योजना में केवल बीपीएल ही नहीं, बल्कि अन्य मध्यम वर्गीय परिवार भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए केन्द्र सरकार की ओर से प्रदेश के सभी नगर निगमों को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि केन्द्र सरकार की पीएम आवास योजना पार्ट-2 के लिए कुछ मापदंड भी निर्धारित किए गए हैं। इसके अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एमआईजी) परिवार, जिनके पास देश में कहीं भी अपना कोई पक्का मकान नहीं है, वे पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत घर खरीदने या निर्माण करने के पात्र होंगे। देश में कहीं भी आशियाना नहीं होने पर योजना का लाभ मिलेगा।

निगमायुक्त ने बताया कि योजना के लिए आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किया जाएगा। मकान की चाहत रखने वाले पात्र व्यक्ति केन्द्र सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करेंगे। जल्द ही पोर्टल शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार आवेदन करने वाले व्यक्ति के परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड मोबाइल से लिंक होना अनिवार्य है। लिंक ना होने की स्थिति में ओटीपी नहीं आएगा तथा आवेदन मान्य नहीं होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के बाद नगर निगम की टीम धरातल पर जाकर सत्यापन करेगी। यदि आवेदन के समय दी गई जानकारी सत्यापन के दौरान गलत पाई जाती है, तो आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। योजना के तहत चार घटकों अर्थात बीएलसी, एएचपी, एआरएच तथा आईएसएस के माध्यम से लाभ मिलेगा।

# वर्क फ्रॉम होम के लिए एडवाइजरी जारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में एडवाइजरी जारी की गई है। जिला उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला गुरुग्राम के सभी निजी संस्थानों और कॉर्पोरेट कार्यालयों को सलाह दी जाती है कि वे अपने कर्मचारियों को 20 नवंबर 2024 से अगले आदेश तक घर से काम करने के लिए निर्देशित करें। ऐसा करके क्षेत्र में वायु गुणवत्ता को बनाए रखने और सुधारने के उद्देश्य से जीआरएपी उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता करें।

गौरतलब है कि वातावरण में फैली धुंध के चलते दृश्यता अत्यंत कम हो गई है, जिसके कारण ट्रेन और उड़ानें भी प्रभावित हो रही हैं। यह सब प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण ही हो रहा है। राजधानी दिल्ली व एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के चलते सुप्रीम कोर्ट ने ग्रैप नियमों को सख्ती से लागू करने के भी निर्देश दिए हैं ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। एक दिन पहले ही हरियाणा सरकार ने वायु प्रदूषण के मद्देनजर उपायुक्तों को सरकारी और निजी स्कूलों में प्रत्यक्ष कक्षाएं बंद करने के लिए अधिकृत किया था। स्कूल शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी एक पत्र में यह अनुमति दी गई। पत्र में कहा गया था कि उपायुक्त सरकारी और निजी स्कूलों में 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए प्रत्यक्ष कक्षाएं स्थगित कर सकते हैं और ऑनलाइन कक्षाओं के लिए निर्देश जारी कर सकते हैं। इसमें कहा गया है, जब तक वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हो जाता, मूल्यांकन में संबंधित जिलों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक स्तर को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

### घर से काम करेंगे 50 फीसदी कर्मचारी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए ग्रैप के चौथे चरण को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देशों के अनुसार एनसीआर क्षेत्र की राज्य सरकार एवं जीएनसीटीडी सार्वजनिक, नगरपालिका और निजी कार्यालयों को 50 प्रतिशत क्षमता पर काम करने और बाकी को घर से काम करने की अनुमति देने पर निर्णय ले सकती हैं। इसी क्रम में डीसी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद के सभी निजी संस्थानों और कॉर्पोरेट कार्यालयों को अपने कर्मचारियों को आज 20 नवंबर से अगले आदेश तक घर से काम करने के लिए निर्देशित देने के लिए एडवाईजरी जारी की है। डीसी ने कहा कि वे ऐसा करके क्षेत्र में वायु गुणवत्ता को बनाए रखने और सुधार के उद्देश्य से ग्रैप उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायता करने में अपना योगदान दें।



एमएम पब्लिक स्कूल में क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

# माडूमल टीम ने 130 रनों से जीत पहला मैच

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एमएम पब्लिक स्कूल सेक्टर- 4 में लाला माडूमल के जन्म दिवस व विद्यालय के 57वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार से शुभारंभ हो गया। यह टूर्नामेंट 19 नवंबर से 2 दिसंबर 2004 तक चलेगा। शुभारंभ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

टूर्नामेंट के शुभारंभ पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश रविंद्र जैन, एससी गोयल, एसके बंसल, महेंद्र सिंगल, राजेश मित्तल, विद्यालय के अध्यक्ष देवेश गुप्ता, विद्यालय सचिव मनोज गुप्ता, विद्यालय प्रधानाचार्या स्वाति खंडेलवाल व फूलवती सैनी, सभी क्रिकेट टीमों के कोच, खिलाड़ी, शिक्षक व बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

14 दिवसीय इस टूर्नामेंट में 40 टीमें ने भाग ले रही हैं, जिसमें 32 टीमें लड़कों की तथा 8 टीमें लड़कियों की हैं। मंगलवार को विद्यालय में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अंडर 14 माडूमल क्रिकेट टीम वर्सेज सेंट पॉल क्रिकेट टीम के बीच मैच से हुआ। जिसमें माडूमल क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लबाजी करने का निर्णय लिया। माडूमल क्रिकेट टीम ने 10 ओवर में दो विकेट पर 159 रन बनाये। सेंट पॉल टीम केवल 29 रन ही बना सकी। माडूमल क्रिकेट टीम ने 130 रनों से मैच जीतकर धांसू शुरुआत की। टूर्नामेंट का दूसरा मैच अंडर-19 माडूमल क्रिकेट टीम वर्सेज रोजलैंड क्रिकेट टीम के मध्य खेला जाएगा।

# सीएम ने नौकरी देने का अपना वचन निभायाः कमल

**गुरुग्राम।** भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 1 लाख 20 हजार युवाओं की नौकरी पक्की करके अपना वचन निभाया है। यादव ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह डंके की चोट पर पूरा करके दिखाती है। भाजपा अपने संकल्प पत्र को संकल्प के साथ पूरा करेगी। जिला अध्यक्ष ने युवाओं की नौकरी पक्की करने और अन्य छह विधेयक पास कराने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा सरकार का आभार जताया और कर्मचारियों को बधाई दी।

कमल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव किए हर वर्ग का विकास कर रही है। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जो वादे किए थे, उन्हें वे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1 लाख 20 हजार संविदा कर्मचारियों को पक्का करने के साथ साथ मुख्यमंत्री ने एक्सटेंशन लेक्चरर की नौकरी सुरक्षित करने के लिए सदन में विधेयक पास करा दिया है।

# इंदिरा की नीतियों से देश आर्थिक रूप से मजबूत हुआः डावर

- प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में निर्णायक जीत हासिल की
- पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कांग्रेस भवन में उन्हें दी गई श्रद्धांजलि


वरिष्ठ नेता पंकज डावर के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मंगलवार को यहां कमान सराय स्थित कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता पंकज डावर के नेतृत्व में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सूबे सिंह यादव, पवन चौधरी, हरकेश प्रधान, महेश वशिष्ठ, रविराज उजीनवाल, सुनीता तोमर, खेमचंद किरार, ओमप्रकाश खरेरा, राम दास, सुभाष सपड़ा, अमित बोहत, मनोज आहुजा, प्रदीप दहिया समेत काफी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि इंदिरा गांधी जी ऑक्सफोर्ड से वर्ष 1941 में भारत वापस आईं और स्वतन्त्रता आन्दोलन में शामिल हो गयीं। 1950 के दशक में वे अपने पिता पंडित जवाहर लाल नेहरू के भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान गैर सरकारी तौर पर एक निजी सहायक के रूप में उनके साथ सेवा में रहीं। पिता की मृत्यु के बाद वर्ष 1964 में उनकी नियुक्ति एक राज्यसभा सदस्य के रूप में हुई। इसके बाद वे लालबहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना और प्रसारण मत्री बनीं।

पंकज डावर ने कहा कि लालबहादुर शास्त्री के आकस्मिक निधन के बाद तत्कालीन कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष के. कामराज इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बनाने में निर्णायक रहे। इंदिरा गांधी ने शीघ्र ही चुनाव जीतने के साथ-साथ जनप्रियता के माध्यम से विरोधियों को परास्त किया। उनकी देश में आर्थिक नीतियों और उत्पादकता को बढ़ावा देने से देश आर्थिक रूप से मजबूत हुआ। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध में भी एक निर्णायक जीत हासिल की। पंडित जवाहर लाल नेहरू एवं कमला नेहरू की इकलौती संतान इंदिरा गांधी के जन्म के समय महात्मा गांधी के नेतृत्व में पंडित जवाहरलाल नेहरू का प्रवेश स्वतन्त्रता आन्दोलन में हुआ।

# सड़कों के निर्माण के साथ नई सीवर व पेयजल लाइनें बिछाने की मांग

- पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी ने नगर निगम के एक्सईएन को सौंपा मांग पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


एक्सईएन को मांग पत्र सौंपते मंगतराम बागड़ी।

वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी ने नगर निगम डिवीजन-6 के एक्सईएन को मांग पत्र सौंपा। इस पत्र में उन्होंने मांग की है कि लक्ष्मण विहार की गलियों के निर्माण, अन्य क्षेत्रों में अधिक क्षमता की नई सीवर लाइनें, पेयजल लाइनें डलवाने तथा सड़कों का निर्माण कराए जाने की मांग की।

पूर्व पार्षद ने एक्सईएन को सौंपे मांग पत्र में उल्लेख किया है कि नगर निगम वार्ड-10 (नया वार्ड-33) अंतर्गत लक्ष्मण विहार फेस-1 की गली नंबर-171 के नागरिकों ने अपने खर्चे से गली में सीवर और पेयजल लाइनें डलवाने का काम किया था। ये लाइनें काफी पुरानी हो चुकी हैं। इस समय क्षतिग्रस्त हैं, इसलिए जनहित में नई सीवर और पेयजल लाइनें डलवाने के साथ गलियों का निर्माण शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। पूर्व पार्षद ने कहा कि लक्ष्मण विहार में समय पर सीवर लाइनें सफाई न होने कारण जाम ही रहती हैं। इसके कारण सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जनहित में निवेदन है कि लक्ष्मण विहार की करीब 300 गलियों की सीवर लाइनों की सफाई मशीनों के माध्यम से शीघ्र कराई जाए। पूर्व पार्षद ने एक्सईएन को यह भी अवगत कराया कि लक्ष्मण विहार में काफी गलियों का पक्का निर्माण अब तक संभव नहीं हो सका है। गली नंबर-194/बी के साथ करीब आधा दर्जन से अधिक गलियों का निर्माण कराया जाए।

# ऋषभ त्यागी ने मूट कोर्ट प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**गुरुग्राम।** प्रतिष्ठित 37वीं बार काउंसिल ऑफ इंडिया राष्ट्रीय अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय मूट कोर्ट प्रतियोगिता गुजरात के गांधीनगर स्थित कर्णावती विश्वविद्यालय के यूनाइटेड वर्ल्ड स्कूल ऑफ लॉ (यूडब्ल्यूएसएल) में संपन्न हुई।

इस तीन दिवसीय इस आयोजन में भारत भर के प्रमुख विश्वविद्यालयों से 64 टीमों ने हिस्सा लिया। यह महत्वाकांक्षी कानूनी पेशेवरों के लिए अपने वकालत कौशल और कानूनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने का एक मंच था। इस आयोजन में गुरुग्राम की स्टारेक्स यूनिवर्सिटी के 3 कानून के विद्यार्थियों में ऋषभ त्यागी भी शामिल रहे। रेल मंत्रालय सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट प्रवीण त्यागी के बेटे ऋषभ त्यागी के साथ रोहित यादव, चंचल शर्मा का इस प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण भूमिका रही। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के वर्तमान चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश उज्जल भूयन ने उन्हें कम्पीटीशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# सहकारिता दिवस पर विकास व नई योजनाओं की लगेगी भव्य प्रदर्शनी

- गुरुग्राम में होगा सहकारिता सप्ताह का समापन सीएम होंगे मुख्य अतिथि
- लेजर वैली में 21 नवंबर को होगा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा में चल रहे राज्य स्तरीय 71 वें सहकारिता सप्ताह का समापन समारोह 21 नवंबर को गुरुग्राम के लेजर वैली मैदान में लगाए जा रहे विशाल पांडाल में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर इस भव्य समारोह को संबोधित करेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा द्वारा की जाएगी।

राज्य स्तरीय सहकारिता समारोह की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय सभागार में उपायुक्त अजय कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने बताया कि एडीसी हितेश कुमार मीणा कार्यक्रम के ओवरऑल इंचार्ज रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी डीसीपी मयंक गुप्ता की रहेगी। सहकारिता सप्ताह के समापन समारोह में प्रदेश भर से करीब दस हजार सहकार आएंगे। जिनके बैठने की व्यवस्था को सोहना के एसडीएम होशियार सिंह संभालेंगे। उनके लिए जलपान की उचित व्यवस्था की जाएगी। जिला परिषद के सीईओ जगनिवास की देखरेख में फूड पैकेट्स बंटवाए जाएंगे। मंच के समीप ही मुख्यमंत्री व गणमान्य अतिथिगण के लिए एक अलग से वीआईपी लाउंज बनाया जाएगा।

समारोह स्थल पर सहकारिता क्षेत्र के विकास एवं नई योजनाओं की एक शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। पटौदी के एसडीएम दिनेश लुहाच इस प्रदर्शनी की जिम्मेदारी संभालेंगे। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि मुख्य मंच के साथ ही एक सांस्कृतिक मंच बनाया जाएगा, जिस पर प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। विभागीय अधिकारियों तथा मीडियाकर्मियों के बैठने के लिए मंच के सामने दो सेक्टर बनाए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार


कार्यक्रम में बोलतीं राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्या सुमन राणा।

### बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाकर बनाएं शिक्षितः सुमन

**गुरुग्राम।** हरियाणा बाल संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्या सुमन राणा ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने बच्चों की भलाई के लिए अनेक कार्यक्रम शुरू किए हुए हैं। सरकार ने बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का भी अधिकार दिया हुआ है। बाल संरक्षण अधिकार आयोग द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत सुमन राणा सेक्टर-12 स्थित झुग्गी बस्ती में बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार सहित सभी परिवार के बच्चों से आठवीं कक्षा तक कोई फीस नहीं ली जाती। नौवीं से बारहवीं कक्षा तक भी मामूली शुल्क लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही मानव जीवन का उत्थान संभव है। सुमन राणा ने बताया कि 18 साल या इससे कम आयु के बालक या बालिका के साथ कोई दुराचार की घटना होती है तो दोषी व्यक्ति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को रोजाना नहला-धुला कर साफ कपड़े पहनाएं। छोटे बच्चों से मजदूरी करवाना या भीख मंगवाना कानूनी जुर्म है। इस अवसर पर जुवनाइल बोर्ड के सदस्य रंजीत सिंह, प्रदीप कुमार, मुकेश देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

### मित्तल दम्पति को 'जन सेवकअवार्ड' से किया सम्मानित



**पलवल।** माँ भारती रक्तवाहिनी संस्था द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रदेश भर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओ, रक्तदाताओ को सम्मानित करने लिए प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह सोनीपत के जी वी एम गर्ल्स कालेज में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मां भारती रक्तवाहिनी संस्था के अध्यक्ष विपिन कुमार गौड़ एवं सचिव प्रेम गौतम ने किया। कार्यक्रम में सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डा. पूर्णमल गौड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से रक्तदान एवं आमजन के लिए सेवा कार्य करने वाले विभिन्न प्रदेश भर की विभिन्न समाज सेवकों, रक्तदानियों, समाजिक संस्थाओ आदि को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य की रक्तदान सेवा की उपसमिति के सदस्य एवं पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल और सह संयोजक अल्पना मित्तल द्वारा रक्तदान- अंगदान के क्षेत्र में दिये गये विशेष योगदान एवं वर्तमान में समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए 'जन सेवक अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

# कौशल विश्वविद्यालय देश का गौरवः जयंत

- यूनीवर्सिटी का छठा स्थापना दिवस समारोह आयोजित
- कुलपति डॉ. नेहरू और कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने किए 8 एमओयू पर हस्ताक्षर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को सम्मानित करते कुलपति डॉ. राज नेहरू।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय देश का गौरव है। युवाओं को कौशल के बूते सपने देखना सिखा रहा है। बृज क्षेत्र में यह शिक्षा का ऐसा प्रतिमान है, जो पूरे देश में प्रेरणा बन गया है। इस विश्वविद्यालय ने सिखाया कि शिक्षा पद्धति से सामार्थ्य विकसित किया जा सकता है।

वह मंगलवार को विश्वविद्यालय के छठे स्थापना दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। यहां पहुंचने पर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने उनका भव्य स्वागत किया। बंचारी के नगाड़ों के साथ मुख्यातिथि का अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर कुलपति डॉ. राज नेहरू की उपस्थिति में कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने 8 इंडस्ट्री पार्टनर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कॉन्सेंट्रिक्स की ओर से 34 लाख रुपए की स्कॉलरशिप का चेक भी सौंपा गया। चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय देश में कौशल शिक्षा का आदर्श है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा किए गए नवाचार पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय को कुलपति डॉ. राज नेहरू के जुनून ने खड़ा किया है। युवाओं को शिक्षा के लिए बड़ा अवसर है।

कुलपति ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए कौशल सबसे सशक्त माध्यम है। हमने देश को उच्च शिक्षा में कौशल शिक्षा का मॉडल दिया है। आज देश के कई राज्य श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मॉडल का अनुसरण कर रहे हैं। हमने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के जरिए नवाचार का एक इको सिस्टम तैयार किया है। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय देश के विकास में भूमिका निभाने के लिए कुशल मानवीय संसाधन तैयार कर रहा है। 82 प्रतिशत प्लेसमेंट और 50 से भी ज्यादा प्रोग्राम विश्वविद्यालय की प्रगति ओ द्योतक हैं।

अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने अतिथियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश अग्रवाल, आईजीयू के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव, जीजेयू के कुलपति प्रोफेसर एन आर बिश्नोई, जे सी बॉस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसके तोमर, चौ. रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. रणपाल सिंह, कांचीपुरम यूनिवर्सिटी के वीसी जी श्री निवासु, आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की वीसी प्रो. सुजाता शाही, उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ, उद्योपति गौरव जैन, सीईओ एस के बॉस, डॉ. करण बरार, एचपीएससी के पूर्व सदस्य हरेंद्र सिंह राणा और छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. कुलवंत सिंह भी उपस्थित थे।

# पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने में सरकार विफलः अशोक

- वर्क फ्रॉम होम तथा स्कूलों को बंद करके खुद को बचाती है सरकार
- पर्यावरण में सुधार के स्थायी समाधान खोजने के लिए काम न करने का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


अशोक बुवानीवाला।

पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने में सरकार हमेशा ही विफल रही है। पर्यावरण की स्थिति पर जनता को नियमों में बांधना इसका समाधान नहीं है। इसके स्थायी समाधान खोजने होंगे। वर्क फ्रॉम होम और स्कूलों को बंद करके सरकार सिर्फ अपनी खाल बचा रही है। यह कहना है अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला का।

प्रदेश में बिगड़ी पर्यावरण की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हर साल खराब होता पर्यावरण सरकार ही विफलता है। सरकार पूरे साल इस पर काम नहीं करती।

कभी पराली तो कभी वाहनों को जिम्मेदार ठहराकर किसानों, आम जनता को पर्यावरण प्रदूषण का कारण बता दिया जाता है। सरकार ने पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए जो उपाय किए हैं वह गैर जरूरी और सही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हर साल इन दिनों में यह समस्या सामने आ रही है। सरकार को चाहिए कि वह इस समस्या के मूल कारणों में जाकर उसका वैज्ञानिक और व्यवहारिक समाधान तलाशना चाहिए।

## जी-20 सम्मेलन

### महत्वपूर्ण अवसर

**प्रधानमंत्री** जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रियो डी जेनेरियो में हैं, जो विश्व नेताओं के लिए दुनिया की बेहतरी के लिए सामूहिक निर्णय लेने और मानवता के सामने आने वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए सबसे बड़े मंचों में से एक है। 19वें जी20 शिखर सम्मेलन में दुनिया के नेता कुछ सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक साथ आए हैं। ब्राज़ील द्वारा आयोजित, इस वर्ष का शिखर सम्मेलन भारत की सफल अध्यक्षता पर आधारित है, जिसने अफ्रीकी संघ को एक स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करके और यूक्रेन संघर्ष जैसे विभाजनकारी मुद्दों पर आम सहमति बनाकर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है। शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित प्रमुख नेता शामिल होंगे। ब्राज़ील में, मोदी ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी20 ट्रोइका के सदस्य के रूप में शिखर सम्मेलन में भाग लेते हैं, जो वैश्विक विमर्श को आकार देने में भारत के निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। शिखर सम्मेलन का एजेंडा व्यापक है, जो आज दुनिया के सामने मौजूद बहुआयामी चुनौतियों को दर्शाता है। आर्थिक सुधार एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता बनी हुई है क्योंकि राष्ट्र कोविड-19 महामारी और वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के प्रभावों से जूझ रहे हैं। चर्चा में मुद्रास्फीति, ऋण संकट और सतत विकास के लिए वित्तपोषण जैसे मुद्दे हावी रहने की संभावना है। साथ ही, जलवायु कार्रवाई केंद्र में होगी, जिसमें जलवायु वित्तपोषण को बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा में संक्रमण को तेज करने और पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को



प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भू-राजनीतिक परिदृश्य, विशेष रूप से चल रहा यूक्रेन संघर्ष एक और केंद्र बिंदु है। जबकि यह मुद्दा विभाजनकारी बना हुआ है, नेता वैश्विक खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर इसके प्रभावों को कम करने के लिए आम जमीन तलाशने की कोशिश करेंगे।

शिखर सम्मेलन में विकास अंतराल को पाटने में प्रौद्योगिकी की भूमिका का पता लगाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग और डिजिटल सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर देने की भी संभावना है। भारत के लिए, शिखर सम्मेलन वैश्विक मंच पर अपने नेतृत्व को मजबूत करने का एक अवसर है। जी 20 ट्रोइका के हिस्से के रूप में, मोदी भारत के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के दृष्टिकोण को सामने लाते हैं, और अधिक समावेशिता और सहयोग की वकालत करते हैं। जो बिडेन और शी जिनपिंग जैसे नेताओं के साथ उनकी बातचीत से व्यापार, रक्षा साझेदारी और प्रौद्योगिकी साझाकरण जैसे प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने की उम्मीद है, जिससे भारत की द्विपक्षीय और बहुपक्षीय भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। पिछले साल भारत की अध्यक्षता ने वैश्विक दक्षिण का प्रतिनिधित्व करने के महत्व पर जोर दिया, एक ऐसा विषय जिसे ब्राजील द्वारा जारी रखने की उम्मीद है। न्यायसंगत विकास पर यह ध्यान अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों के साथ प्रतिध्वनित होता है, जो अधिक संतुलित वैश्विक शासन प्रणाली की आवश्यकता को रेखांकित करता है। भारत और प्रधान मंत्री मोदी के लिए, यह देश के बढ़ते प्रभाव और वैश्विक समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का एक क्षण है, जो बहुपक्षीय सहयोग के भविष्य के लिए स्वर निर्धारित करता है। यह सार्थक परिवर्तन लाने के लिए एक बड़ा अवसर है, आशा है कि इसे बर्बाद नहीं किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के नये आयाम

रणनीतिक योजनाओं को लागू करने के लिए सक्रिय नेतृत्व महत्वपूर्ण है, जबकि आतंकवाद के मामलों को अधिक प्रभावी ढंग से संभालने के लिए त्वरित न्यायिक सुधारों की आवश्यकता है।



**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक, रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



**जम्मू** और कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों की लहर ने, नई राज्य सरकार के गठन के बाद, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर चिंताओं को फिर से जगा दिया है। संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ती हिंसा से चिह्नित ये घटनाएं, आतंकवादी रणनीतियों में एक परेशान करने वाले विकास को उजागर करती हैं। यह पुनरुत्थान कई कारकों में निहित है, जिनमें से प्रत्येक स्थिति की जटिलताओं को प्रकट करता है। सबसे पहले, हमलों का उद्देश्य यह संकेत देना है कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और क्षेत्र को स्थिर करने के केंद्र सरकार के प्रयासों के बावजूद, जम्मू और कश्मीर अस्थिर बना हुआ है। दूसरे, जम्मू के विशाल वन क्षेत्र आतंकवादियों के लिए एक आश्रय स्थल बन गए हैं, जो गुरिल्ला युद्ध के लिए प्राकृतिक कवर प्रदान करते हैं और सुरक्षा बलों को बाधित करते हैं। तीसरे, कश्मीर में बेहतर कानून और व्यवस्था ने उग्रवादियों का ध्यान जम्मू की ओर स्थानांतरित कर दिया है, जहाँ कमजोरियों का फायदा उठाया जा रहा है। चौथा, जबकि आतंकवादी गतिविधियां अस्थायी रूप से कम हो गई थीं, उग्रवाद का फिर से उभरना गहरी जड़ें जमाए हुए खतरों की निरंतरता को रेखांकित करता है।

अंत में, सफल विधानसभा चुनावों और उमर अब्दुल्ला की सरकार के गठन के बावजूद, क्षेत्र लगातार हमलों से जूझ रहा है। जम्मू और कश्मीर की स्थिति पश्चिम एशिया में व्यापक घटनाक्रमों से मेल खाती है। हाल की घटनाओं, जैसे कि लाल सागर में ईरान समर्थित हौथी समूहों द्वारा एक इजरायली जहाज को निशाना बनाना और उसके बाद यमन में हौथी ठिकानों पर इजरायल, यूके और अमेरिका द्वारा जवाबी हमले, ने क्षेत्रीय तनाव को बढ़ा दिया है। हौथियों का समर्थन करने में हमास और हिजबुल्लाह की भागीदारी आतंकवादी गठबंधनों के खतरनाक अभिसरण को रेखांकित करती है। आईआरजीसी जनरल सैय्यद रजी मौसवी और हमास के उप नेता सालेह-अल-अरौरी जैसे प्रमुख लोगों की हत्या ने अस्थिरता को बढ़ा दिया है, जबकि हौथी नेता अब्दुल-मलिक अल-हौथी की आक्रामक रणनीतियों ने हमलों को तेज कर दिया है।

इन चिंताओं में 3 जनवरी, 2024 को दक्षिणी ईरान के करमन में हुए दोहरे विस्फोट शामिल हैं, जिसमें 85 से ज़्यादा लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए। यह हिंसा लेबनान और सीरिया तक फैल गई है, जहाँ आतंकी नेटवर्क पहले सना, यमन जैसे स्थानों का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विस्फोटक लगाने के लिए करते रहे हैं। इन घटनाओं से दो महत्वपूर्ण रुझान सामने आए हैं- अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की बढ़ती संभावना और वैश्विक व्यापार मार्गों और अर्थव्यवस्थाओं में आतंकी अभियानों का विस्तार। आधुनिक आतंकवादी नेटवर्क लक्ष्य और समय चुनने में सटीकता के लिए एक अस्थिर क्षमता प्रदर्शित करते हैं। वैश्विक आतंकवाद का जारी रहना कोई नई बात नहीं है। ओक्लाहोमा सिटी बम विस्फोट से लेकर टोक्यो सबवे गैस हमले तक, जिसमें 200 से ज़्यादा लोगों की जान चली गई, जिसमें 12 लोग मारे गए और हज़ारों लोग अस्पताल में भर्ती हुए, दुखद घटनाएं इसके विनाशकारी इतिहास को उजागर करती हैं।

श्रीलंका में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम के लंबे समय से चल रहे विद्रोह जैसे अन्य उदाहरणों ने गंभीर हताहतों और नुकसानों को जन्म दिया है। दुनिया भर के राष्ट्र - चाहे वह रूस हो, स्पेन हो, ब्रिटेन हो, इटली हो, इजरायल हो या चीन हो - आतंकवादी हिंसा के निरंतर खतरे का सामना कर रहे हैं।

> जबकि आतंकवादी गतिविधियां अस्थायी रूप से कम हो गई थीं, उग्रवाद का फिर से उभरना गहरी जड़ें जमाए हुए खतरों की निरंतरता को रेखांकित करता है। सफल विधानसभा चुनावों और उमर अब्दुल्ला की सरकार के गठन के बावजूद, क्षेत्र लगातार हमलों से जूझ रहा है। जम्मू और कश्मीर की स्थिति पश्चिम एशिया में व्यापक घटनाक्रमों से मेल खाती है।

सामाजिक असमानताएं, वैश्विक आर्थिक असमानताएं और ऐतिहासिक शिकायतें चरमपंथ को बढ़ावा देने वाली स्थितियों में योगदान करती हैं। शीत युद्ध के बाद की वैश्विक व्यवस्था, जो प्रमुख राष्ट्रों की शक्ति गतिशीलता द्वारा आकार लेती है, ने इन तनावों को और बढ़ा दिया है। उदाहरण के लिए, पश्चिम एशिया में अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा स्थापित शक्ति नेटवर्क ने कई क्षेत्रों में प्रतिरोध को बढ़ावा दिया है, जिससे संघर्ष और दुश्मनी और गहरी हुई है।

एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में, एक क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ दूसरे क्षेत्र की परिस्थितियों को प्रभावित करती हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिकायतों के लिए उपजाऊ ज़मीन तैयार होती है। उन्नत हथियारों और परिवहन नेटवर्क के तेज़ी से प्रसार ने आतंकवादी गतिविधियों के विस्तार को और भी आसान बना दिया है। आत्मघाती दस्तों और अन्य आधुनिक आतंकवादी रणनीतियों ने सुरक्षा तंत्र को हिलाकर रख दिया है। आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी के रूप में रोमांटिक बनाने वाली कहानियों को खारिज करना और इन नेटवर्क को खत्म करने के लिए स्थानीय समुदायों और कानून प्रवर्तन के बीच सहयोग को बढ़ावा देना ज़रूरी है।

तकनीकी विशेषज्ञता और ज़मीनी जानकारी को एकीकृत करने वाला एक विविध दृष्टिकोण ज़रूरी है। सुरक्षा कर्मियों के लिए उभरते खतरों का अनुमान लगाने और उनका जवाब देने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें कार्रवाई योग्य रणनीति बनाने के लिए प्रमुख घटनाओं के विस्तृत विश्लेषण से शुरुआत की जानी चाहिए। आतंकवादी संचार को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए उन्नत संचार नेटवर्क स्थापित किए जाने चाहिए, जबकि मजबूत स्थानीय स्रोतों द्वारा समर्थित बढ़ी हुई खुफिया जानकारी जुटाना कार्रवाई योग्य जानकारी उत्पन्न करने के लिए आवश्यक है। गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक में निवेश, साथ ही आतंकवाद विरोधी रणनीति में विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करना, उभरते खतरों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है।


अभिनव समाधान विकसित करने के लिए समर्पित थिंक टैंक बनाए जाने चाहिए, तथा पुलिस, खुफिया और सैन्य कर्मियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। रणनीतिक योजनाओं को लागू करने के लिए सुरक्षा अधिकारियों के बीच सक्रिय नेतृत्व महत्वपूर्ण है, जबकि आतंकवाद के मामलों को अधिक प्रभावी ढंग से संभालने के लिए त्वरित न्यायिक सुधारों की आवश्यकता है। इन उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ होना चाहिए। आतंकवाद का मुकाबला करने में जन जागरूकता और जमीनी स्तर पर समर्थन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थानीय अंतर्दृष्टि को सुरक्षा उपायों को सूचित करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे प्रासंगिक रूप से उपयुक्त और प्रभावी हैं। अंततः, आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए समन्वित वैश्विक प्रयास की प्रबल आवश्यकता है।

राष्ट्रों को इस व्यापक खतरे से निपटने के लिए खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए, रणनीतियों को संरेखित करना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। समय की कमी है, क्योंकि आधुनिक आतंकवादी लगातार अपनी रणनीति को बदलते रहते हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले अंतर्निहित सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक कारकों को संबोधित किए बिना, प्रयास केवल सतही राहत प्रदान करेंगे।

# क्लाउड सीडिंग, नगरीकरण और वैश्विक तापन

> “शहरी जीवन को प्रभावित करने वाली जलवायु चुनौतियों के बीच, क्लाउड सीडिंग जैसे नवीन दृष्टिकोण बेहतर भविष्य के लिए आशाजनक समाधान प्रस्तुत करते हैं।”

**रचना लखपती**
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)



**ग्लो**बल वार्मिंग और प्रदूषण का असर शहरी जीवन को बदल रहा है, जो कभी जीवंत शहरों को कमतर रहने लायक जगहों में बदल रहा है। पूरी दुनिया में, शहरी परिदृश्य, खास तौर पर भारत में, कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो रहे हैं, जहां जीवित रहने के लिए संघर्ष अक्सर एक कठिन चुनौती जैसा दिखता है। कभी संस्कृति के एक शानदार उदाहरण और आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में देखे जाने वाले दिल्ली और मुंबई में अब, त्तु स्कोर लगभग चौंका देने वाला लगता है।

प्रदूषकों से भरी, हानिकारक हवा एक पर्यावरणीय चिंता में बदल गई है, जिससे निवासियों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। और श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं। क्या ये शहर रहने लायक नहीं रह गए हैं? दिल्ली में, प्रदूषण का स्तर अक्सर गंभीर श्रेणी में आता है, जिसमें एक्यूआई रीडिंग अक्सर 400 से अधिक होती है।

परिणाम भयानक हैं। बच्चे केवल अंशकालिक रूप से स्कूल जाते हैं। बुजुर्ग व्यक्ति घर के अंदर सीमित रहते हैं, और अस्पताल अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों के मामलों से भरे पड़े हैं। मुंबई में, दमनकारी आर्द्रता स्थिति को और भी बदतर बना देती है, जो पहले से ही प्रदूषित हवा को 20 मिलियन की आबादी के लिए खतरनाक मिश्रण में बदल देती है। आर्थिक विकास विभिन्न सुविधाओं और निजी वाहनों के पारंपरिक उपयोग को चुनौती देता है- हालांकि विकास समृद्धि को बढ़ावा देता है, लेकिन यह महत्वपूर्ण खर्चों के साथ आता है। कारखानों और वाहनों के साथ-साथ, निर्माण स्थल सकल घरेलू उत्पाद में योगदान करते हैं; हालाँकि, वे शहरों को खतरनाक वातावरण में भी बदल देते हैं।



बीमारियों के मामलों में खतरनाक वृद्धि हमें एक कठिन वास्तविकता का सामना करने के लिए मजबूर करती है- क्या प्रगति की लागत आबादी के स्वास्थ्य और कल्याण की कीमत पर आती है? अब, क्लाउड सीडिंग आती है, जो इस भयावह परिदृश्य में एक गेम चेंजर है। वर्षा को प्रोत्साहित करने के लिए वातावरण में सिल्वर आयोडाइड या नमक जैसे कणों को पेश करने की प्रथा को क्लाउड सीडिंग के माध्यम से हवा को शुद्ध करने और जल संसाधनों को फिर से भरने की इसकी क्षमता के लिए सराहा जा सकता है। इस प्रकार, यह वास्तव में वह गुण हो सकता है जो शहरों के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करने में सहायता करता है- प्रदूषण और पानी की कमी। चीन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश इस तकनीक की खोज कर रहे हैं, जबकि भारत ने गंभीर सूखे के दौरान इसे बीच-बीच में लागू किया है। फिर भी, प्रदूषण को कम करने के साधन के रूप में इसका उपयोग काफी हद तक अज्ञात है। क्या भारत में बढ़ते वायु गुणवत्ता संकट का समाधान क्लाउड सीडिंग है?

कुछ लोग तर्क देते हैं कि क्लाउड सीडिंग कोई असाधारण समाधान नहीं है। यह भारी कीमत के साथ आता है, और पर्यावरण पर दीर्घकालिक प्रभाव अनिश्चित हैं। वास्तव में जो मायने रखता है वह यह है कि प्रदूषण को उसके स्रोत पर संबोधित करना - औद्योगिक उत्सर्जन को कम करना, सतत शहरी विकास को बढ़ावा देना, और स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ना - प्राथमिक लक्ष्य बना हुआ है। चूंकि दिल्ली जैसे शहर जहरीली हवा के बोझ तले संघर्ष करते हैं और दम तोड़ते हैं, इसलिए क्लाउड सीडिंग जैसे ये अल्पकालिक उपाय क्षणिक लेकिन महत्वपूर्ण राहत प्रदान कर सकते हैं। शहरी विकास से संबंधित संपूर्ण बातचीत में पूर्ण परिवर्तन की आवश्यकता है।

उन्नति स्थानीय आबादी की भलाई को खतरे में नहीं डालनी चाहिए। सत्ता में बैठे लोगों के लिए सतत प्रथाओं को बढ़ावा देना और प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंध प्राप्त करने के लिए कठोर प्रदूषण नियंत्रण लागू करना आवश्यक है। दांव कभी इतना ऊंचा नहीं रहा। हमारे सामने विकल्प स्पष्ट है: ऐसे रास्ते पर चलते रहें जो हमारे शहरों का दम घोंटता है या शहरी स्थानों में फिर से जान फूंकने के लिए नवाचार और स्थिरता को अपनाएँ। लाखों लोगों का भविष्य हमारे आज के निर्णयों पर निर्भर करता है।

शहरीकरण, ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के बीच के अंतरसंबंध में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। क्लाउड सीडिंग जैसे अल्पकालिक समाधान राहत दे सकते हैं, लेकिन सच्ची प्रगति के लिए प्रणालीगत बदलाव की आवश्यकता होती है—उत्सर्जन पर अंकुश लगाना, स्वच्छ ऊर्जा अपनाना और सतत शहरी विकास को प्राथमिकता देना। हमारे शहरों का भविष्य और लाखों लोगों की भलाई आज लिए गए निर्णायक, दूरदर्शी उपायों पर निर्भर करती है।

## आप की बात

### शिक्षा की यह कैसी व्यवस्था?

**वर्तमान** दौर में शिक्षा को बड़ावा देने के लिए, जन जन तक शिक्षा पहुंचे इसके लिए कारगर कदम सरकार द्वारा उठाए जाते है। समाज को शिक्षित कर नए नए नवाचार किए जाते हैं। परन्तु शिक्षा के क्षेत्र में कतिपय शिक्षकों द्वारा भाड़े के शिक्षक रखकर शर्मनाक पहलु से रूबरू कराया। विडंबना है की लाखों रूपयो को पानी की तरह बहाया जा रहा है , और शिक्षा मापदंड इस तरह दम तोड़ते नज़र आ रहे हैं। सुर्खियों में सागर के भाड़े पर गुरु रखने वाले 5 शिक्षकों को और 3 जनशिक्षको को निलंबित कर दिया। चालीस हजार से अस्सी हजार प्रतिमाह वेतन पाने वाले शिक्षकों ने तीन हजार रूपए प्रतिमाह पर भाड़े के शिक्षक रखकर शिक्षा विभाग का तो सर शर्म से झुकाया , परन्तु शिक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार पद प्रतिष्ठा गरिमा को भी दाव पर लगाया । शिक्षक पद की गरिमा को धूमिल किया। शिक्षा और समाज के इन दानवों को कठौर से कठौर सजा का प्रावधान जरूरी है। इन्हे सिर्फ सस्पेंड कर देने तक से काम नहीं चलेगा , इन्हे हमेशा हमेशा के लिए सेवा मुक्त करने की ज़रूरत है। साथ ही सलाखों के पीछे लाने की ज़रूरत है। लोगों को रोजगार नहीं मिलता , और इन्हे सरकारी नौकरी मिली , तो इतना दूर उपयोग। इस तरह के शिक्षा व्यवस्था से तो छात्रों का भविष्य अंधकार मय ही होना है। संबंधित विभाग संज्ञान में लेते हुए सख्त और सूक्ष्म जांच पड़ताल करे। देश भर में राज्यों को निर्देशित करे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### दरभंगा एम्स का निर्माण

**बेहतर** चिकित्सा सुविधा के उद्देश्य एवं सुदूर क्षेत्र के लोगों की परेशानी को देखते हुए सरकार ने दरभंगा एम्स की परिकल्पना की और अंतत यह फैसला हुआ की दरभंगा में एम्स के निर्माण से लोगों की परेशानी कम होगी। जो लोग पटना या बड़े क्षेत्र शहर की ओर रुख करते थे इलाज के लिए अब उन्हें नजदीक ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाया जाए। तय हुआ कि दरभंगा के शोभन में एम्स का निर्माण होगा। सबसे पहले एम्स की बुनियाद 1956 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान 1956 के तहत स्थापित किया गया था मूल रूप से इसे कोलकाता में स्थापित करने का प्रस्ताव था लेकिन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री विधान चंद्र राय के इनकार करने के बाद इस नई दिल्ली में स्थापित किया गया था अभी तक भारत में 25 एम्स कॉलेज प्रस्तावित है / निर्माधीन है 20 एम्स कॉलेज पूरी तरीके से तैयार है दरभंगा आयुर्विज्ञान संस्थान 188 एकड़ मे एवं 1264 करोड़ की लागत से निर्मातहीन है जिसकी नींव 13 नवंबर 2024 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखा गया अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन स्वायत्त से संचालित होती है दरभंगा एम्स के बन जाने से मिथिलांचल , कोसी और तिरहुत क्षेत्र के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय नेपाल क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा।

– **संजय कुमार,** लालगंज, चंदवारा, वैशाली

### कूटनीतिक जीत

**खेल** और राजनीति की सीमाएं अलग-अलग है लेकिन दोनों में शह और मात की समानता है। पाकिस्तान में आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का भी यही हाल है।जहां भारत ने पाकिस्तान में खेलने से मना कर दिया है वहीं ट्रॉफी के दौरे से गुलाम कश्मीर को बाहर करवा कर भारत ने कूटनीतिक जीत भी हासिल की है। लगातार पाकिस्तान पर भारत का बढ़ता दबाव सरकार की सफल विदेश नीति का ही प्रभाव है। जम्मू कश्मीर सीमा पर घुसपैठ, आतंकी हमले, निर्दोष नागरिकों की हत्या जैसे कारनामें पाकिस्तान की शान में कसीदे हैं। खेल क्षेत्र में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों का व्यवहार किसी से छुपा नहीं है। इन तमाम हरकतों का जवाब देने के लिए भारत का इंतजार वाजिब था। जैसे ही चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैच पाकिस्तान में तय हुए भारत ने मौके पर चौका लगा कर पहले खेल का बहिष्कार फिर ट्रॉफी के दौरे से विवादित कश्मीर का मार्ग बदलवाया जो भारत की कुटनीतिक जीत कही जा सकती है। भारत के इन दोनों कदमों से पाकिस्तान की दुनियां में थू-थू हुई है।आईसीसी ने भी ट्रॉफी के दौरे को बदलकर इस बात को और पुख्ता किया है कि विवादित कश्मीर पाकिस्तान का अधिकृत हिस्सा नहीं है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### वैज्ञानिकों को महत्व दें

**जब** हमारी क्रिकेट टीम हारती है या किसी सुपर स्टार को अदालत सजा देती है तो हमारी संवेदना इनके साथ होती है। लेकिन भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में फंस गई हैं तो उनके प्रति हमारी संवेदना दिखाई नहीं पड़ रही है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि कोविड के समय अन्य शहर में फंस जाने पर कैसी बेचैनी होती थी। सुनीता ऑक्सीजन रहित स्थान पर फंसी हुई हैं। क्रिकेटर को भारत रत्न से सम्मानित करने वाले हमारे देश ने कोविड से लड़ने वाले वायरोलॉजिस्ट, पल्मोनोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञों में से किसी को भारत रत्न देने का नहीं सोचा। हम विज्ञान, वैज्ञानिकों, आविष्कारकों, ऑर्गन ट्रांसप्लांट विशेषज्ञों और अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों को पद्म पुरस्कार देने में भी कंजूसी और कोताही दिखाते हैं। क्योंकि विज्ञान और वैज्ञानिकों के लिए हमारे मन में उचित सम्मान, महत्व तथा संवेदना नहीं है, इसीलिए अमेरिका, यूरोप और चीन आदि से हम इन क्षेत्रों में पिछड़े हुए हैं। भारतीयों ने इन क्षेत्रों में कुछ किया भी है तो विदेशी भूमि पर। अतः विज्ञान और वैज्ञानिकों के प्रति हमें सम्मान और संवेदना रखनी चाहिए।

– **ललित दुबे**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# दिसंबर 2026 में देश को मिलेगा पहली नाइट सफारी का उपहार: सीएम योगी

● लखनऊ में तैयार होगी देश की पहली और विश्व की पांचवीं नाइट सफारी

● कुकरैल में लगभग 900 एकड़ से अधिक क्षेत्र में होगा फैलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दिसंबर 2026 में उत्तर प्रदेश देश को पहली नाइट सफारी का उपहार देगा। राजधानी लखनऊ में बनने जा रही यह नाइट सफारी देश और दुनिया के प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नया गंतव्य होगा। यह दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी। मुख्यमंत्री के समक्ष मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य हर हाल में जून 2026 तक पूरा कर लिया जाए। नाइट सफारी व जू के लिए वन्य जीवों के लाने की समुचित व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाए। नाइट सफारी व जू की इकोनामी के लिए सस्टेनेबल मॉडल विकसित किया जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 72 फीसदी एरिया में ग्रीनरी विकसित की जाए और यहां सौर ऊर्जा को प्रकल्पों को भी स्थान दिया जाए। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है नाइट सफारी मुख्यमंत्री ने कहा कि नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसके निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में दिसंबर 2026 में देश को पहली नाइट सफारी का उपहार मिल जाएगा। नाइट व डे सफारी का निर्माण चरणबद्ध रूप से होगा। लखनऊ में यह लगभग 900 एकड़ से अधिक में फैली होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण हो जाने के पश्चात यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आ जाने के फलस्वरूप विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना को लखनऊ स्थित अन्य पर्यटन स्थलों से भी जोड़ा जाएगा। नाइट सफारी के 72 फीसदी एरिया को ग्रीनरी में विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व क्वारंटीन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत ईको टूरिज्म जोन भी विकसित किया जाएगा। सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को स्थान दिया जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि यहां क्वारंटीन सेंटर, वेटनरी हॉस्पिटल, पोस्ट ऑपरेशन व ऑपरेशन थियेटर की भी समुचित व्यवस्था हो। यहां कैफेटेरिया, 7 डी थियेटर, ऑडिटोरियम, पार्किंग आदि की भी सुविधा हो।



## अंत्योदय से सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता व सुशासन को समर्पित होगा वर्ष 2025: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्ष 2025 अत्यंत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। यह वर्ष धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाना है, तो यह लौहपुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती का भी वर्ष है। एक ओर जहां हम संविधान अंगीकार करने का अमृत महोत्सव मनाएंगे, वहीं लोकतंत्र की हत्या 'आपातकाल' के 50 वर्ष पूरे होने पर लोगों को जागरूक भी किया जाना है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती भी इसी वर्ष मनाई जाएगी। 2025 का यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष है तो इसी वर्ष हमें जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य भी पूरा करना है। यह पूरा वर्ष अंत्योदय से सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता और सुशासन की परिकल्पना को समर्पित होगा।

## नाइट-डे सफारी की होंगी ये विशेषताएं

- ●नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रे, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंट की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे।
- ●पर्यटकों द्वारा नाइट सफारी पार्क के अवलोकन हेतु 5.5 किमी. ट्रामवे तथा 1.92 किमी. का पाथवे माध्यम से किया जाएगा
- ●नाइट सफारी में मुख्यत: एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेंदुआ, हॉयना आदि मुख्य आकर्षण होंगे
- ●कुकरैल नााइट सफारी परियोजना के अंतर्गत विश्व स्तरीय वन्य जीव चिकित्सालय व रेस्क्यू सेंटर का निर्माण भी प्रस्तावित है
- ●कुकरैल वन क्षेत्र में स्थापित होने वाले जू में कुल 63 इनक्लोजर बनाए जाएंगे
- ●जू में सारस क्रेन, स्वांप डियर, हिमालयन भालू, साउथ अफ्रीकन जिराफ, अफ्रीकन लॉयन व चिंपाजी मुख्य आकर्षण होंगे
- ●जू को अफ्रीकन सवाना, इनक्रेडिबल इंडिया, इंजीनियर्ड वेटलैंड नामक थीम क्षेत्रों पर विकसित किया जाएगा

# यूपी में पांच दिन में योगी ने की 13 रैलियां व दो रोड शो

● निशाने पर रहे माफिया और मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्यमंत्री ने अखिलेश को भी दिखाया आईना

**लखनऊ।** चुनाव की घोषणा के बाद यूपी में पांच दिन में 13 रैली, दो रोड शो कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव की जमीन सींची। पहले विकास, फिर संवाद के फार्मूले को तय कर योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव में भी जीतोड़ मेहनत की। मिशन-9 के तहत गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवां, फूलपुर की जीत बरकरार रखने के साथ अन्य सीटों पर कमल खिलाने को योगी ने कार्तिक व मार्गशीर्ष (अगहन मास) में भी खूब पसीना बहाया। माफिया व मल्लिकार्जुन खड़गे उनके निशाने पर रहे तो अखिलेश यादव की नीति व नीयत पर भी योगी ने निशाना साधते हुए उन्हें आईना दिखाया। उप्र उपचुनाव की रैलियों में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्य रैलियों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही माफिया भी योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रहे। योगी ने मतदाताओं से साफ-साफ कहा कि माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश की भांति अन्य राज्यों में भी माफिया हटाने में वे सरकार का साथ दें। माफिया हटाना है और विकास के लिए फिर कमल खिलाना है। योगी की यह अपील काफी कारगर साबित हो रही है। यूपी में माफिया की दुर्गति देख मतदाता योगी के आह्वान के साथ उपचुनाव व आम चुनाव में फिर कमल खिलाने के लिए जुट गए हैं। गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवा व फूलपुर से भाजपा-सहयोगी दलों के विधायकों के सांसद बनने के बाद यह सीटें रिक्त हो गईं।

# नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव आज

● कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों क्रमश: मीरापुर, कुन्दरकी, गाजियाबाद, खैर, करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी एवं मझवां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव बुधवार 20 नवम्बर को होगा। मतदान प्रात: 7 बजे से शुरू होकर सायं 5 बजे तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव हेतु व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन में कुल मतदाताओं की संख्या 3435974 है जिसमें 1846846 पुरूष, 1588967 महिला तथा 161 थर्ड जेंडर है। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद तथा सबसे कम मतदाता सीसामऊ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 9 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 90 प्रत्याशी मैदान में हैं, 11 महिला प्रत्याशी हैं। विधान सभा उप निर्वाचन में सबसे अधिक 14 अभ्यर्थी गाजियाबाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं तथा सबसे कम अभ्यर्थी खैर (अ.जा.) एवं सीसामऊ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं, जहां 5-5 अभ्यर्थी हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उप निर्वाचन में कुल 1917 मतदान केंद्रों के 3718 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) पर मतदान होगा। इन मतदेय स्थलों में 1237 क्रिटिकल हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 9 सामान्य प्रेक्षक, 5 पुलिस प्रेक्षक तथा 9 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 350 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 56 जोनल मजिस्ट्रेट, 60 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 745 माइको ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। 843 भारी वाहन, 762 हल्के वाहन तथा 16318 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। चुनाव में मतदान के लिए 5151 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 5171 बैलट यूनिट तथा 5524 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गयी है। 1994 मतदेय स्थल पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है, पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त 434 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। कुल 74 आदर्श मतदेय स्थल, 10 समस्त महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 07 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल तथा 06 समस्त दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 5.00 बजे उपस्थित रहेंगे, उन मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा।

# उपचुनाव में धनबल और बाहुबल की भरमार

**लखनऊ।** उप्र इलेक्शन वॉच और एसो. फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के 9 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 90 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया है। यह प्रत्याशी गाजियाबाद, करहल, खैर, कुन्दरकी, मझवां, मीरापुर, फूलपुर, सिसमाऊ, और कटेहरी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे है। उप्र विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 90 में से 29 (32 फीसदी) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं जब कि 27फीसदी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए है। उपचुनाव 2024 के चुनाव में अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाये तो सपा के 9 में से 4 (44 फीसदी), बसपा के 9 में से 2 (22 फीसदी), आज़ाद समाज पार्टी (काशीराम) 8 में से 4 (50 फीसदी), भाजपा के 8 में से 6 (75 फीसदी), उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं। उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलों में बसपा के 22 फीसदी, भाजपा के 50 फीसदी, सपा के 33 फीसदी, आज़ाद समाज पार्टी (काशीराम) 38 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। आपराधिक मामलों में रामवीर सिंह जो मुरादाबाद के कुंदरकी से भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ रहे है उनके ऊपर सर्वाधिक 6 आपराधिक मामले दर्ज है, दूसरे नम्बर पर आपराधिक छवि के उम्मीदवार में मोहम्मद रिजवान हैं जो कुंदरकी से समजवादी पार्टी के उम्मीदवार है इनके ऊपर 3 आपराधिक मामले दर्ज़ है वही तीसरे नंबर पर दीपक तिवारी जो बहुजन समाज पार्टी से मझवां के उम्मीदवार है जिनके ऊपर 5 आपराधिक मामले पंजीकृत है। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर के मुख्य संयोजक संजय सिंह ने बताया की विधानसभा उपचुनाव 2024 के करोडपति उम्मीदवारों में 90 में से 43 यानी 48 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिसमे बसपा के 9 में से 8 (89 फीसदी), समाजवादी पार्टी के 9 में से 8 (89 फीसदी), भाजपा के 8 में से 7 (88), आज़ाद समाज पार्टी (काशीराम) 8 में से 5 (63 फीसदी), उम्मीदवार करोड़पति हैं। उपचुनाव 2024 के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3 .76 करोड़ है। उपचुनाव के प्रत्याशियों में मझवां से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे सुचिस्मिता मौर्य हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 50 करोड़ के आसपास है। सुम्बुल राना, मीरापुर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। जिनकी संपत्ति 40 करोड़ के लगभग है। वही सपा के गाजियाबाद सीट से सिंह राज जाटव चुनाव लड़ रहे हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 29 करोड के आसपास हैं। उपचुनाव 2024 के 90 में से 33 (37 फीसदी), उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है. जबकि 49 (54 फीसदी), उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित की हैं। 1 उम्मीदवार ने शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की है। 5 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर तथा 2 उमीदवार ने अपनी शैक्षिक असाक्षर घोषित की है। उम्मीदवारों की आयु की बात करे तो 90 में से 36 (40 फीसदी), उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 44 (49फीसदी), उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है।

# उर्वरक की कालाबाजारी रोकें, जमाखोरों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई: शाही

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में मंगलवार को पूर्वान्ह विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में भारत सरकार द्वारा प्रदेश को प्रेषित की जा रही डीएपी उर्वरक के संबंध में संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक), उप्र एवं उर्वरक विनिर्माता/ प्रदायकर्ता संस्था के प्रतिनिधियों के साथ गहन समीक्षा की गयी है।



सर्वप्रथम माह नवम्बर, 2024 हेतु भारत सरकार द्वारा आवंटन के सापेक्ष कम्पनीवार डीएपी उर्वरक आपूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई. जिसमें आवंटन के सापेक्ष प्रोराटा प्लान के अनुसार मैसर्स एनएफएल द्वारा 117 प्रतिशत, मेसर्स आरसीएफ द्वारा 58 प्रतिशत, मेसर्स इफको द्वारा 90 प्रतिशत, मेसर्स कृभको द्वारा 13 प्रतिशत, मेसर्स कोरोमण्डल द्वारा 67 प्रतिशत, मेसर्स हिण्डाल्को द्वारा 124 प्रतिशत, मेसर्स चम्बल द्वारा 36 प्रतिशत, मेसर्स पीपीएल द्वारा 63 प्रतिशत, मेसर्स आईपीएल द्वारा 64 प्रतिशत एवं मेसर्स एचयूआरएल द्वारा 91त्न मात्रा की आपूर्ति की गई है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा 127 फास्फटिक उर्वरकों की रैंक डिस्पैच की गई है, जिसमें से 86 रैक पहुंच चुकी हैं तथा शेष 41 फास्फेटिक रैक रास्ते में है, जिनके आगामी 2 से 3 दिन के भीतर अपने गन्तव्य तक पहुँचने की सम्भावना है। कृषि मंत्री द्वारा उक्त उर्वरक आपूर्ति प्रक्रिया को सुचारू रूप से आवंटन के सापेक्ष शत-प्रतिशत आपूर्ति करने हेतु बैठक में उपस्थित संस्था प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उर्वरक कम्पनियों द्वारा उर्वरकों की आपूर्ति थोक उर्वरक विक्रेताओं को किये जाने तथा थोक उर्वरक विक्रेताओं द्वारा फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक पहुँचाने की प्रक्रिया में किसी प्रकार से विलम्ब न किया जाए।

## नेता विरोधी दल ने की निष्पक्ष मतदान कराने की मांग

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर नेता विरोधी दल उत्तर प्रदेश विधानसभा माता प्रसाद पांडे ने बरेली के एडीजी जोन से मिलकर पुलिस द्वारा कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में प्रशासकीय पद का दुरुपयोग किए जाने की शिकायत की। डीएम, एसपी, रिटर्निंग ऑफिसर से मिलकर सत्ता के दबाव में पक्षपात पूर्ण कार्रवाई का विरोध किया तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की मांग की। जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुलतानी, जिलाध्यक्ष मुरादाबाद जयवीर सिंह यादव, पूर्व राज्यमंत्री जुगल किशोर बाल्मीकि, राजेश अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, मयंक मोंटी शुक्ला, दीपक शर्मा, भारती चौहान, श्यामवीर यादव, मोहसिन रजा खां, सुरेन्द्र सोनकर, अनिल शर्मा, द्रोण कश्यप, विशाल, संजीव कश्यप, अमित गिहार, राम सेवक प्रजापति, सम्राट अनुज मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# बहुमुखी प्रतिभा के साथ दृढ़ इच्छा शक्ति वाली महिला थीं इंदिरा गांधी: प्रमोद तिवारी




**लखनऊ।** भारत-रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की जयन्ती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जयन्ती कार्यक्रम के अवसर पर सर्वप्रथम प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रीमती इन्दिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि इन्दिरा गांधी बहुमुखी प्रतिभा के साथ दृढ़ इच्छा शक्ति रखने वाली थीं और वह विश्व पटल पर आयरन लेडी के रूप में जानी जाती थीं। इन्दिरा ने देश के विकास में जो अपना बहुमूल्य योगदान दिया है उसे कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने देश में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रीवीपर्स को खत्म किया, भूमिहीन खेतिहर किसानों को भूमि का स्वामित्व प्रदान करने जैसे तमाम ऐसे निर्णय लिये तथा देश को राजनीतिक, आर्थिक एवं सामरिक क्षेत्र में जो मजबूती प्रदान की उसी का परिणाम है कि आज देश उत्तरोतर प्रगति कर रहा है। जयन्ती कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य श्याम किशोर शुक्ल पूर्व विधायक, उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, पूर्व मंत्री राजबहादुर, मुकेश सिंह चौहान, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम, प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य के अध्यक्ष दीपक शिवहरे, राकेश पाण्डेय सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# भाजपा के एजेंडे में नहीं है नौकरी व रोजगार: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के एजेण्डे में नौकरी, रोजगार नहीं है। सरकार युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती है। साजिश और षडयंत्र करके आरक्षण छीन रही है। संविधान विरोधी कार्य कर रही है। अखिलेश यादव मंगलवार को बीकेटी स्थित सैरपुर बाजार में चिनहट की ब्लाक प्रमुख ऊषा सेन द्वारा आयोजित संविधान मेला एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम में आये हुए जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की नीतियां युवा, किसान और पीडीए विरोधी है। सरकार ने नौकरियों को आउटसोर्स कर दिया जिससे आरक्षण न देना पड़े। भाजपा पीडीए से उनका हक छीन रही है। पीडीए को बराबरी पर नहीं आने देना चाहती है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए से घबराई हुई है। पीडीए देश की 90 फीसदी आबादी का नारा है। अभी तक बाबा साहब के संविधान ने पीडीए की रक्षा की है। अब पीडीए और हम सबकी जिम्मेदारी है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान की रक्षा करें। आज संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। जब तक भाजपा की सरकार है संविधान पर खतरा बना रहेगा। भाजपा देश को संविधान नहीं मनविधान से चलाना चाहती है। अगर इनके विचार नहीं बदले तो ये संविधान बदल देंगे। हम सभी लोगों को एकजुटता के साथ संविधान बचाने की लड़ाई लड़ते रहना हैं। संविधान तभी बचेगा जब दिल्ली और लखनऊ से भाजपा की सरकार का सफाया होगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि हम गरीबो, दलितो, पिछड़ों, आदिवासियों को हक और अधिकार दिलाने की बात करते हैं तो भाजपा के लोग जातिवाद का आरोप लगाते हैं। ये जातियां हमने नहीं बनायी है। हम तो वंचित समाज के लोगों को अधिकार और सम्मान दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का संविधान हम सभी लोगों को जोड़ता है। हमें सम्मान और अधिकार दिलाता है।

# कई अधिवक्ताओं ने थामा रालोद का दामन




**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में आस्था जताते हुए मंगलवार को उच्च न्यायालय में अधिवक्ता शैलेष कुमार सिंह ने रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा की प्रेरणा से अन्य कई लोगों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी नवांगतुको का स्वागत करते हुए उन्हें किसान मसीहा स्व चौधरी चरण सिंह जी द्वारा किसानो व मजदूरों के लिए किए गए संघर्ष के बारे में बताया। राष्ट्रीय सचिव ने सभी नवांगतुक सदस्यों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कन्धे से कन्धा मिलाकर पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए बढ़ चढ़कर काम करने का आह्वान किया। सदस्यता ग्रहण के उपरांत सभी ने राष्ट्रीय सचिव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के हित में हर संभव सहयोग एवं समर्पण हेतु तत्पर रहने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में अधिवक्ता शैलेश सिंह के अलावा अधिवक्ता अटल बिहारी ,जीतेन्द्र कश्यप, शरद श्रीवास्तव ,गौरव सिंह, करण, अधिवक्ता वेद प्रकाश, संतोष कुमार, मोहित जायसवाल, शिवा सिंह, सुरेश, अखंड प्रताप सिंह व अन्य कई शामिल रहे।

# गन्ना पर्ची हासिल करने के लिए किसान चालू रखें मोबाइल: आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रभु एन सिंह ने बताया कि चालू पेराई सत्र 2024-25 में प्रदेश के गन्ना कृषकों को गन्ना पर्चियां केवल स.रू.स. पर्ची के रूप में उनके मोबाइल फोन पर प्रेषित की जा रही है। इसलिए यह आवश्यक है कि एस.जी. के. पर गन्ना कृषकों का सही मोबाइल नंबर पंजीकृत हो। अत: कृषक बन्धुओं से अपील है कि वे स्मार्ट गन्ना किसान (स.त्र.च.) पर पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर की जांच कर लें, यदि नम्बर गलत है तो अपने गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से सही मोबाइल नंबर अपडेट करा लें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा किसानों को गन्ना आपूर्ति हेतु उनके मोबाइल पर प्रेषित की जाने वाली एस.एम.एस. गन्ना पर्चियों की डिलीवरी कम हो रही है, जिसका प्रमुख कारण पंजीकृत मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र में उपलब्ध न होने, इनबॉक्स भरा होने, मोबाइल रिचार्ज न होने, मोबाइल स्विच ऑफ होने, डी.एन.डी. एक्टिवेट होने एवं काल बार्ड लगे होने की स्थिति में स.रू.स. पर्ची का संदेश 02 घंटे के पश्चात स्वत: निरस्त हो जाता है। जिसके कारण किसानों को अपनी पर्ची की जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। इस तकनीकी समस्या के निवारण के लिये अनिवार्य है कि सभी किसान पर्ची प्राप्त करने के लिये अपने मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र में रहें, मोबाइल को रिचार्ज रखें, काल बार्ड का विकल्प न चुनें, अपने मोबाइल का एस.एम.एस. इनबॉक्स खाली रखें, मोबाइल को चार्ज करके सदैव चालू दशा में रखें तथा डी.एन.डी. सर्विस को एक्टिवेट न करें, ताकि सर्वर द्वारा प्रेषित स.रू.स. गन्ना पर्ची उनके मोबाइल पर उन्हें रियल टाइम में प्राप्त हो जाए। पर्ची निर्गमन की यह व्यवस्था पूर्णतया पारदर्शी है। इस व्यवस्था में किसानों के मोबाइल नंबर पर स.रू.स. पर्ची भेजे जाने से किसान को तत्काल पर्ची प्राप्त होगी।

# नई दिल्ली में भव्य 'महाकुंभ कॉन्क्लेव' का आयोजन करेगी प्रदेश सरकार

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 2025 के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए बड़े स्तर पर जारी तैयारियों को गति देने का काम शुरू कर दिया है। महाकुंभ-2025 का आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य की पर्यटन और वैश्विक स्तर पर पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का भी एक प्रमुख प्रयास है। इसी बात को ध्यान में रखकर महाकुंभ की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाने तथा देश-दुनिया के गणमान्य व अति विशिष्ट लोगों को आमंत्रित करने के लिए नई दिल्ली में महाकुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इस विषय में, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में भव्य स्तर पर इस एक दिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कई मायनों में विशिष्ट होगा क्योंकि यहां आने वाले आगंतुकों को महाकुंभ में योगी सरकार द्वारा दी जा रही टूरिज्म ऑफरिंग्स, तैयारियां व उपलब्धियों के साथ ही उत्तर प्रदेश की लोककला व सांस्कृतिक छटा का भी आनंद उठा सकेंगे। महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें पूरी दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए विशेष रूप से 'महाकुंभ कॉन्क्लेव' की योजना बनाई है, जो एक अनूठा इंटरैक्टिव सत्र होगा। इसके जरिए, भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से आगंतुकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया जाएगा। महाकुंभ कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और प्रशासनिक कुशलता का उदाहरण पेश करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि वैश्विक स्तर पर राज्य की ब्रांडिंग का भी माध्यम बनेगा।

● महाकुंभ-2025 के पूर्व नई दिल्ली में एक दिनी मेगा आयोजन में जुटेंगी देश-दुनिया की हस्तियां

# तैयार हो रहा पूर्वांचल का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल लैंड बैंक

● गोरखपुर के दक्षिणांचल में 5500 एकड़ क्षेत्रफल में आकार लेगा धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर ●धुरियापार और आसपास के 17 गांवों में बिछेगा उद्योगों का संजाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**गोरखपुर** के दक्षिणांचल में स्थित धुरियापार क्षेत्र की जो जमीन ऊसर थी। जिसपर तिनका भी मुश्किल से उगता था, वहां योगी सरकार उद्योगों की फसल लगवाएगी। इसके लिए 5500 एकड़ में प्रस्तावित धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को मूर्त रूप दिया जा रहा है। 17 गांवों की अनुपजाऊ जमीनों का अधिग्रहण करने के सिलसिले में अब तक 500 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। यह कॉरिडोर पूर्वांचल के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल लैंड बैंक वाला होगा। सरकार की मंशा यहां बड़े उद्यगों का संजाल बिछाने के साथ इसे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर के रूप में विकसित कर करने की है। यह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से तो जुड़ा ही है, आने वाले समय में रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ जाएगा।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को आकार देने के लिए प्रक्रियात्मक कार्य को तेज कर दिया है। गीडा की तैयारी जल्द ही इस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के पहले चरण को लांच कर देने की है। पहले चरण में सकरदेईया, हरपुर और काश्तकाशी नायक गांवों में करीब 1600 एकड़ भूमि अर्जित होनी है। गीडा इसमें से 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी कर चुका है। उपजाऊ जमीन फसलों के माध्यम से सोना उगले और ऊसर धरती पर उद्योगों के जरिये रोजगार की भरपूर छांव मिले, योगी सरकार इसी फॉर्मूले के तहत ग्रेटर गीडा के रूप में धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का खाका खींच चुकी है। इस कॉरिडोर को बसाने के लिए जिन 17 गांवों में जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा, वे परती पड़ी रहती हैं। यानी किसानों के लिए अनुपजाऊ। अब तक सिर्फ रकबे में गिनी जाने वाली ये जमीनें किसानों को भरपूर रकम दिलाकर मालामाल करेंगी। बीते सात सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का गोरखपुर की तरफ रुझान देखते हुए सीएम योगी के मार्गदर्शन में धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का मास्टर प्लान फाइनल है, बस इसे शासन से अनुमोदन मिलने का इंतजार है। धुरियापार क्षेत्र में जमीनों का एक हिस्सा ऊसर प्रकृति का है। किसानों को ऊसर जमीनों का ही अधिग्रहण किया जा रहा है। इससे उन्हें अनुपजाऊ भूमि का भरपूर मूल्य प्राप्त होगा और ऊसर धरती पर औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार और खुशहाली की फसल लहलहाएगी।

धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को 17 ग्रामों की 5500 एकड़ भूमि में बसाया जाएगा। इस कॉरिडोर का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। मास्टर प्लान के मुताबिक कुल क्षेत्रफल में 32.04 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक, 19.39 प्रतिशत आवासीय, 6.51 प्रतिशत पीएसपी, 4.21 प्रतिशत व्यावसायिक, 15.70 प्रतिशत हरित-खुला क्षेत्र, 2.32 प्रतिशत मिश्रित, 4.17 प्रतिशत ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के लिए प्रस्तावित है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक बताती हैं कि धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। अब तक 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हो चुका है और बाकी के लिए भी प्राधिकरण लगातार काम कर रहा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी का मानना है कि मूर्त रूप में आने के बाद यह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर धुरियापार समेत समूचे गोरखपुर दक्षिणांचल के लिए गेम चेंजर साबित होगी। धुरियापार की पहचान अति पिछड़े क्षेत्र के रूप में रही लेकिन आने वाले दिनों में इसकी ख्याति गोरखपुर के नए औद्योगिक क्षेत्र के गेटवे के रूप में होगी।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 20 नवम्बर 2024



# सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता संबंधी सत्यापन पुनः कराया जाए: मुख्य विकास अधिकारी

● ग्राम सचिवालयों में कार्यरत पंचायत सहायकों की क्रियाशीलता करें सुनिश्चित



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी, आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में आज मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन द्वारा माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में जिला स्वच्छता समितिध् जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वर्ल्ड टॉयलेट डे अभियान की शुरुआत की गई। शासन की मंशानुसार जनपदस्तरीय समारोह में स्वच्छता व उपयोगिता के आधार पर व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर सबसे अच्छा व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता तथा विकास खण्डध् जनपद स्तर पर सबसे अच्छा सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय तथा प्रतियोगिता उपरान्त विजेता ग्राम पंचायत एवं ब्लाक को विकास खण्ड एवं जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाए। सीडीओ द्वारा जनपद के समस्त सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी शौचालय के उपयोग व साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने हेतु कहा। उन्होंने जनपद स्तर पर ऑनलाइन पेंडेंसी पर भी शीघ्र कार्यवाही करते हुए उसको समाप्त किए जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। परियोजना निदेशक डीआरडीए को मुख्यमंत्री आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आच्छादित परिवारों के यहां शौचालय की उपलब्धता के संबंध में भी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने तथा व्यक्तिगत क्रियाशील शौचालय की भी सूची विकास खण्ड स्तर पर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। सामु. शौचायलयों की क्रियाशीलता को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने तथा जनपद के समस्त 618 सामुदायिक शौचालय का सचिवों से पृथक क्रियाशीलता व स्वच्छता संबंधी सत्यापन कराए जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। आज के दिवस को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर अथवा विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए स्वयं सहायता समूह द्वारा कराए गए अच्छे कार्यों से संबंधित वीडियो अपलोड किए जाने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अपने स्तर से भी सामुदायिक शौचालयों की क्रियाशीलता के संबंध में सत्यापन आख्या प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। सीडीओ द्वारा विभागीय समीक्षा करते हुए जनपद में अभी तक 474 आर.आर.सी. निर्माण कार्य के सापेक्ष कराए गए मात्र 410 आर.आर.सी निर्माण कार्यपर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

# पराली जलाने की घटनाओं पर जिला प्रशासन सख्त, वसूला जा रहा है जुर्माना

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** आलोक सिंह द्वारा पराली जलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देशों दिये गये है। जिसके परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा पराली जलाने वाले किसानो के विरूद्ध अर्थदण्ड की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नियमित क्षेत्रभ्रमण कर कृषकों से पराली को जलाने के स्थान पर निराश्रित गोवंश स्थलों पर दान करनेए फसल कटाई उरान्त फसल अवशेष को फसल अवशेष प्रबन्धन यंत्रो की सहायता से खेता में ही जुतवाने अथवा वेस्ट डीकम्पोजर का उपयोग कर जैविक उर्वरक के रूप प्रयोग करने हेतु जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। फिर भी कुछ किसानोंध्व्यक्तियों द्वारा पराली/फसल अवशेष ध्कूडा अवशेष जलाया जा रहा हैए जिन पर नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। दिनांक 18.11.2024 तक जनपद में कुल 108 घटनाओं की सूचना प्राप्त हुयी हैए जिनका सत्यापन कराने पर 50 घटनाऐं कूडा अवशेष/पतावर/झाडियों आदि जलाने की तथा 58 घटनाऐं फसल अवशेष जलाने की पायी गयी है। सत्यापन में दोषी पाये गये व्यक्तियों को नियमानुसार नोटिस निर्गत कर अर्थदण्ड की वसूली की जा रही है तथा विकासखण्ड बिना इन.सीटू यंत्रो के प्रयोग के फसल कटाई करती पाये जाने पर कम्बाइन हार्वेस्टर सीज भी किये जा रहे है।

उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) द्वारा प्रतिदिन राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक कर घटनाओं की रोकथाम एवं दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की समीक्षा की जा रही है। फसल अवशेषध्पराली जलाने से जहाँ एक ओर पर्यावरणीय क्षतिए मृदा स्वास्थ्य एवं मित्र कीटों पर कुप्रभाव पडता है वही दूसरी ओर फसलों एवं ग्रामों में अग्निकाण्ड होने की भी सम्भावना होती है। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी के तापमान में वृद्धि होने से मृदा की भौतिकए रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पडता हैए मिट्टी में उपस्थित सूक्ष्म जीव नष्ट होते है जिससे जीवांश के अच्छी प्रकार से सडने में भी कठिनाई होती है। पौधे जीवांश से ही पोषक तत्व लेते है तथा इससे फसलों का उत्पादन भी कम होता है। अत: पराली किसी भी दशा में न जलाये। जिला प्रशासन द्वारा जनपद में पराली दो खाद लो अभियान भी चलाया जा रहा हैए जिसके अन्तर्गत किसान भाई गोशालाओं पर 2 ट्राली पराली देकरए 01 ट्राली की गोबर की खाद प्राप्त कर सकते है। मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फसल अवशेष जलाये जाने पर पूर्णत: रोक लगाते हुए इस दण्डनीय अपराध की श्रेणी में रखा है तथा यदि किसी व्यक्ति द्वारा फसल अवशेषध्पराली जलाने की घटना घटित की जाती है तो मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा.24 एवं 26 के अन्तर्गत उसके विरूद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रु0 2500 प्रति घटना, 02 से 05 एकड़ के लिए रु0 5000 प्रति घटना और 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए रु0 15000 प्रति घटना की दर से अर्थदण्ड वसूले जाने का प्राविधान है। उप कृषि निदेशक द्वारा किसानों को जागरूक किया गया कि बिना सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा अन्य कृषि प्रबन्धन यंत्रों के कम्बाईन हार्वेस्टर से फसल कटाई कदापि न करायें, अन्यथा कम्बाईन हार्वेस्टर को सीज कर संबंधित चालक के साथ.साथ कृषक का भी उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही की जायेगी तथा पराली/फसल अवशेष जलाने वाले कृषक को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ नहीं प्राप्त हो सकेगा।

# पालिका प्रशासन ने तिराहा पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



अतिक्रमण हटवाते पालिका प्रधान लिपिक आरपी सिंह।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में अतिक्रमण के कारण जाम का दंश झेल रहे नागरिकों व राहगीरों को राहत पहुंचानें के उददेश्य से पालिका प्रशासन द्वारा नगर के तिराहा पर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाकर सडक के किनारों से अतिक्रमण हटवाया गया साथ ही पुन: अतिक्रमण करनें पर चालानी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जिससे अतिक्रमणकारियों में हडकम्प मच गया।

मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित के निर्देशानुसार प्रधान लिपिक आरपी सिंह एवं अतिक्रमण इंचार्ज अशोक कुमार द्वारा नगर के उपडाकघर से लेकर तिराहा मस्जिद एवं फतेहगढ रोड दोनों ओर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सार्वजनिक फुटपाथ/रोड पटरी पर अवैध रूप से खड़ी ठेली तथा वाहनों को हटवा दिया गया है। चेतावनी भी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण किया हुआ पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।

# फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के संबंध में 18 नवंबर से 31 दिसंबर, 2024 तक चलाया जायेगा विशेष अभियान

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में उप कृषि निदेशक राम वचन राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में दिनांक 18 नवम्बर से 31 दिसम्बरए 2024 तक एग्रीस्टैक ;डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चरद्ध के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के सम्बन्ध में विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत राजस्व ग्रामवार कैम्प आयोजित कर किसानों की फार्मर आईडी तैयार करने हेतु उप जिलाधिकारियों के स्तर से तहसील स्तर पर राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी अर्थात लेखपाल, तकनीकी सहायक/एटीएम/ बीटीएम की ड्यूटी लगायी जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री तैयार हो जाने से किसानों को लाभ होंगे ।जनपद के समस्त कृषकों के आधार लिंक्ड रजिस्ट्री तैयार होगीए जिससे विभिन्न योजनओं का नियोजनए लाभार्थियों का सत्यापनए कृषि उत्पादों के विपणन आदि में सुविधा होगी। जनपद के समस्त कृषकों को राज्य सरकार द्वारा कृषकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगम एंव पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से उपलब्ध होगा। योजनाओं के लाभ हेतु अथवा अन्य उद्देश्य से कृषकों की पहचान एवं प्रमाणीकरण में सुगमता होगी ।किसानों के लिए कृषि ऋणए वित्त अनुदानों और अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कृषि सेवाओं को उपलब्ध कराने में सुगमता होगी। जनपद के किसानों को बेहतर सेवा देने के लिए कृषि.संबद्ध विभागों के बीच योजना अभिसरण का सरलीकरण होगा।

उच्च गुणवत्ता वाले डेटा तक किसानों की आसान पहुंच के साथ एग्री.टेक द्वारा उत्पादों और सेवाओं में नवाचार का विस्तार होगा। पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत किस्त प्राप्त करने हेतु अनिवार्यता की शर्त को पूर्ण कर लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी। कृषकों को फसली ऋण हेतु किसान क्रेडिट कार्ड एवं एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड एवं कृषि के विकास हेतु अन्य ऋण प्राप्त करने में सुगमता होगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने में किसानो को सुगमता होगी। इसके साथ.साथ आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति हेतु कृषकों के चिन्हाकंन में सुगमता होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों का पंजीकरण आनलाइन माध्यम से हो सकेगा। कृषकों को समय से वांछित परामर्श, विभिन्न संस्थानों द्वारा कृषको से सम्पर्क के अवसर में वृद्धि के साथ साथ नवोन्मेषी कार्यक्रमों के विस्तार में सफलता प्राप्त होगी। तहसीलवार कैम्प आयोजन हेतु चयनित स्थल व तिथि का पृथक से स्थानीय जन संवाद एवं एसएमएस के माध्यम से व्यापक प्रचार.प्रसार किया जायेगा।

# अस्ती विद्यालय में हुनर की नवाचारी पाठशाला का उद्घाटन

**फतेहपुर।** प्राथमिक विद्यालय अस्ती नगर क्षेत्र में मंगलवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की स्वरोजगार उत्तर प्रदेश मुहिम की ओर से 15 दिवसीय सॉफ्ट टॉयज बनाने का कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने किया। चेयरमैन श्री मौर्य ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका की सोंच की सराहना करते हुए कैंप में हुनर को सीखने वाली महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इस कैंप में गरीब तबके की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। ताकि वो अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। प्रशिक्षण देने हेतु कानपुर से पुनीता को बुलाया गया हैं। साथ ही बड़ौदा रोज़गार उत्तर प्रदेश की पूरी टीम भी सहयोग कर रही है। ये कैंप अस्ती विद्यालय में चलाया जा रहा हैं। इसमें सॉफ्ट टॉयज, बच्चों के खिलौने, मोटू पतलू, जानवर, चिड़या आदि बनाकर महिलाओं को दक्ष किया जा रहा हैं।

## क्विक न्यूज

### कोहरा के चलते वाहनों की रफ्तार हुई धीमी

**कुराग (हमीरपुर)।** बीती रात से पछुवा हवा तेज गति से चलने से सुबह घना कोहरा छाया रहा । सड़क पर सुबह वाहन लाइट जला कर धीरे 2 चलते नजर आए। लोगो को सुबह सर्दी का अहसास हुआ। लोगो के गर्म कपड़े निकल आए। बीती रात तेज हवा चलने से रात में कोहरे का असर दिखाई देने लगा तथा सुबह तक कोहरा बने रहने से सड़को पर वाहन चालक लाइट जलाकर चलते नजर आए। सर्दी का आगाज होते ही लोगो के गर्म कपड़े निकल आए। तथा सुबह सड़क किनारे लोग आग तापते रहे। रात से ही पछुवा हवाएं तेज गति से चलने के कारण मौसम ठंडा रहा तथा रात से ही कोहरे का असर दिखाई दिया। जो कि सुबह तक बना रहा। तथा दिन में भी हवा का रुख रहा तथा धूप भी फीकी रही। लोग दिन में भी गर्म कपड़े पहने रहे।

### एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद

**कुराग (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी युवक को अवैध गांजा ले जाते समय मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। बीती शाम पुलिस ने गश्त के दौरान क्षेत्र के शेखुपुर तिराहे के पास से रिठारी गांव निवासी धीरज उर्फडागी पुत्र दयाराम को अवैध रूप से सूखा गांजा ले जाते समय गिरफ्तार कर लिया। तथा गांजे की तौल करने पर एक किलो सौ ग्राम निकला। आरोपी के खिलाफअवैध रूप से गांजा रखने के आरोप में एन डी पी एस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा न्यायालय में पेश किया गया है।

### विकलांग की दुकान में लगा दी आग, सामान जलकर खाक

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के टिकारिया गांव में अराजकतत्वों ने विकलांग दुकानदार की किराना स्टोर दुकान में आग लगा दी। आग लगने से नकदी सहित सामान जलकर राख हो गई है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।टिकारिया गांव निवासी देवकरन पुत्र रविन्द्र सिंह ने बताया कि वह विकलांग है। घर में ही किराना की दुकान रखे हैं। जिससे उसके परिवार का भरण.पोषण होता है। बताया कि मंगलवार को वह दुकान बंद करके सो गया। तभी अराजकतत्वों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे दुकान में रखा 73 हजार नकदी जल गई और करीब दो हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया है।

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत


**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मौहार गांव निवासी स्व0 शिवगोविन्द का पुत्र किशनपाल जिसकी गुगौली के समीप पान मसाले की दुकान थी। देर शाम लगभग 7:30 बजे दुकान बन्द पैदल घर आ रहा था। तभी सडक पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुची सरकारी एम्बुलेंस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### रोडवेज बस की चपेट में आकर दो मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दिवान का पुरवा मजरे मोहम्मदीपुर निवासी हरविशाल का 22 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र कुमार गांव के ही अपने मित्र विजयपाल के साथ बाइक से शहर मजदूरी करने आया था। देर शाम घर वापस लौटते समय जब यह लोग चौफेरवा के समीप पहुंचे तभी रोडवेज बस की चपेट में आ गये। जिससे धर्मेन्द्र की घटना स्थल पर मौत हो गयी। वहीं विजय पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसने भी इलाज के दौरान दम तोड दिया। पुलिस ने शवों को विच्छेदन गृह भेजा।

### दक्षिण अफ्रीका के जकारी एडम ने नवीन दीक्षित की कठपुतली कला को सराहा

**कानपुर देहात।** लखनऊ के दयाल गेटवे ऑडीटोरियम गोमतीनगर में यूनिसेफऔर भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना मीना मॅच का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। दक्षिण अफ्रीका के बेनिन से पधारे जकारी एडम ने कला क्राफ्ट प्रापर्टी के मास्टर ट्रेनर व राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित नवीन दीक्षित द्वारा बनायी गयी वर्किंग माडल मोर को हाथ में लेकर फोटो खिंचवाई साथ ही मीना मॅच में कठपुतली के माध्यम से मीना की कहानियों के प्रस्तुतीकरण में नवीन कुमार दीक्षित के प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होने बताया कि कठपुतली के माध्यम से मीना की कहानियों को



बच्चों में ही नहीं बल्कि बडो में भी रोचकता मनोरंजन और ध्यान आकर्षित करके अधिकाधिक सीखने सिखाने और नशा मुक्ति बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने में सहायक है। कार्यक्रम में अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा आईएएस एकता कुमारी, डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा डाक्टर मुकेश कुमार सिंह ने नवीन दीक्षित के मीना मॅच में कठपुतली के नवाचार को सराहा।

# नहर में डूबने से युवक की मौत, नायब तहसीलदार ने जांच शुरु की

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के सैदपुर गांव में गांव के दो व्यक्तियों के साथ नहर में नहाने गए बीमा एजेंट के पुत्र की डूबने से मौत हो गई है। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। सूचना पर नायब तहसीलदार धनराज पटेल ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। सैदपुर गांव निवासी शिवप्रसाद ने बताया कि बुधवार को उसका इकलौता पुत्र 40 वर्षीय मानसिंह गांव के चंदा कुशवाहा, गिरजा के साथ सुबह सैदपुर मौजा औड़ेरा मोड़ पर स्थित नहर में नहाने गया था। तभी नहर में डूब गया है। बताया कि नहर में नहा रहे गांव के सुरेन्द्र बाहर निकाला। तब तक पुत्र की मौत हो गई। बताया कि उसका पुत्र उसके साथ खेती में हाथ बांटता था।पति की मौत पर पत्नी सत्यभामा बेसुध हो गई है। एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# शिक्षकों को निपुण न्याय पंचायत करने की दिलाई शपथ



शिक्षक संकुल की बैठक लेते एआरपी मलिखान सिंह।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** न्याय पंचायत समधन देहात की मासिक संकुल शिक्षक बैठक कन्या प्रा. वि. समधन में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन नोडल शिक्षक संकुल संजीव राजपूत ने किया। मुख्य अतिथि एआरपी मलिखान सिंह ने सभी शिक्षकों को निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से कक्षा 01 से 03 तक के सभी बच्चों का शत प्रतिशत आंकलन करने को कहा तथा न्याय पंचायत को दिसम्बर माह तक निपुण घोषित करने के लिये शपथ दिलवाई। मंगलवार को नोडल शिक्षक संकुल ने आगामी 25 व 26 नवम्बर को होने वाली एनएटी परीक्षा की तैयारी पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी बच्चे अवश्य प्रतिभाग करें तथा उनको ओएमआर शीट के माध्यम से अभ्यास अवश्य करवा लें। संकुल शिक्षक उमेश कुमार ने गणित किट व टीएलएम के प्रयोग पर चर्चा की। बैठक में विद्यालय की प्रधानाध्यापक जैनब साकिया के अतिरिक्त अभिषेक कुमार, अनीता सुधाकर, रजनी राजपूत, तौकीर फात्मा रिजवी, दिनेश चंद्र शर्मा, आशीष पाण्डेय, शशांक, अभिषेक प्रताप सिंह, नीतू देवी, नम्रता सिंह, जोगेंद्र कुमार आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# डेढ़ माह में दूसरी मर्तवा बाबा साहेब की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त, प्रशासन ने शुरु की जांच

**राठ( हमीरपुर )।** कोतवाली के टिकारिया गांव में डेढ़ माह में दूसरी बार अराजकतत्वों द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा की उंगली क्षतिग्रस्त कर दी। मौके पर एसडीएम सीओ कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां प्रशासन ने आनन.फानन में प्रतिमा की उंगली की मरम्मत कराकर कलर करा दिया। दूसरी बार इस घटना से भीम आर्मी सहित अन्य दलों के लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है। टिकारिया गांव के श्मशान घाट के बगल में ग्राम समाज की जमीन पर बाबा डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है। एक अगस्त को सपा सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत ने मूर्ति का अनावरण किया था। मंगलवार की अराजकतत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा की उंगली क्षतिग्रस्त कर दी है। सुबह जब ग्रामीणों व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं सहित अन्य दलों के लोगों को इसकी जानकारी लगी तो आक्रोश पनप उठा।

# कोहरे के कारण लेट हुयी ट्रेने



कोहरे के कारण ढाई घण्टा देरी से प्लेटफार्म पर पहुँची कोटा-पटना एक्सप्रेस

**रूरा, कानपुर देहात।** कोहरे के कारण रूरा स्टेशन में ठहराव के तहत रूकने वाली सभी ट्रेनें दो से तीन घण्टे देरी से पहुँची। ट्रेनों के विलम्ब से स्टेशन पर पहुँचने पर यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पडा। मॅगलवार की तडके सुबह से ही वातावरण को कोहरे की गहरी चादर ने अपने आगोश में ले लिया। दिल्ली व आगरा की ओर आने वाली अधिकॉश ट्रेनें दो से तीन घण्टे की देरी से स्टेशन पर पहुँची। कोटा से चलकर पटना जाने वाली कोटा पटना एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय तडके सुबह 3 बजकर 40 मिनट की बजाय 6:12 मिनट पर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर पहुँची दो मिनट के स्टापेज के बाद ट्रेन कानपुर सेण्ट्रल की ओर रवाना हो गयी। इसी प्रकार चण्डीगढ से प्रयागराज की ओर जाने वाली ऊँचाहार एक्सप्रेस, आगरा फोर्ट-लखनऊ सुपरफास्ट, जम्मूतवी-टाटानगर मुरी एक्सप्रेस, महानन्दा एक्सप्रेस, लखनऊ से चलकर नई दिल्ली की ओर जाने वाली गोमती एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से स्टेशन पहुँची। ट्रेनों की देरी से यात्रियों को जहाँ प्लेटफार्म पर ठण्ड से ठिठुरने को मजबूर होना पडा वहीं उन्हें अपने गॅतव्य पर पहुँचने के लिये भी विलम्ब का सामना करना पडा।

# संयुक्त टीम ने किया औचक निरीक्षण, डीएम को भेजी रिपोर्ट



**मोहम्मदी खीरी।** झासी मे हुऐ अस्पताल की घटना को देखते हुऐ, उपजिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, विद्युत विभाग व अग्नि शमन के अधिकारियों ने सयुंक्त रूप से मोहम्मदी, पसगवां, बरबर, ऊचौलिया व जेवीगज के सरकारी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया, औचक निरीक्षण मे अनेको कमियां उजागर हुई, मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग अग्निशमन यंत्र लगे पाए गए लेकिन उस पर कोई वैद्यता तिथि का उल्लेख नहीं था वही फायर अलार्म संचालित नहीं हैए वही पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे विद्युत अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया जो समुचित रूप से उपलब्ध नहीं है, जिसको लगवाने के लिए निर्देश किया गया एप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेवीगज ऊचौलिया व बरबर मे अग्नि शमन सिलेंडर और फायर अलार्म उपलब्ध नहीं मिलाए जिस पर संयुक्त टीम द्वारा सभी अधीक्षको को निर्देशित किया गया, तत्काल प्रभाव से फायर अलार्म सुरक्षा मानकों को संचालित करना सुनिश्चित करें एवहीं संयुक्त टीम द्वारा सरकारी अस्पतालों के निरीक्षण से प्राइवेट अस्पताल वालों की धड़कन में बढी हुई हैएइस टीम में एसडीएम डॉक्टर अवनीश कुमार पुलिस उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह अधिशासी अभियंता मुकेश वर्मा सहित अग्निशमन दल के अधिकारी मौजूद रहे।

# न्यायिक अधिकारी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जिला कारागार में निरूद्व बंदियों के अधिकारो एवं उनके समस्या से सम्बन्धित निपटान हेतु जिला कारागार का निरीक्षण आज किया गया। निरीक्षण में अजय सिंह-प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव व प्रमोद कुमार त्रिपाठी जेल अधीक्षक अनिल कुमार जेलर व कृपाल सिंह, डिप्टी जेलर, श्रीमती माया डिप्टी जेलर, अशोक कुमार, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल/न्याय रक्षक, व सुश्री रोशनी, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल/न्याय रक्षक, धनश्याम, लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व श्रीमती वर्षा गुप्ता लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि लोग मौजूद रहे। अजय सिंह प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला कारागार निरीक्षण के दौरान कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया। लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत पीएलवी/अधिकार मित्र से बंदियों के प्रार्थना पत्रो से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। इसके साथ ही लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल/न्याय रक्षकगणो ने बन्दियो को नि:शुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी प्रदान की। इसके अलावा सभी बन्दियो को यह भी अवगत बताया कि यदि किसी भी बन्दी के पास पैरवी करने हेतु अधिवक्ता नही है तो जेल पीएलवी के माध्यम से प्रार्थना पत्र लिखवा कर जेल अधीक्षक विधिक सेवा प्राधिकरण में अग्रसारित कर सकते हैं, जिससे बन्दियो को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त हो सके। जिला कारागार में बने पाकशाला का निरीक्षण किया। जिसमें सायंकालीन भोजन आलू, बैगन की सब्जी रोटी व मसूर की दाल बनता हुआ मिला। दोपहर के नाश्ते में चाय, बिस्किट मिलने की बात बन्दियो ने बताई। पाकशाला में लगभग 35 बन्दी कार्य करते हुये पाये गये। पाकशाला में सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली एवं भोजन गुणवत्ता पूर्ण पाया गया।

# लखीमपुर महोत्सव: 25 नवंबर को बी प्राक के गीतों से सजेगी सुरमई शाम, बांधेंगे समां

**लखीमपुर खीरी।** 25 नवंबर से शुरू हो रहे लखीमपुर महोत्सव की शाम कई सितारों, कलाकारों से सजेगी। वैश्विक पहचान बनाने लोकप्रिय पंजाबी सिंगर, कंपोजर व म्यूजिक डायरेक्टर बी प्राक 25 नवंबर को लखीमपुर शहर के जीआईसी ग्राउंड में आयोजित लखीमपुर उत्सव में अपनी प्रस्तुति से महोत्सव की समां बांधेंगे। इस महोत्सव का शुभारंभ 25 नवंबर की सुबह प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह दुधवा नेशनल पार्क में करेंगे। शाम को जीआईसी ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम की भी उद्घाटन करेंगे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के प्रयास और पहल पर आयोजित लखीमपुर महोत्सव में शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, इनोवेशन समेत कई कार्यक्रमो का आगाज होगा। जिला प्रशासन व जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिले में 25 से 28 नवंबर के मध्य क्रमश: दुधवा, लखीमपुर, कोटवारा, गोला,




मेढक मंदिर ओयल में प्रस्तावित लखीमपुर महोत्सव 2024 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। महोत्सव के पहले दिन की शाम को बॉलीवुड के फेमस सिंगर बी प्राक अपने सुरों का जलवा बिखेर कर और महफिल सजाएंगे।

## डीएम बोली, आम लोगों का प्रवेश मुफ्त

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि श्बॉलीवुड के फेमस सिंगर के लाइव म्यूजिक बैंड देखने के लिए इस बार महोत्सव में बेहद अधिक भीड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए सभी इंतजाम पूरे किए जा चुके हैं। आम पब्लिक के लिए एंट्री पूरी तरह फ्री होगी।

## लखीमपुर महोत्सव एक नजर

25 नवम्बर: दुधवा राष्ट्रीय उद्यान: प्रकृति एवं परमात्मा की भूमि: दुधवा पार्क, पलिया प्रात:11 बजे।

25 नवम्बर: लखीमपुर उत्सव: रंग, तरंग, मनोरंजन मंच: राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड, सायं 5 बजे।

26 नवम्बर: कोटवारा ग्राम: लोक कला का संगम: ग्राम कोटवारा, गोला सायं 5 बजे।

27 नवम्बर: छोटी काशी: आध्यात्मिक शांति का केंद्र रू राजेन्द्र गिरि स्टेडियम, गोला सायं 5 बजे।

28 नवम्बर: मेंढक मन्दिर: हमारी विरासत: मेंढक मन्दिर परिसर, ओयल सायं 5 बजे।

# सहकारिता आंदोलन ने भारत के दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः अमित शाह

**भाषा।** हिम्मतनगर



**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि देश के सहकारिता आंदोलन ने पिछले पांच दशक में प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गुजरात के साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर कस्बे के पास साबर डेयरी के परिसर में साबरकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के 800 टन पशु आहार संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने किसानों से प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने का भी आग्रह किया। शाह ने कहा, भारत में 1970 में प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन मात्र 40 ग्राम था। इसका मतलब है कि देश में हर व्यक्ति को प्रतिदिन केवल 40 ग्राम दूध उपलब्ध था। 2023 में प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन बढ़कर 167 ग्राम प्रतिदिन हो गया है।

उन्होंने कहा, वैश्विक प्रति व्यक्ति औसत 117 ग्राम है। यह दर्शाता है कि भारत का प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन औसत अन्य देशों की तुलना में सबसे अधिक है। और हमारे सहकारी आंदोलन ने दूध उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर, मंत्री ने भारत में सहकारी आंदोलन के जनक माने जाने वाले त्रिभुवनदास पटेल को याद किया। उन्होंने वर्ष 1946 में कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ की शुरुआत की थी, जिसने डेयरी उत्पादों के अमूल ब्रांड की नींव रखी।

शाह ने किसानों और पशुपालकों से प्राकृतिक खेती अपनाने का भी आग्रह किया और कहा कि 10 लाख करोड़ रुपए का वैश्विक बाजार उनका इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा, प्राकृतिक खेती से न केवल किसानों को समृद्धि मिलेगी, बल्कि कैंसर, रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों से भी लोगों को मुक्ति मिलेगी। 20 एकड़ जमीन पर प्राकृतिक खेती करने के लिए एक गाय होना ही काफी होगा। एक बार जब आप इस खेती की तकनीक को अपना लेंगे, तो आपको कभी कीटनाशक की जरूरत नहीं पड़ेगी। शाह ने किसानों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और किसानों को उनकी कृषि उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए पहले ही दो महत्वपूर्ण कदम उठा चुकी है।

शाह ने कहा, अमूल जैसी सहकारी संस्थाएं अब इन कृषि उपज को खरीदने के लिए अधिकृत हैं। वर्तमान में अमूल द्वारा प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई 20 वस्तुओं की खरीद की जा रही है। केंद्र ने इन उत्पादों के निर्यात के लिए एक सहकारी संस्था की भी स्थापना की है। उन्होंने कहा, शुरुआत में आपको लगेगा कि प्राकृतिक खेती का कोई फायदा नहीं है। पहले साल आपको अच्छा उत्पादन नहीं मिलेगा। लेकिन बाद के वर्षों में नुकसान की भरपाई हो जाएगी। एक बार जब आप इस तकनीक को अपना लेंगे, तो भारतीय किसानों के लिए एक लाख करोड़ रुपए के वैश्विक बाजार के दरवाजे खुल जाएंगे।

उनके अनुसार, सहकारी क्षेत्र की डेयरियों को भी किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देना शुरू करना चाहिए। शाह ने महिला किसानों से आग्रह किया कि वे सफलता मिलने के बाद आगे विस्तार करने से पहले छोटे पैमाने पर इस प्राकृतिक खेती को आजमाएं।

# अनिल देशमुख पर हुए हमले के मामले में चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**भाषा।** नागपुर



पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री अनिल देशमुख

**महाराष्ट्र** के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता अनिल देशमुख की कार पर सोमवार रात किए गए पथराव के संबंध में चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अनिल देशमुख नारखेड गांव में जब एक जनसभा में भाग लेने के बाद रात करीब आठ बजे काटोल लौट रहे थे, तब कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी गाड़ी पर पथराव किया जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

राकांपा (एसपी) की महाराष्ट्र ईकाई के प्रवक्ता प्रवीण कुंटे ने दावा किया कि देशमुख पर किए गए हमले के पीछे एक साजिश थी और उन्होंने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। राकांपा (एसपी) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हुई इस घटना की उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, काटोल के समीप जलालखेडा रोड पर बेलफाटा के पास अनिल देशमुख की गाड़ी पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव किया जिससे उनके सिर और कंधे पर चोट पहुंची। उन्हें तत्काल काटोल सिविल अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नागपुर के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) हर्ष पोद्दार ने मंगलवार को बताया कि इस मामले पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए हत्या के प्रयास के आरोप में चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि एक फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर तकनीकी साक्ष्य एकत्र करने के लिए गई। पोद्दार ने बताया कि काटोल के उप-पुलिस अधीक्षक मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और जिलाधिकारी ने भी घटनास्थल का दौरा किया। पोद्दार ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। अनिल देशमुख के बेटे सलिल देशमुख राकांपा (एसपी) के टिकट पर काटोल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चरणसिंह ठाकुर से है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में राकांपा (एसपी) के प्रवक्ता कुंटे ने बताया कि पूर्व मंत्री के सिर और कंधे पर चोट पहुंची है और चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। यह पूछे जाने पर कि इस हमले के पीछे किसका हाथ है, इसके लिए उन्होंने भाजपा और उसके नेताओं को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना के लिए राज्य के गृह मंत्री उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा के विधान पार्षद परिणय फुके और काटोल से उम्मीदवार ठाकुर के बीच मिलीभगत है। कुंटे ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था नहीं है और राज्य के पूर्व गृह मंत्री पर हमला किया गया। उन्होंने दावा किया कि देशमुख के आवास पर रात भर कोई पुलिस सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। उन्होंने फुके द्वारा मंगलवार को सुबह एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने और अनिल देशमुख पर हुए हमले को एक राजनीतिक स्टंट बताए जाने पर भी सवाल उठाए।

कुंटे ने दावा किया, यह स्टंट नहीं बल्कि अनिल देशमुख के खिलाफ रची गई साजिश है। इससे पहले, राकांपा (एसपी) के प्रवक्ता वेदप्रकाश आर्य ने सोमवार को इस घटना की निंदा करते हुए मामले की उच्च-स्तरीय जांच किए जाने और देशमुख के परिवार को पुलिस सुरक्षा दिए जाने की मांग की। आर्य ने एक बयान में कहा, काटोल के बेलफाटा बिष्णुर में कुछ लोगों ने अनिल देशमुख की कार पर हमला किया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई है। पहले काटोल में उनका इलाज कराया गया लेकिन चोट गंभीर होने के कारण उन्हें नागपुर स्थानांतरित किया गया है।उन्होंने दावा किया कि उनके राजनीतिक विरोधियों को अपनी हार का आभास हो गया है, इसलिए उन्होंने इस तरह के कायरतापूर्ण हमले का सहारा लिया।

# उत्तर प्रदेश के एनसीआर जिलों के सभी स्कूलों में कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित होंगी

**भाषा।** मेरठ

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी आठ जिलों में वायु प्रदूषण के मद्देनजर सभी स्कूलों को कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिन जिलों में भौतिक कक्षाएं स्थगित की गई हैं, उनमें मेरठ मंडल के सभी छह जिले मेरठ गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ के अलावा मुजफ्फरनगर और शामली भी शामिल हैं।

एनसीआर में दिल्ली, हरियाणा के 14, राजस्थान के दो और उत्तर प्रदेश के आठ जिले शामिल हैं। उप्र में यह 14,826 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। मंडलायुक्त (मेरठ) सेल्वा कुमारी जे ने पीटीआई-भाषा को बताया, वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण प्रशासन द्वारा इन जिलों के सभी स्कूलों को अगले आदेश तक कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के दिशा-निर्देशों को भी पूरे मंडल में लागू किया जा रहा है।

मंगलवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर निर्देशित किया गया कि जीआरएपी चरण-चार के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

मीणा ने निर्देश दिया, चरण-चार में निर्माण और ध्वस्तीकरण गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। धूल प्रदूषण को रोकने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में कचरा जलाने की घटनाओं पर तत्काल कार्यवाही करते हुए दोषी के खिलाफ जुर्माना लगाने की कार्वाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए नियमित रूप से वाहनों की जांच की जानी चाहिए और वैध पीयूसी प्रमाणपत्र के बिना वाहन चलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। एनसीआर में पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ भी कार्वाई की जानी चाहिए।

बागपत के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी इसी तरह के उपायों को सख्ती से लागू करने के आदेश दिए। अधिकारियों ने बताया, जीआरएपी-चार के तहत सभी निर्माण और ध्वस्तीकरण की गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। डीजल वाहनों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिनमें बीएस-तीन और बीएस-चार वाहन शामिल हैं, साथ ही डीजल से चलित 10 साल और पेट्रोल से चलित 15 साल से अधिक पुराने वाहनों पर भी प्रतिबंध है।

परिवहन विभाग ने प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाले ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्वाई शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, जनरेटर पर निर्भरता कम करने के लिए जिलाधिकारी सिंह ने पूरे जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया है।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने सभी सड़क निर्माण गतिविधियों को रोक दिया है और कृषि तथा राजस्व विभाग दोनों ने पराली जलाने के खिलाफ कार्वाई करते हुए बागपत में उल्लंघनकर्ताओं पर कुल 12,500 रुपए का जुर्माना लगाया है।

# वारियर के खिलाफ अखबारों में छपा माकपा का विज्ञापन सांप्रदायिक प्रकृति का : कांग्रेस

**भाषा।** पलक्कड़

केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ छोड़ उसके साथ आए संदीप वारियर को लेकर दो अखबारों में सत्तारूढ़ माकपा द्वारा दिए गए विज्ञापन की मंगलवार को आलोचना की ओर उसे सांप्रदायिक और हताशा में उठाया गया कदम करार दिया।

विज्ञापन में वारियर द्वारा कथित तौर पर भाजपा में रहते हुए किए गए कई सोशल मीडिया पोस्ट के स्क्रीनशॉट शामिल थे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने अपने कदम का बचाव करते हुए कहा कि उसने कई अंग्रेजी और मलयालम अखबारों में विज्ञापन दिया और इसके पीछे मंशा यह बताना था कि कांग्रेस ने एक ऐसे व्यक्ति को अपने पाले में ले लिया है जिसकी मानसिकता सांप्रदायिक है, क्योंकि वारियर ने अपने पिछले कांग्रेस विरोधी और कथित रूप से गैर-धर्मनिरपेक्ष पोस्ट को नहीं हटाया है। माकपा के आरोपों को खारिज करते हुए केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) प्रमुख के. सुधाकरन ने कहा कि यह विज्ञापन राज्य में सत्तारूढ़ दल की हताशा का संकेत है। उन्होंने कहा, शुरू में वे उन्हें (वारियर को) अपने पाले में करना चाहते थे।

ए. के. बालन सहित उनके कई नेता उन्हें पवित्र आत्मा कहते थे। अब उन्होंने अपना सुर बदल लिया है। सुधारकरन ने कहा कि माकपा बेशर्म है। पलक्कड़ उपचुनाव में यूडीएफ उम्मीदवार राहुल ममकूटाथिल ने सवाल किया, क्या माकपा नहीं चाहती कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग अपनी सांप्रदायिक मानसिकता छोड़ दें और धर्मनिरपेक्ष बनें?

क्या यह अच्छी बात नहीं है कि एक व्यक्ति ने संघ और उसके सांप्रदायिक विचारों को छोड़कर धर्मनिरपेक्ष रुख अपनाया है? उन्होंने कहा, मैं समझ सकता हूं कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन क्यों चाहते हैं कि संघ मजबूत हो, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और राज्य के आबकारी मंत्री एम.बी. राजेश ऐसा क्यों चाहते हैं? युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ममकूटाथिल ने सवाल किया, निर्वाचन आयोग ने ऐसे स्पष्टतः सांप्रदायिक विज्ञापन की अनुमति कैसे दी? उन्होंने कहा कि यदि माकपा वारियर को अपने पाले में ले आने में सफल होती तो विज्ञापनों में कहा जाता - साम्प्रदायिकता से साम्यवाद की ओर।

ममकूटाथिल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए केरल सरकार के मंत्री राजेश ने कहा कि उनकी टिप्पणी इंगित करती है कि कांग्रेस और यूडीएफ पलक्कड़ में अपनी आसन्न हार से भयभीत हैं। उन्होंने कहा, इससे स्पष्ट हो गया है कि उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली है। राजेश ने सवाल उठाया कि कांग्रेस के खिलाफ वारियर की पोस्ट अभी तक क्यों नहीं हटाई गईं? उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को कम से कम उनसे कांग्रेस में शामिल होने से पहले उक्त पोस्ट को हटाने के लिए कहना चाहिए था। मंत्री ने कहा, इससे पता चलता है कि वह अब भी संघ कार्यकर्ता हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनका कांग्रेस ने स्वागत किया है। इसलिए अगर हम इस ओर इशारा करते हैं तो यह सांप्रदायिक कैसे हो सकता है।

इस बीच, वारियर ने माकपा के विज्ञापनों को काफिर स्क्रीनशॉट के समान करार दिया जो इस वर्ष की शुरुआत में वडकारा निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव से पहले प्रसारित किया गया था। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा उनके पार्टी छोड़ने और कांग्रेस में शामिल होने से दुखी है तो वह समझ सकते हैं, लेकिन माकपा इस पर इतनी चिंतित क्यों है? वारियर ने दावा किया, मेरा मानना है कि विज्ञापन के लिए भाजपा ने ही भुगतान किया है।

# भारत की 30 प्रतिशत भूमि पर मिट्टी की खराब होती गुणवत्ता कृषि के लिए खतराः कृषि मंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**कृषि** मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को मिट्टी की खराब होती उर्वरता पर चिंता व्यक्त की जिससे भारत की 30 प्रतिशत भूमि प्रभावित हो रही है। उन्होंने टिकाऊ खेती के वास्ते मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तत्काल उपाय करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

मृदा पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि भुखमरी को समाप्त करने, जलवायु कार्वाई तथा भूमि पर जीवन से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के लिए मृदा की गुणवत्ता में सुधार करना जरूरी है। मंत्री ने कहा, हम प्रतिवर्ष 33 करोड़ टन से अधिक खाद्यान्नों का उत्पादन कर रहे हैं और 50 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का निर्यात कर रहे हैं। हालांकि, यह सफलता चिंता के साथ आई है, विशेष रूप से मृदा गुणवत्ता के संबंध में..।

चौहान ने बताया कि भारत की करीब 30 प्रतिशत भूमि की गुणवत्ता बढ़ती उर्वरक खपत, उर्वरकों के असंतुलित इस्तेमाल, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और गलत मृदा प्रबंधन प्रथाओं के कारण कम होती जा रही है। मंत्री ने किसानों को 22 करोड़ से अधिक मृदा गुणवत्ता कार्ड वितरित करने तथा सूक्ष्म सिंचाई, जैविक व प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने सहित विभिन्न सरकारी पहलों पर प्रकाश डाला। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अधिक केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है, खासकर बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा और जलवायु परिवर्तन चुनौतियों को देखते हुए। चौहान ने कहा कि वैज्ञानिकों तथा किसानों के बीच की खाई को पाटने के लिए जल्द ही आधुनिक कृषि पर एक नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने ब्राजील तथा अर्जेंटीना जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों में संरक्षित कृषि व जुताई रहित विधियों के सफल कार्यान्वयन के बावजूद भारत और दक्षिण एशिया में इन्हें सीमित रूप से अपनाए जाने पर सवाल उठाया। चंद ने सम्मेलन में कहा कि हालांकि कुछ गैर सरकारी संगठन और निजी कंपनियां पुनर्योजी कृषि तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही हैं, लेकिन इन पहलों का दायरा सीमित है। उन्होंने भारतीय मृदा वैज्ञानिक सोसायटी (आईएसएसएस) से बड़े पैमाने पर समाधान की अगुवाई करने का आह्वान किया।

# सर्वोच्च न्यायालय ने मलयालम अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत मंजूर की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में आरोपी एवं मलयालम अभिनेता सिद्दीकी को राहत देते हुए उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि वरिष्ठ अभिनेता को अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा और जांच अधिकारी के साथ सहयोग करना होगा। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य पर भी गौर किया कि 2016 में हुई कथित घटना के आठ साल बाद अगस्त में इस मामले में शिकायत दर्ज की गई।

उसने कहा, विशेष रूप से मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हमें यह उचित लगता है कि विस्तृत कारण न बताया जाए। पीठ ने कहा, शिकायतकर्ता ने 2016 में हुई कथित घटना के लगभग आठ साल बाद शिकायत दर्ज कराई और उसने फेसबुक पर भी पोस्ट 2018 में साझा की थी, जिसमें कथित यौन शोषण के संबंध में याचिकाकर्ता सहित 14 लोगों के खिलाफ आरोप लगाए गए थे और यह भी तथ्य है कि वह केरल सरकार द्वारा गठित हेमा समिति के पास नहीं गई। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हम मौजूदा याचिका को कुछ शर्तों के साथ स्वीकार करने के पक्ष में हैं।

पीठ ने शिकायत दर्ज कराने में देरी को लेकर शिकायतकर्ता से सवाल करते हुए कहा कि उसमें फेसबुक पर पोस्ट साझा करने का साहस था लेकिन वह पुलिस के पास जाकर प्राथमिकी दर्ज नहीं करा सकी। सिद्दीकी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि उनके मुवक्किल की प्रतिष्ठा धूमिल की जा रही है और उन्होंने 2016 से शिकायतकर्ता से मुलाकात नहीं की है। रोहतगी ने कहा, उसने (शिकायतकर्ता ने) सोशल मीडिया पर सभी के खिलाफ आरोप लगाए हैं। उसने यौन शोषण का आरोप लगाया है। उसने 2018 में अपने सोशल मीडिया पोस्ट में 14 लोगों का नाम लिया और मेरी (सिद्दीकी की) छवि खराब की एवं चरित्र हनन किया।

वरिष्ठ वकील ने अदालत से कहा कि 66 वर्षीय सिद्दीकी 1986 से अभिनेता हैं। केरल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार ने कहा कि जब से इस अदालत ने सिद्दीकी को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण दिया है, तब से वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे। कुमार ने कहा, हमारा उन्हें हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करना आवश्यक है। हमने 22 गवाहों से पूछताछ की है तथा कई और से पूछताछ की जानी बाकी है। उनके (सिद्दीकी के) खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है। शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा कि सिद्दीकी ने 2014 में फेसबुक पर शिकायतकर्ता की तस्वीर लाइक करने के बाद पहली बार उससे संपर्क किया था। ग्रोवर ने कहा कि 2016 में शिकायतकर्ता को एक थिएटर में फिल्म के प्रिव्यू के लिए आमंत्रित किया गया था, जहां से उसे अस्पताल ले जाया गया था। पीठ ने उनसे पूछा कि क्या शिकायतकर्ता ने फिल्मों में काम किया है। ग्रोवर ने कहा, शिकायत करने का यह परिणाम निकला। मैंने (शिकायतकर्ता ने) कुछ फिल्मों में काम किया है, लेकिन उनके खिलाफ शिकायत दर्ज होने के बाद से मुझे फिल्म उद्योग में ज्यादा काम नहीं मिला। रोहतगी ने कहा कि जब से अदालत ने सिद्दीकी को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण दिया है, जांच अधिकारी ने उन्हें पूछताछ के लिए दो बार बुलाया है और उनसे वे गैजेट मांगे हैं जिनका इस्तेमाल अभिनेता ने 2016 में किया था।

## पेज 1 का शेष

### न्यायाधीश....

तुषार मेहता और गोपाल शंकरनारायणन समेत कई वकीलों ने सिब्बल का समर्थन किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से शीर्ष अदालत को डिजिटल माध्यम से सुनवाई करनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, जिस तरह से हम आज काम कर रहे हैं, अगर कोई ऑनलाइन रहकर काम करना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है। शंकरनारायणन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में रोजाना करीब 10,000 वकील अपने निजी वाहनों से आते हैं। उन्होंने कहा कि वकीलों के क्लर्क भी अक्सर निजी वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, वह इसे (ऑनलाइन काम करने का विकल्प) संबंधित वकीलों पर छोड़ते हैं। हमने उन्हें यह सुविधा दी है कि आप जब भी डिजिटल माध्यम से पेश होना चाहें, आप ऐसा कर सकते हैं। शंकरनारायणन ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप के चौथे चरण के तहत प्रतिबंध लागू हैं और शहर की अदालतों के लिए ऐसे कोई विशेष निर्देश नहीं हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आपके पास विकल्प है, आप उस विकल्प का इस्तेमाल करें। हम पहले ही ऐसा कह चुके हैं। हम सभी का ध्यान रखेंगे। शीर्ष अदालत ने सोमवार को इस तथ्य पर संज्ञान लिया कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अत्यधिक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है और उसने सभी दिल्ली-एनसीआर राज्यों को चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के लिए तुरंत टीम गठित करने का निर्देश दिया। उसने यह भी स्पष्ट किया कि अगले आदेश तक प्रतिबंध जारी रहेंगे।

### चुनाव की...

नियंत्रित करने के लिए क्षितिज ठाकुर के वहां पहुंचने के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई। उस समय नालासोपारा के भाजपा उम्मीदवार राजन नाइक के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी बाहर जमा हो गए थे।

### रूसी...

देशों के समूह के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस के कज़ान का दौरा किया था। दोनों नेताओं ने शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक की। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के यूक्रेन को अमेरिका द्वारा आपूर्ति की गई लंबी दूरी की मिसाइलों से रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने देने के फैसले पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर, पेसकोव ने चेतावनी दी कि यह संघर्ष को और बढ़ाएगा और युद्ध को बढ़ाएगा। पेसकोव की टिप्पणी उस दिन आई जब राष्ट्रपति पुतिन ने एक संशोधित परमाणु सिद्धांत पर हस्ताक्षर किए, जिसमें घोषणा की गई कि किसी भी देश द्वारा रूस पर पारंपरिक हमला, जो किसी परमाणु शक्ति द्वारा समर्थित है, उनके देश पर एक संयुक्त हमला माना जाएगा। पुतिन ने नई परमाणु निवारक नीति का समर्थन 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन में सेना भेजने के 1,000वें दिन किया है।

### कबाड़ में...

में, दिल्ली सरकार ने जीवन के अंत वाले वाहनों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसमें कहा गया था कि उनके मालिक 10,000 रुपये का जुर्माना देकर और यह वचन देकर कि वे शहर की सड़कों पर नहीं चलेंगे, अपनी कारों को छुड़ा सकते हैं। मालिकों को कारों को सार्वजनिक स्थान पर नहीं बल्कि निजी स्थान पर पार्क करना होगा।

### शीतकालीन...

किए जाएंगे, जिनमें 26 नवंबर को संविधान दिवस, 6 दिसंबर को डॉ. बी.आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि और 13 दिसंबर को संसद हमले की वर्षगांठ पर आयोजित होने वाला समारोह शामिल है। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि अध्यक्ष ने सभी संबंधित पक्षों को कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बिरला ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की और अधिकारियों को सांसदों के लिए निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के बीच संतुलन बनाए रखने का निर्देश दिया।

### साइन बोर्ड...

आवश्यकता पर जोर दिया। 4 अगस्त, 2024 को दायर याचिका में अस्सी और वरुणा के जीर्णोद्धार कार्य की धीमी प्रगति पर जोर दिया था। एनजीटी ने मूल रूप से 2021 में जीर्णोद्धार कार्य पूरा करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की थी, लेकिन तीन साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई खास कार्रवाई नहीं हुई है। नवंबर 2021 में पर्यवेक्षी और निष्पादन समितियों की बैठक के बाद आधिकारिक तौर पर जीर्णोद्धार प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन याचिकाकर्ता के अनुसार, परियोजना नौकरशाही की प्रक्रियाओं तक ही सीमित है, जमीन स्तर पर कोई ठोस काम नहीं दिख रहा है। 13 दिसंबर की सुनवाई के करीब आते ही, अब सभी की निगाहें राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वे प्रगति की कमी के लिए जवाबदेही तय करें और गंगा और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के प्रयासों को आगे बढ़ाएँ, जो क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# स्पेस एक्स ने इसरो का 4,700 किलो वजनी संचार उपग्रह अमेरिका से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया

**बेंगलुरु (भाषा)।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने देश के नवीनतम संचार उपग्रह जीसैट-एन2 को अमेरिका के केप कैनवेरल से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने यह जानकारी दी। एनएसआईएल ने बताया कि यह संचार उपग्रह पूरे भारतीय क्षेत्र में ब्रॉडबैंड सेवाओं और विमानों की उड़ान में कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा। देश की अंतरिक्ष एजेंसी के शीर्ष वैज्ञानिकों और पूर्व प्रमुखों ने बताया कि चूंकि इस उपग्रह का वजन इसरो की वर्तमान प्रक्षेपण क्षमताओं से अधिक है इसलिए अंतरिक्ष एजेंसी को विदेशी प्रक्षेपण यान की मदद लेनी पड़ी।

इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. सिवन ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस उपग्रह का वजन इसरो के प्रक्षेपण यानों की क्षमता से अधिक था, इसीलिए इसे (प्रक्षेपण के लिए) बाहर भेजा गया। एनएसआईएल ने बताया कि फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए 4,700 किलोग्राम वजनी जीसैट-एन2 हाई-थ्रूपुट (एचटीएस) उपग्रह को उसकी वांछित कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। एनएसआईएल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एनएसआईएल के जीसैट-एन2 हाई-थ्रूपुट (एचटीएस) संचार उपग्रह को 19 नवंबर 2024 को अमेरिका के केप कैनवेरल से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। एनएसआईएल ने कहा, 4,700 किलोग्राम वजनी जीसैट-एन2 को वांछित भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित कर दिया गया है और इसरो की मास्टर कंट्रोल फैसिलिटी (एमसीएफ) ने उपग्रह का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि उपग्रह अच्छी स्थिति में है। उसने बताया कि एनएसआईएल का दूसरा मांग आधारित उपग्रह जीसैट-एन2 एक केए-बैंड हाई थ्रूपुट संचार उपग्रह है जो पूरे भारतीय क्षेत्र में ब्रॉडबैंड सेवाओं और विमानों की उड़ान में कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा। जीसैट-24 एनएसआईएल का पहला मांग आधारित उपग्रह था और इसे 23 जून, 2022 को फ्रांस में फ्रेंच गुयाना के कौरू से प्रक्षेपित किया गया था।

# सीमाओं को सुरक्षित रखने के साथ-साथ देश की संस्कृति को भी सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण : राजनाथ

भाषा। हैदराबाद

**● कहा, भारत पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखता है**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने देश में एकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विभाजन को हमेशा हार का सामना करना पड़ा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की संस्कृति की सुरक्षा करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि सीमाओं को सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा, जब भी हमारी एकता कमजोर हुई है तब-तब आक्रमणकारियों ने हमारी सभ्यता और हमारी संस्कृति को नष्ट करने की पूरी कोशिश की है। इसलिए इतिहास से सीख कर एकता की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। मंत्री ने कहा, जो लोग विभाजन करते हैं वे विभिन्न धर्मों, जातियों और संप्रदायों सहित कई आधारों पर लोगों को बांटने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन आपको विभाजित नहीं होना चाहिए। आपको न तो विभाजित होना चाहिए और न ही दूसरों को विभाजित करना चाहिए। पूरे देश को एक साथ रहना होगा। हमें एकजुट रहना है। यदि हम विभाजन से बचते हैं तो हम विकास की ओर बढ़ेंगे और एक विकसित एवं मजबूत भारत का निर्माण करेंगे।

राजनाथ सिंह ने एक निजी टीवी चैनल द्वारा आयोजित किए गए कोटी दीपोत्सवम समारोह के दौरान यह टिप्पणी की। प्राचीन शास्त्रों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एकता समाज की ताकत है। सिंह ने कहा कि एकता सुनिश्चित करके इस प्रकाश को न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में फैलाना चाहिए क्योंकि भारत पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सांस्कृतिक पुनरुत्थान पर ध्यान दे रही है। राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ-साथ देश के लिए सांस्कृतिक



विकास भी इतना ही महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि कोई देश अपनी संस्कृति को खो देता है तो उसे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, रक्षा मंत्री होने के नाते यह सुनिश्चित करना मेरी जिम्मेदारी है कि हमारे नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित रहें। लेकिन मेरा यह भी मानना है कि देश की संस्कृति को सुरक्षित रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत केवल एक राजनीतिक इकाई नहीं है बल्कि इसकी हजारों वर्षों की सांस्कृतिक पहचान भी है, जिसके कारण हम दुनिया भर में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी देश सिर्फ जमीन के टुकड़े और उसके लोगों से नहीं बनता, बल्कि एक राष्ट्र उसकी संस्कृति से बनता है। उन्होंने कहा, अगर किसी देश के लोगों में अपनी संस्कृति के प्रति नफरत भरी जाए, तो वह देश किसी समय विभाजित हो जाएगा। सिंह ने कहा, जिन लोगों ने भारत और उसके लोगों को विभाजित करने की कोशिश की, उन्होंने हमारी संस्कृति को कमतर दिखाने की कोशिश की, लेकिन देशवासियों की जागरूकता के कारण वह दौर अब खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि अब देश में सांस्कृतिक पुनरुत्थान हो रहा है।

# ईडी ने हिमाचल और उत्तर प्रदेश में अवैध खनन के मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, शिमला (भाषा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश की नदियों में खनिजों के कथित अवैध खनन से जुड़े धनशोधन के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। संघीय जांच एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि दोनों आरोपियों ज्ञानचंद और संजय धीमान को सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दोनों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। एजेंसी के मुताबिक यह मामला हिमाचल प्रदेश में ब्यास नदी और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में यमुना नदी में अनधिकृत तरीके से रेत और खनिज खनन से संबंधित है।

विज्ञप्ति के मुताबिक ईडी को औपचारिक शिकायतें और खुफिया सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें ज्ञानचंद सहित कई खनन माफियाओं द्वारा ब्यास नदी से अवैध रेत और खनिज खनन करने और इससे सैकड़ों करोड़ रुपए की आपराधिक आय अर्जित करने का आरोप लगाया गया। ईडी ने धन शोधन का मामला दर्ज करने के लिए दोनों राज्यों में दर्ज पुलिस प्राथमिकियों का संज्ञान लिया। विज्ञप्ति के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और ऊना जिलों में अवैध खनन से संबंधित विभिन्न पुलिस थानों दर्ज छह प्राथमिकी का विश्लेषण किया गया है। आरोप है कि सरकारी जमीन पर अवैध खनन गतिविधियां चल रही थीं और इस गतिविधि में टिपर, भारी अर्थमूवर मशीनें, जेसीबी और ट्रैक्टर का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसमें कहा गया है, ए वाहन खनिजों के अवैध निकासी में संलिप्त थे तथा इन्हें गैर कानूनी तरीके से वाहनों में क्षमता से अधिक लादकर पत्थर तोड़ने वाली मशीनों तक ले जाया जा रहा था। ईडी के मुताबिक ज्ञानचंद के खिलाफ एक नवंबर को सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के बेहट पुलिस थाना में खान एवं खनिज (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 1957 और कुछ अन्य कानूनों के तहत एक और प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इस शिकायत को हिमाचल प्रदेश में दर्ज शिकायतों के साथ जोड़ दिया गया था। संघीय एजेंसी के मुताबिक विभिन्न व्यक्तियों के ठिकानों की तलाशी ली गई और अपराध में संलिप्तता का संकेत करने वाली सामग्री की जांच में ज्ञात हुआ कि ज्ञानचंद और उसके सहयोगी ब्यास नदी से लेकर यमुना नदी तक अवैध खनन कार्यों में संलिप्त हैं। राज्य के पूर्व उद्योग मंत्री और भाजपा के नेता बिक्रम सिंह ने ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री के करीबी लोग जेल में हैं।

# महासागरों से गहराई से जुड़ी हुई राष्ट्रों की सुरक्षा और समृद्धि : मोदी

**नई दिल्ली( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रों की सुरक्षा और समृद्धि महासागरों से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है और सरकार ने भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। नाइजीरिया स्थित कैंप कार्यालय से भेजे गए अपने संदेश में मोदी ने मानवता के समृद्ध भविष्य की साझेदारी के वास्ते आम सहमति बनाने के लिए नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे सागरमंथन, महासागर संवाद को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज, राष्ट्रों की सुरक्षा और समृद्धि महासागरों से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। महासागरों की क्षमता को समझते हुए, भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई परिवर्तनकारी कदम उठाए गए हैं।

दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा समुद्री विचार मंच सागरमंथन सोमवार को शुरू हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, महासागरों की क्षमता को देखते हुए, भारत की समुद्री दक्षता को बढ़ाने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। पिछले दशक में समृद्धि के बंदरगाह , प्रगति के बंदरगाह और उत्पादकता के बंदरगाह के विजन से प्रेरित होकर हमने अपने बंदरगाहों की क्षमता को दोगुना कर दिया है। उन्होंने कहा, बंदरगाहों की कार्यकुशलता को बढ़ाकर, जहाज से माल उतारने तथा लादने के समय को कम करके और एक्सप्रेसवे, रेलवे तथा नदी नेटवर्क के माध्यम से शुरू से अंत तक की कनेक्टिविटी को मजबूत करके हमने भारत के समुद्र तटीय रेखा को बदल दिया है। भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और इस क्षेत्र के विकास के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि देश की समुद्री परंपरा कई सहस्राब्दियों पुरानी है और यह दुनिया में सबसे समृद्ध परंपराओं में से एक है।

# शीर्ष अदालत में मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को भी होगी नियमित मामलों की सुनवाई : सूत्र

**नई दिल्ली( भाषा )।** उच्चतम न्यायालय की विभिन्न पीठों के पास आंशिक सुनवाई वाले नियमित और अत्यावश्यक मामलों पर गैर-विविध दिनों यानी मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को भी सुनवाई करने का विकल्प होगा। शीर्ष अदालत के एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद उच्चतम न्यायालय में मामलों की सुनवाई के संबंध में जारी परिपत्र में कहा गया था कि बुधवार और बृहस्पतिवार को नियमित सुनवाई वाले मामले सूचीबद्ध नहीं होंगे।

हालांकि, पुरानी परंपरा के तहत शीर्ष अदालत की विभिन्न पीठ मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को नियमित मामलों की सुनवाई करती थीं, जिनमें आंशिक सुनवाई वाले नियमित मामले भी शामिल थे। वहीं, सोमवार और शुक्रवार को, जिन्हें विविध दिन भी कहा जाता है, विभिन्न पीठें नए मामलों के अलावा उन मामलों की सुनवाई करती थीं, जो नोटिस जारी होने के बाद उनके समक्ष रखे जाते हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने नोटिस जारी होने के बाद के मामलों की संख्या में कमी लाने के लिए गैर-विविध दिनों में सुनवाई के नियम में बदलाव किया था।

शीर्ष अदालत की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया था, अब से मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को नोटिस जारी होने के बाद के विविध मामलों को सूचीबद्ध किया जाएगा, जिनमें स्थानांतरण याचिकाएं और जमानत संबंधी मामले शामिल भी हैं। बुधवार और बृहस्पतिवार को नियमित सुनवाई वाला कोई भी मामला अगले आदेश तक सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा। परिपत्र में कहा गया था, विशेष पीठ या आंशिक सुनवाई वाले मामले, फिर चाहे विविध सुनवाई हो या नियमित सुनवाई, जिन्हें मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है, उन्हें भोजनावकाश के बाद के सत्र में या सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार सूचीबद्ध किया जाएगा।

शीर्ष अदालत के सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा कि न्यायाधीशों के पास हर मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को अदालत की सुविधा के अनुसार भोजनावकाश के बाद के सत्र में आंशिक रूप से सुने गए नियमित या अत्यावश्यक नियमित मामलों की सुनवाई करने का विकल्प होगा। सूत्र के मुताबिक, प्रधान न्यायाधीश ने पिछला फैसला नोटिस जारी होने के बाद के मामलों का बोझ कम करने के लिए लिया था और अगर जरूरत पड़ी, तो दिसंबर 2024 के मध्य या उससे पहले स्थिति की समीक्षा की जाएगी। सूत्र ने बताया कि नोटिस के बाद के विविध मामलों और उनसे संबंधित मामलों की कुल संख्या करीब 37,317 (20,930 मुख्य मामले और 16,387 संबंधित मामले) है।

## देवबंद में 1993 में हुए बम विस्फोटों का आरोपी 31 वर्ष बाद श्रीनगर से गिरफ्तार

**श्रीनगर, सहारनपुर ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने राज्य के देवबंद में 1993 में हुए विस्फोट के मुख्य आरोपी नजीर अहमद वानी को जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले से गिरफ्तार कर लिया है। वानी को उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने जम्मू कश्मीर पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। वानी ने हाल में हुए जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में बडगाम विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गया। वानी (51) ने चुनावी हलफनामे में अपना व्यवसाय व्यापार बताया था। उसने अपने चुनावी हलफनामे में हालांकि देवबंद विस्फोट मामले का जिक्र नहीं किया है। उधर सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि एटीएस और देवबंद पुलिस की संयुक्त कार्वाई में देवबंद में हुए बम धमाकों के आरोपी को जम्मू कश्मीर से रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# उप्र परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के दो मास्टरमाइंड ईडी हिरासत में

**नई दिल्ली( भाषा )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा तथा राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 2023 में आयोजित की गई अन्य भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के कथित लीक से संबंधित एक धनशोधन मामले में उसने दो मास्टरमाइंड आरोपियों को हिरासत में लिया है। लखनऊ की विशेष धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के निर्देश पर रवि अत्रि और सुभाष प्रकाश को हिरासत में लिया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक मामले में दोनों को गिरफ्तार किया था और दोनों जेल में निरूद्ध थे। ए दोनों उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक और 2023 में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के आरओ (समीक्षा अधिकारी) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले के मास्टरमाइंड हैं। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, उन्होंने और उनके सहयोगियों ने इन परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को लीक किया तथा निर्धारित तिथि से पहले उम्मीदवारों को ए लीक प्रश्नपत्र उपलब्ध कराकर आपराधिक कमाई की। ईडी ने कहा कि उम्मीदवारों के लिए हरियाणा के मानेसर और मध्य प्रदेश के रीवा में रिजार्ट्स में रूकने की व्यवस्था की गई थी। ईडी ने कहा, परीक्षा अधिसूचना जारी होने के तुरंत बाद और परीक्षा की तिथि तकाबाद में आरोपियों के बैंक खातों में महत्वपूर्ण धनराशि अंतरण (जमा) और नकद जमा देखी गई।

## अदालत ने दिया संभल की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश

**संभल ( भाषा )।** संभल की एक अदालत ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को जिले की कथित जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया जिसमें दावा किया गया कि इस मस्जिद का निर्माण किसी मंदिर को खंडित करके किया गया। इस मामले में याचिकाकर्ता एवं उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया, आज माननीय दीवानी अदालत संभल ने मेरी याचिका पर जिले में कथित जामा मस्जिद का अधिवक्ता आयुक्त के माध्यम से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया है। इस मस्जिद को हरिहर मंदिर मंदिर के रूप में जाना जाता है। उन्होंने दावा करते हुए कहा, संभल में हरिहर मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है। विष्णु शंकर जैन और उनके पिता हरि शंकर जैन ने ज्ञानवापी-काशी विश्वनाथ विवाद सहित पूजा स्थलों से संबंधित कई मामलों में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व किया है। जैन ने बताया कि याचिका में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, मस्जिद कमेटी और संभल के जिलाधिकारी को पक्षकार बनाया गया है। उन्होंने कहा, यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) संरक्षित क्षेत्र है। एएसआई संरक्षित क्षेत्र में किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। यहां कई ऐसे चिह्न और प्रतीक हैं जो हिंदू मंदिर के हैं। जैन ने कहा, इन सभी पहलुओं पर विचार करते हुए, संभल के माननीय दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ डिविजन) ने अधिवक्ता आयुक्त के माध्यम से वीडियो और फोटोग्राफी का उपयोग करके स्थल का सर्वेक्षण करने और रिपोर्ट अदालत को सौंपने का आदेश जारी किया है। जैन ने दावा किया कि मुगल सम्राट बाबर ने 1529 में मंदिर को आंशिक रूप से ध्वस्त कर दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, ऐसा माना जाता है कि कल्कि अवतार संभल में होना है।

## समाज को संस्कारवान बनाने में संस्कृत विदुषियों की भूमिका अहम : पर्वतारोही संतोष यादव

**नई दिल्ली।** पर्वतारोही संतोष यादव ने कहा कि संस्कृत विदुषियां समाज को संस्कारवान बना सकती हैं और बच्चों को आत्मज्ञान की शिक्षा देने से वे अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व की सबसे उंची चोटी माउंट एवरेस्ट को दो बार फतह कर चुकीं पर्वतारोही संतोष यादव ने कहा, संस्कृत की विदुषियां समाज को संस्कारवान बना सकती हैं। जन्म से पूर्व ही बच्चों को आत्मज्ञान की शिक्षा शुरू की जा सकती है, तब वह अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं और समाज को उचित दिशा दिखा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ में द साबरमती रिपोर्ट कर मुक्त

**रायपुर ( भाषा )।** छत्तीसगढ़ सरकार ने विक्रांत मेस्सी अभिनीत फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को कर मुक्त करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को छत्तीसगढ़ में कर मुक्त करने की घोषणा की है। इस फिल्म में 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन अग्निकांड की कहानी दिखाने की कोशिश की गई है। मुख्यमंत्री साय ने इस फिल्म को लेकर कहा है कि यह इसलिए भी देखी जानी चाहिए क्योंकि अतीत का अध्ययन ही हमें वर्तमान और भविष्य के बारे में बेहतर मार्गदर्शन दे सकता है। उन्होंने कहा है, यह फिल्म इतिहास के उस भयावह सत्य को उजागर करने का अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली प्रयास है जिसे निहित स्वार्थ के लिए छिपाने का प्रयास किया गया था। यह फिल्म तात्कालिक सिस्टम की उस सच्चाई को उजागर करती है, जो झूठी कहानी फैलाकर सत्य को दबाने का निंदित प्रयास करती थी।



धाराशिव स्थित मंदिर में पत्नी रश्मि के साथ पूजा करते शिवसेना यूटीबी नेता उद्धव ठाकरे

# खरगे का राष्ट्रपति से आग्रहः मणिपुर के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें

**नई दिल्ली ( भाषा )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह मणिपुर के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें ताकि राज्य के लोगों की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर हिंसा रोकने तथा सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल रहने का आरोप भी लगाया और दावा किया कि प्रदेश की जनता अब इन दोनों सरकारों में विश्वास खो चुकी है। मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा होने के बाद खरगे ने राष्ट्रपति को दो पृष्ठों का यह पत्र लिखा है।

खरके ने कहा, देश को असाधारण रूप से गंभीर त्रासदी झेलनी पड़ी है। पिछले 18 महीनों से मणिपुर में अभूतपूर्व उथल-पुथल के कारण महिलाओं, बच्चों सहित 300 से अधिक लोगों की जान चली गई है। इस त्रासदी ने लगभग एक लाख लोगों को आंतरिक रूप से विस्थापित कर दिया है। लोगों की पीड़ा लगातार बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकार की निष्क्रियता के चलते मणिपुर में पूरी तरह अराजकता व्याप्त है, कानून का शासन खत्म हो गया है और मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मणिपुर जाने से इनकार करना किसी की भी समझ से परे है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मेरा मानना है कि यह आपके लिए संवैधानिक रूप से अनिवार्य हो गया है कि आप तत्काल हस्तक्षेप करें ताकि मणिपुर में हमारे नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

उनका कहना है, मुझे विश्वास है कि आपके हस्तक्षेप से मणिपुर के लोग फिर से अपने घरों में शांति, सम्मान और सुरक्षा के साथ रह सकेंगे। इससे पहले दिन में, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के साथ मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख के. मेघचंद्र सिंह, राज्य प्रभारी गिरीश चोडानकर, इनर मणिपुर के सांसद ए बिमोल अकोइजम और अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने खरगे से मुलाकात की और उन्हें स्थिति से अवगत कराया। कांग्रेस अध्यक्ष ने मणिपुर की वर्तमान स्थिति के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जानबूझकर की गई चूक और कमीशन के कृत्य तथा अत्यधिक निष्क्रियता को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, हर गुजरते दिन के साथ, मणिपुर के लोग असुरक्षित होते जा रहे हैं। खरगे ने पत्र में कहा, मणिपुर के लोगों की मांग के बावजूद मई, 2023 से प्रधानमंत्री ने राज्य का दौरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पिछले 18 महीनों में तीन बार मणिपुर का दौरा कर चुके हैं।

# सरकार कश्मीर, पूर्वोत्तर, नक्सल प्रभावित इलाकों में हिंसा को 70% तक कम करने में सफल रही: शाह

भाषा। गांधीनगर

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा को 70 प्रतिशत तक कम करने में सफल रही है। शाह ने यहां राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान भरोसा जताया कि आगामी दशक भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को दुनिया में सबसे अधिक वैज्ञानिक और सबसे तेज बना देगा। शाह ने कहा, कई वर्षों से तीन क्षेत्रों को बहुत अशांत माना जाता था - कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित इलाके। हमने इन तीनों क्षेत्रों में सुरक्षा के मामले में उल्लेखनीय सुधार किया है। पिछले 10 साल के आंकड़ों की तुलना, उससे पहले की अवधि से करने पर पता चलता है कि हम हिंसा को 70 प्रतिशत तक कम करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। बड़ी संख्या में लोगों ने हिंसा को कम करने के सरकार के प्रयासों का पूरे दिल से समर्थन किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में नशीले पदार्थों को जब्त किए जाने की घटनाएं एक दशक पहले की तुलना में छह गुना बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से लोगों को देश के किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज होने के तीन साल के भीतर उच्चतम न्यायालय से न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा, आगामी 10 साल भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को सबसे आधुनिक, सबसे वैज्ञानिक और सबसे तेज बनाने का समय है। जब से मैं पैदा हुआ हूं, तब से मैंने आक्षेप सुने हैं कि अदालत से न्याय देरी से मिलता है। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद देश के किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर उच्चतम न्यायालय से न्याय मिल जाएगा।

देश में तीन नए आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) इस साल एक जुलाई से लागू हुए और उन्होंने ब्रिटिशकालीन क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया। शाह ने कहा कि भारत एक दशक में 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। उन्होंने कहा कि उन्हें एक अप्रैल, 2028 से पहले भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने का भरोसा है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास, बुनियादी ढांचे और व्यापार समेत हर क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में भारत ने प्रगति की है और वह दुनिया का नेतृत्व कर रहा है तथा इस प्रगति ने देश की चुनौतियों को बढ़ाया है। शाह ने कहा, जब आप किसी व्यवस्था में आगे बढ़ते हैं तो आप किसी की जगह लेते हैं जिससे प्रतिरोध पैदा होता है। आपको प्रतिरोध का आकलन करने के बाद आगे बढ़ना होता है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने चुनाव सुचारू रूप से संपन्न कराए और उसने कोविड-19 महामारी से अच्छी तरह निपटकर दुनिया को हैरान कर दिया।



गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल

शाह ने कहा, जब दुनिया हमारी ताकत को पहचानती है तो हमारी चुनौतियां बढ़ जाती हैं। हमें इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने आंतरिक सुरक्षा और आपराधिक न्याय प्रणाली के मामले में बड़े बदलाव किए हैं और इन बदलावों के लिए कड़ी मेहनत, बेहतर समन्वय और समावेशिता की आवश्यकता होती है। गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने आर्थिक और सामाजिक सुधारों के माध्यम से एक मजबूत नींव रखी है। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने से पहले व्यापक तैयारी की और सुनिश्चित किया कि वे अपने तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचें तथा भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए मददगार हों। उन्होंने कहा कि 70,000 पुलिस थाने सीसीटीएनएस (अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम) से जुड़े हुए हैं, 22,000 अदालतें ई-कोर्ट के माध्यम से जुड़ी हैं, दो करोड़ कैदियों का डेटा ई-प्रिजन प्रणाली में संग्रहीत है और 1.5 करोड़ से अधिक अभियोजन पक्ष का डेटा ई-प्रोसिक्यूशन प्रणाली में है और 23 लाख से अधिक फोरेंसिक डेटा ई-फोरेंसिक प्रणाली में है। शाह ने कहा, जब हमने तीन नए आपराधिक कानून लागू किए, तो हमने अदालत, अभियोजन, पुलिस, जेल और एफएसएल को जोड़ने की व्यवस्था की। एक प्रकार से अपराध से लेकर न्याय और जेल तक - हमने सारी कड़ियों को जोड़ने का काम किया और उसके बाद नरेन्द्र मोदी सरकार तीन नए आपराधिक कानून लाई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सुनिश्चित किया कि नागरिकों की सुरक्षा नए आपराधिक कानूनों के केंद्र में रहे और वे संविधान के तहत उन्हें दिए गए अधिकारों का लाभ उठा सकें। शाह ने कहा, नए कानूनों में प्रौद्योगिकी की सभी प्रणालियों को शामिल किया गया है और यह भी सुनिश्चित किया गया है कि प्रौद्योगिकी चाहे जितनी भी बदल जाए, कानून में बदलाव करने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा, हमने 60 विभिन्न प्रावधानों में अदालत, अभियोजन और पुलिस को समय-सीमा के भीतर काम पूरा करने के लिए बाध्य करके त्वरित न्याय की व्यवस्था की है।

# पुतिन ने परमाणु हथियारों संबंधी नई नीति पर हस्ताक्षर किए

भाषा। मॉस्को



**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को एक नई परमाणु नीति पर हस्ताक्षर किए, जिसमें घोषणा की गई है कि किसी भी परमाणु शक्ति द्वारा समर्थित देश अगर रूस पर हमला करता है तो इसे उनके देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा। पुतिन ने परमाणु निवारक संबंधी नई नीति का अनुमोदन 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन में सैनिकों को भेजने वाले हमले के 1,000वें दिन पर किया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस फैसले के बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने यूक्रेन को अमेरिका द्वारा आपूर्ति की गई लंबी दूरी की मिसाइलों से रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने की अनुमति दी थी। रूस पर कोई भी बड़ा हवाई हमला परमाणु प्रतिक्रिया को जन्म दे सकता है। ऐसे में इस नीति पर हस्ताक्षर पुतिन के पश्चिमी देशों को पीछे हटने को मजबूर करने के लिए रूस के परमाणु शस्त्रागार का उपयोग करने के संकेत को दर्शाता है। यह पूछे जाने पर कि क्या नई नीति अमेरिका द्वारा मिसाइल उपयोग के संबंध में यूक्रेन पर प्रतिबंधों में ढील देने के निर्णय के बाद जानबूझकर जारी की गई तो, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि दस्तावेज को समयबद्ध तरीके से प्रकाशित किया गया है और पुतिन ने सरकार को इस वर्ष के शुरू में इसे अद्यतन करने का निर्देश दिया था ताकि यह वर्तमान स्थिति के अनुरूप हो। पुतिन ने सितंबर में परमाणु नीति में बदलावों की पहली बार घोषणा की थी, तब उन्होंने प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा करने वाली बैठक की अध्यक्षता की थी। दस्तावेज के नए संस्करण में कहा गया है कि किसी गैर-परमाणु शक्ति द्वारा परमाणु शक्ति संपन्न देश की भागीदारी या समर्थन के साथ उनके देश के खिलाफ किए गए हमले को रूसी संघ पर उनके संयुक्त हमले के रूप में देखा जाएगा। इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इस तरह के हमले की प्रतिक्रिया में परमाणु हथियारों का आवश्यक तौर से इस्मेताल होगा या नहीं। हालांकि, इसमें नीति के पिछले संस्करण की तुलना में परमाणु हथियारों के उपयोग की शर्तों को अधिक विस्तार से बताया गया है तथा कहा गया है कि इनका उपयोग बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों, विमानों, ड्रोन और हवाई हमले वाले अन्य हथियारों से होने वाले बड़े हवाई हमले की स्थिति में किया जा सकता है। नई नीति में कहा गया है कि यदि रूस या उसके सहयोगियों के क्षेत्र को लक्ष्य करके बैलिस्टिक मिसाइलें दागे जाने बारे में विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होती है रतो रूस अपने परमाणु शस्त्रागार का उपयोग कर सकता है। संशोधित नीति में यह परिकल्पना की गई है कि रूस अपने सहयोगी बेलारूस के खिलाफ हमले के जवाब में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है।

## यूक्रेन ने ब्रांस्क क्षेत्र में अमेरिका निर्मित छह एटीएसीएम मिसाइल दागी

मॉस्को। यूक्रेन ने सोमवार रात रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में अमेरिका में निर्मित छह एटीएसीएम मिसाइल दागी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि रूसी सेना ने इनमें से पांच मिसाइल को मार गिराया, जबकि एक अन्य मिसाइल को गंभीर नुकसान पहुंचाया। मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल के टुकड़े एक सैन्य प्रतिष्ठान के परिसर में गिरे। उसने बताया कि मिसाइल का मलबा गिरने से आग लग गई, लेकिन इससे जानमाल का कोई नुकसान नही हुआ।

## रूस ने यूक्रेन के रिहायशी इलाके को तीन दिन में तीसरी बार बनाया निशाना, 12 लोगों की मौत

कीव। रूस ने पिछले तीन दिन मे तीसरी बार यूक्रेन के रिहायशी इलाके पर हवाई हमला किया, जिसमे एक बच्चे सहित 12 लोगो की मौत हो गई। यूक्रेन की बचाव सेवा के अधिकारियो ने मंगलवार को बताया कि सुमी क्षेत्र मे शहीद ड्रोन से किए गए हमले मे दो बच्चो सहित 11 घायल हो गए। उन्होने मलबे के नीचे और भी लोगो के फंसे होने की आशंका जताई। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि रूसी ड्रोन ने मंगलवार तड़के लुखीव शहर मे एक शैक्षणिक प्रतिष्ठान की डॉर्मेटरी (शयनकक्ष) को निशाना बनाया। इससे पहले, रविवार को रूस ने उत्तर यूक्रेन के सुमी क्षेत्र मे एक रिहायशी इलाके मे क्लस्टर हथियारो से लैस बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी, जिससे 11 लोगो की मौत हो गई थी और 84 अन्य घायल हुए थे। सोमवार को दक्षिणी बंदरगार शहर ओडेसा मे रूस के मिसाइल हमले से एक अपार्टमेंट मे आग लग गई, जिसमे कम से कम 10 लोग मारे गए और 43 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेस्की ने कहा कि लगातार जारी हवाई हमले साबित करते है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध खत्म करने मे कोई दिलचस्पी नही है। जेलेस्की ने कहा, रूस का हर नया हमला केवल पुतिन के वास्तविक इरादो की पुष्टि करता है।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला की हत्या का मामला : परिजन ने न्याय की गुहार लगाई

लंदन। पूर्वी लंदन में कुछ दिन पहले एक कार की डिग्गी से भारतीय मूल की एक महिला का शव बरामद होने के बाद उसके परिजन ने न्याय की गुहार लगाई है। मामले की जांच कर रही ब्रिटेन की पुलिस 24 वर्षीय हर्षिता ब्रेला की हत्या के संदेह में भारतीय मूल के उसके पति पंकज लांबा की तलाश कर रही है। इस सप्ताह बीबीसी के साथ एक साक्षात्कार में ब्रेला की मां सुदेश कुमारी, पिता सतबीर ब्रेला और बहन सोनिया डबास ने हर्षिता की मौत के बारे में रोते हुए बताया था। नॉर्थम्पटनशायर पुलिस को संदेह है कि पंकज इस माह की शुरुआत में अपनी पत्नी हर्षिता ब्रेला की हत्या करने के बाद देश छोड़कर भाग गया है। पुलिस का मानना है कि पंकज ने कॉर्बी स्थित अपने घर में हर्षिता की हत्या की और उसके शव को कार की डिग्गी में रखकर लगभग 145 किलोमीटर दूर लंदन में कार छोड़कर फरार हो गया। सतबीर ब्रेला ने दिल्ली में बीबीसी से कहा, मैं चाहता हूं कि मेरे दामाद को न्याय के कठघरे में लाएं और मेरी बेटी का शव स्वदेश लाया जाए। उन्होंने अपनी बेटी को एक सरल और गंभीर युवती बताया जो शिक्षिका बनना चाहती थी। हर्षिता ने पिछले साल लांबा से शादी की थी और अप्रैल में ब्रिटेन चली गई थी। सोनिया डबास के अनुसार, उनकी बहन एक गोदाम में काम करती थी और लांबा लंदन में एक छात्र था। डबास ने कहा, उसने अपने पति की वजह से बहुत संघर्ष किया।

## लुला की हत्या की साजिश रचने, उनकी सरकार गिराने की कोशिश करने के आरोप में पांच अधिकारी गिरफ्तार

साओ पाउलो। ब्राजील पुलिस ने 2022 के चुनाव के बाद राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला डा सिल्वा की सरकार के तख्तापलट की साजिश रचने और उनकी हत्या की योजना बनाने के आरोप में पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सेना के चार और पुलिस का एक अधिकारी शामिल है। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया है कि तख्तापलट की साजिश रचने वालों ने उपराष्ट्रपति गेराल्डो एल्कमिन और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस को भी जान से मारने की योजना बनाई थी। पुलिस के मुताबिक, पांच गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए हैं और तीन तलाशी एवं जब्ती वारंट जारी करने के साथ-साथ अन्य उपाय भी किए गए हैं, जिनमें संदिग्धों के पासपोर्ट जब्त करना और उनके दूसरों से संपर्क करने से रोकना शामिल है। गिरफ्तारी का आदेश देने वाले न्यायमूर्ति मोरेस ने कहा कि पुलिस की जांच में सामने आया है कि तख्तापलट की साजिश में सेना के विशेष बल में प्रशिक्षित सैन्यकर्मी और एक सेवानिवृत्त उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल थे।

## यूरोप की तरह सोनालीका किसानों को देगा लाभ

ग्लोबल। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स अपने अनुकूलित हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ किसानों का दिल जीत रहा है और राज्य में चल रही आईआईटीएफ कृषि भारत 2024 प्रदर्शनी में कंपनी को हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति मिली जहाँ उन्होंने सोनालीका टाइगर यूडीआई 65सीआरडीएस 4डब्ल्यूडी ट्रैक्टर लॉन्च किया। सोनालीका एक हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टर है जो डिजाइन इन यूरोप है और भारतीय मिट्टी में ताकतवर प्रदर्शन देने के लिए अनुकूलित किया गया है। यह प्रसिद्ध सोनालीका ताकत और यूरोपीय डिजाइन को एक साथ जोड़ती है और उन्नत तकनीक से सुसज्जित है। नए लॉन्च के साथ, सोनालीका ने अपने प्रभावशाली हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज में से काफी ट्रैक्टर भी पेश किया है - सोनालीका टाइगर, सिकंदर, टॉर्क प्लस, सोनालीका आई 730 समेत कई शामिल हैं। इसमें प्रत्येक ट्रैक्टर अत्याधुनिक फीचर से लैस है और लगभग सभी कृषि इम्प्लीमेंट और एप्लीकेशन में उच्च स्तरीय प्रदर्शन की गारंटी देता है। सोनालीका की यूपी और उत्तराखंड में 19प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है और यह प्रमुख ट्रैक्टर ब्रांडों में से एक है। एमिशन मानदंडों के अनुसार योग्य बनाते हुए पर्यावरण के अनुकूल और ईंधन कुशल बने रहने में सक्षम बनाती है। विवेक गोयल, प्रेसिडेंट एंड चीफ - सेल्स एंड मार्केटिंग, सोनालीका ट्रैक्टर्स, ने कहा,सोनालीका हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर उत्तर प्रदेश में किसानों की सफलता का प्रतीक है और हम लगातार कृषि तकनीकी इनोवेशन लाते हैं जो सुलभ है। पुष्पेंद्र सिंह, डिविजनल बिजनेस हेड और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ने कहा, हम गर्व से 19प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रखते हुए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रमुख ट्रैक्टर ब्रांड में से एक हैं, जो एक विविध कृषि, मिट्टी और फसल के साथ एक बड़ा बाजार है।

## पुरुष प्रधान फिल्मों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

ग्लोबल। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर हमारे जीवन में पिताए दोस्तए नेतृत्वकर्ताए स्वप्नदर्शीए संरक्षकए और पथप्रदर्शक के रूप में पुरुषों की भूमिका को सम्मानित किया जाता है। अपनी अनेकों कहानियों के साथ सिनेमा ने पुरुषत्व की भावना को बहुत खूबसूरती के साथ पेश किया हैए जिनमें साहसी एक्शन हीरो से लेकर भावनात्मक किरदारों तक उनके विकास का चित्रण है। इस दिन की खुशी मनाने के लिए टाटा प्ले बिंज आपके लिए सैम बहादुर 12जी फेल, पठान,बाहुबली 2, द कॉन्क्लुज़न फिल्मों का विशेष संग्रह लेकर आया है, जो कहानी कहने की कला द्वारा उन पुरुषों को सम्मानित कर रहा है। जो हमारे जीवन में प्रेम,प्रेरणा,नेतृत्व प्रदान करते हैं टाटा प्ले डीटीएच के सदस्य डीटीएच चैनलों के साथ मिश्रित पैक में नेटफ्लिक्स की सदस्यता ले सकते हैं। दर्शक एलजीए सैमसंग और एंड्रॉयड स्मार्ट टीवीए टाटा प्ले बिंज़ एंड्रॉयड सेट टॉप बॉक्स, अमेज़न फायरटीवी स्टिक के टाटा प्ले संस्करण और बड़ी स्क्रीन पर ये सभी ऐप्स देख सकते हैं। 30 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स देखने के लिए टाटा प्ले बिंज ऐप डाउनलोड करें। जिनमें डिज़्नी हॉटस्टार, एप्पल टीवी़, अमेज़न प्राइम वीडियो, डिस्कवरी़, डिस्ट्रोटीवी, ज़ी5, सोनीलिव, फ़्यूज़, फैनकोड, हॉलमार्क, एमएक्स प्लेयर, लॉयंसगेट प्ले, अहा, व्रॉट, पीटीसी प्लेए एनिमैक्स, सन नैक्स्ट, रीलड्रामा, स्टेज, चौपाल,नम्मा फ्लिक्स,प्लैनेट मराठी, मनोरमामैक्स, आईस्ट्रीमए तरंग प्लस,हंगामा प्ले, शेमारूमी, क्यूरियोसिटी स्ट्रीम, एपिक ऑनए ट्रैवलएक्सपीए डॉक्यूबे, शॉर्ट्सटीवीए प्लेफ्लिक्स,क्लिक और गेम्स शामिल हैं।

## दुनिया जानेगी फ्रीडम एट मिडनाइट से आजादी पाने की कहानी

इंडियाना। जाने-माने एक्टर खुर्शीद लॉयर सोनी लिव की बहुप्रतीक्षित सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' के साथ वापसी कर रहे हैं। वह महात्मा गांधी के अनुयायी प्यारेलाल नय्यर की भूमिका निभा रहे हैं। नय्यर स्वाधीनता संग्राम के समय गांधीजी के निजी सचिव भी थे। यह ऐतिहासिक कहानी लैरी कॉलिन्स और डॉमिनिक लेपिएर की प्रसिद्ध किताब पर आधारित है। इस सीरीज में मिले अनुभव और स्क्रीन पर अपनी वापसी के बारे में खुर्शीद लॉयर ने कहा, ''मैं ऐसे प्रोजेक्ट लेता हूँ, जो मुझे रिचार्ज कर देते हैं और अपने काम पर ध्यान देने में मेरी मदद करते हैं। और इसके लिये 'फ्रीडम एट मिडनाइट' जैसे प्रोजेक्ट से बेहतर क्या हो सकता था? प्यारेलाल नय्यर की भूमिका निभाने का अनुभव बेजोड़ था। स्वाधीनता संग्राम में उनके जैसे कई किरदारों को कम ही लोग जानते हैं, जो कि गांधीजी के आदर्शों, मूल्यों तथा नैतिकता पर भरोसा रखकर चलते रहे। स्वाधीनता संघर्ष के? लिये प्यारेलाल के समर्पण ने मुझे प्रभावित किया और मैं इस महत्वपूर्ण कहानी का हिस्सा बनने से खुद को रोक नहीं पाया। उन दृश्यों ने मेरे अनुभव को यादगार बना दिया, जैसे मैंने पहले कभी नहीं किये थे। निखिल आडवाणी की सोच, प्रतिभाशाली कलाकारों और कहानी के ऐतिहासिक महत्व ने यह मौका लपकने के लिये मुझे उकसाया। इस शानदार कहानी को दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया देखकर मैं बहुत खुश हूँ और मैं चाहता हूँ कि ज्यादा से ज्यादा लोग भारत की आजादी की लड़ाई का जादू देखें।

## ब्रिटेन में कर वृद्धि के खिलाफ हजारों किसानों ने प्रदर्शन किया

लंदन। ब्रिटेन सरकार के कर वृद्धि के फैसले के खिलाफ हजारो किसानो ने संसद के पास मंगलवार को प्रदर्शन किया। विवाद तब शुरू जब सरकार ने पिछले महीने अपने बजट मे 1990 के दशक से चली आ रही कर छूट को समाप्त करने का निर्णय लिया, जिसके तहत कृषि संपत्ति को उत्तराधिकार कर से छूट दी गई थी। इसके विरोध मे किसान बैनर और खिलौना ट्रैक्टर लेकर सड़क पर उतर आए। प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के डाउनिंग स्ट्रीट कार्यालय के आसपास की सड़को पर किसानो द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के सह-आयोजक ओली हैरिसन ने कहा, हर कोई गुस्से मे है। आयोजको ने प्रदर्शनकारियो से मध्य लंदन मे कृषि मशीनरी न लाने का आग्रह किया। हालांकि कुछ ट्रैक्टर डाउनिंग स्ट्रीट के पास से गुजरे। इस दौरान किसानो ने तख्तियां थामी हुई थी और बैनर लगाए हुए थे जिनमे लिखा था, किसान नही होंगे तो खाना भी नही होगा , किसानो के साथ खड़े हो, स्टॉर्मर के साथ नही। नेशनल फार्मर्स यूनियन (एनएफ्यू) द्वारा आयोजित सांसदो की मास लॉबी के लिए।,800 अन्य किसानों को संसद मे आमंत्रित किया गया था। मास लॉबी तब होती है जब बड़ी संख्या मे लोग अपने सांसदो और उच्च सदन के सदस्यों से पहले से संपर्क करते है और उसी दिन संसद मे उनसे मिलने की व्यवस्था करते है।

## ईरान में जेल में बंद नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी की सेहत को लेकर चिंताएं बढ़ीं

**दुबई।** ईरान मे जेल मे बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी एक जटिल सर्जरी से गुजरी, जिसके तहत उनके दाएं पैर की एक हड्डी का कुछ हिस्सा कैंसर की आशंका के चलते हटा दिया गया। हालांकि, अधिकार समूहों के मुताबिक, नरगिस को सर्जरी के महज दो दिन बाद वापस जेल भेज दिया गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर चिंताएं बढ़ गई है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) को भेजे गए 40 से अधिक अधिकार समूहों के हस्ताक्षर वाले एक पत्र में नरगिस को उन आरोपो मे सुनाई गई जेल की सजा से तत्काल चिकित्सकीय फर्लो पर रिहा करने का आग्रह किया गया है, जिनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय से आलोचना हो रही है। इस पत्र को ईरान पर नरगिस की रिहाई का दबाव बढ़ाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। नोबेल समिति के नरगिस को पिछले साल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद से ही ईरान पर उनकी रिहाई का दबाव बनाने का अभियान चलाया जा रहा है सोमवार को भेजे गए पत्र मे कहा गया है, हम ईरानी अधिकारियों से मानवाधिकारों का अपराधीकरण रोकने और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों एवं लेखकों की सेहत ठीक न होने पर उन्हे जेल मे कैद करने से बचने का आग्रह करते है।

## मध्य चीन में वाहन की चपेट में आने से कई बच्चे घायल

ताइपे (ताइवान)। मध्य चीन के हुनान प्रांत के एक प्राथमिक विद्यालय के गेट पर मंगलवार सुबह कई बच्चे एक वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। मीडिया में जारी खबरो में यह जानकारी दी गई। घटना के घंटो बाद भी हताहतो की संख्या का पता नही चला सका है तथा अधिकारी यह भी नही बता पाए है कि यह हादसा था या जानबूझकर किया गया हमला। सरकारी मीडिया के मुताबिक, चांगडे शहर के योगान एलिमेंट्री स्कूल में सुबह करीब आठ बजे छात्र कक्षाओं के लिए आ रहे थे, तभी सफेद रंग की एक छोटी एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हिकल) कार ने बच्चों और वयस्कों को टक्कर मार दी। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि बच्चों के अभिभावकों और सुरक्षाकर्मियों ने वाहन चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। एजेंसी ने बताया कि कुछ घायलो को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कुरैशी व अन्य पर पाकिस्तान की अदालत ने तय किए आरोप

**लाहौर।** पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और 20 अन्य लोगों के खिलाफ नौ मई 2023 के दंगों के संबंध में आरोप तय कर दिए है। अदालत के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उपाध्यक्ष कुरैशी ने सोमवार को कोट लखपत जेल में सुनवाई के दौरान तय किए गए आरोपो को बेबुनियाद करार दिया और इन्हे राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि ए मामले पीटीआई नेतृत्व को दबाने के लिए गढ़े गए है।

## पाक में आतंकवादियों ने बुजुर्ग समेत चार की हत्या की

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे आतंकवादियो ने एक गाड़ी पर घात लगाकर हमला किया जिसमे एक कबायली बुजुर्ग समेत कम से कम चार लोग मारे गए तथा दो अन्य जख्मी हुए है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आतंकवादियो ने बन्नू जिले के जानी खेल क्षेत्र मे कबायली बुजुर्ग मलिक शादी खेल के वाहन पर उस समय गोलीबारी की, जब वह अपने परिवार के सदस्यो के साथ जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं जख्मी हो गईं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़

पेशावर (पाकिस्तान)। पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा मे सुरक्षाबलो के आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ मे सोमवार देर रात कम से कम नौ आतंकवादियों और आठ सुरक्षाकर्मियो की मौत हो गई। सूत्रो ने यह जानकारी दी। सूत्रो ने बताया कि खैबर जिले के तिराह मैदान घाटी में चलाए गए अभियान के दौरान आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-इस्लाम के दो महत्वपूर्ण कमांडर भी मारे गए। इस अभियान मे सात सुरक्षाकर्मी और छह आतंकवादी घायल हुए है।

## नेपाल-भारत आवाजाही के लिए सहमत हुए

काठमांडू। नेपाल और भारत ने दोनो देशो की सीमाओं के आर-पार नागरिकों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सोमवार को सहमति जताई।सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद और नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के प्रमुख राजू आर्यल की अध्यक्षता में आयोजित नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा समन्वय की आठवी बैठक में इस बात पर सहमति जताई गई।नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दोनो पक्षो के बीच सार्थक बैठक हुई और वे सीमाओं के आर-पार दोनों देशों के नागरिकों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमत हुए।

# भारत और ब्रिटेन जल्द एफटीए वार्ता फिर शुरू

## नई दिल्ली का माल्या, नीरव के प्रत्यर्पण पर जोर

भाषा। रियो डी जेनेरियो



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने** अपने ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टॉर्मर के साथ पहली बैठक में घोषणा की कि भारत ब्रिटेन के बेलफास्ट और मैनचेस्टर में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। साथ ही उन्होंने ब्रिटेन से भगोड़े भारतीय व्यापारियों के प्रत्यर्पण का आह्वान भी किया। सोमवार देर रात को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर हुई वार्ता के बाद स्टॉर्मर ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता नए साल में पुनः शुरू की जाएगी। उनकी यह टिप्पणी प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर उनकी लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के दृष्टिकोण के बारे में चिंता को दूर करने वाली प्रतीत हुई। वहीं, भारतीय पक्ष ने भगोड़े भारतीय व्यापारियों विजय माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण पर जोर दिया तथा मोदी ने ब्रिटेन में भारत के आर्थिक अपराधियों के मुद्दे के समाधान के महत्व को रेखांकित किया। जुलाई में ऋषि सुनक के बाद स्टॉर्मर के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी। भारत सरकार के बयान के अनुसार, महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते पर दोनों प्रधानमंत्रियों ने आशा व्यक्त की कि एक संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभकारी और दूरदर्शी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को अंतिम रूप दिया जाएगा, जबकि शेष मुद्दों को आपसी सहमति से सुलझाया जाएगा। ब्रिटिश सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने घोषणा की है कि नए वर्ष में ब्रिटेन-भारत व्यापार वार्ता पुनः शुरू होगी। द्विपक्षीय बैठक के बाद 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) द्वारा जारी एक बयान में स्टॉर्मर के हवाले से कहा गया, भारत के साथ एक नया व्यापार समझौता ब्रिटेन में नौकरियों और समृद्धि को बढ़ावा देगा और हमारे देश में विकास और अवसर प्रदान करने के हमारे मिशन में एक कदम का और इजाफा करेगा। प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी और दोनों पक्षों के बीच 14 दौर की बातचीत हो चुकी है। हालांकि, कई विवादास्पद मुद्दों का समाधान अभी होना बाकी है।

## शिक्षा के सभी स्तरों पर लैंगिक समानता हासिल हुई, अब वेतन अंतर को पाटना प्राथमिकता : भारत

**बैंकॉक।** भारत ने मंगलवार को कहा कि उसने शिक्षा के सभी स्तरो पर लैंगिक समानता हासिल कर ली है और अब वह गैर-परंपरागत क्षेत्रो मे महिलाओ की कार्यबल भागीदारी बढ़ाने तथा लैंगिक आधार पर वेतन अंतर और डिजिटल विभाजन को पाटने को प्राथमिकता दे रहा है। महिला सशक्तीकरण पर संयुक्त राष्ट्र मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में देश की ओर से वक्तव्य देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रीतम बी. यशवंत ने कहा कि भारत ने महिलाओं के समय के अभाव को कम करने के लिए स्वच्छ खाना पकाने वाले ईंधन, नल के पानी के कनेक्शन और शौचालयों के निर्माण जैसे लैंगिक-संवेदनशील समाधानों पर काम किया है।

## नए जलवायु वित्त लक्ष्य जलवायु न्याय के सिद्धांत पर तय होने चाहिए: भारत ने सीओपी29 में कहा

**बाकू (अजरबैजान)।** भारत ने मंगलवार को कहा कि ग्लोबल साउथ मे जलवायु कार्वाई का समर्थन करने के लिए नए जलवायु वित्त लक्ष्य को जलवायु न्याय के सिद्धांत के आधार पर तय किया जाना चाहिए। भारत ने यह भी कहा कि अमीर देशो को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए और विकासशील देशों को पर्याप्त कार्बन स्पेस (कार्बन उत्सर्जन की गुंजाइश) प्रदान करना चाहिए। बाकू मे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन मे राष्ट्रीय वक्तव्य देते हुए केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि कुछ विकसित देशो के प्रतिबंधात्मक एकपक्षीय व्यापार उपाय विकासशील देशो मे जलवायु कार्वाई मे बाधा डाल रहे हैं। उन्होने कहा, हम यहां एनसीक्यूजी (नए जलवायु वित्त लक्ष्य) पर जो भी निर्णय लेते है, वे जलवायु न्याय के सिद्धांत पर आधारित होने चाहिए। निर्णय महत्वाकांक्षी और स्पष्ट होने चाहिए, जिनमें विकासशील देशों की उभरती जरूरतो और प्राथमिकताओ तथा सतत विकास और गरीबी उन्मूलन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को ध्यान मे रखा जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ मे जलवायु महत्वाकांक्षा को बढ़ाने के लिए हरित प्रौद्योगिकियों की मुफ्त उपलब्धता और वित्त जरूरी है। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हे अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप मे जाना जाता है और ए मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका मे स्थित है। इसके विपरीत, कुछ विकसित देशों ने एकतरफा उपायों का सहारा लिया है, जिससे ग्लोबल साउथ के लिए जलवायु कार्वाई अधिक कठिन हो गई है। हम जिस उभरती स्थिति मे है, उसमे ग्लोबल साउथ मे प्रौद्योगिकी, वित्त और क्षमता के प्रवाह के लिए सभी बाधाओ को तोड़ने के अलावा कोई विकल्प नही है।

## हांगकांग राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में 45 कार्यकर्ताओं को चार से 10 साल की सजा

**हांगकांग।** हांगकांग के सबसे बड़े राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में कई प्रमुख कार्यकर्ताओं को चीन द्वारा लागू व्यापक सुरक्षा कानून के तहत मंगलवार को चार से 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई गई। हांगकांग में चीन के इस राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को कुचल दिया गया था। चीन के 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत एक अनाधिकारिक प्राइमरी के चुनाव में इन कार्यकर्ताओं की भूमिका के लिए 2021 में उन पर मुकदमा चलाया गया था। इन कार्यकर्ताओं पर हांगकांग की सरकार को पंगु बनाने और विधाई बहुमत हासिल कर इसके नेता को इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने के प्रयास का आरोप है। जुलाई 2020 में आयोजित अनौपचारिक प्राइमरी के चुनाव में 6,10,000 मतदाता थे और इसके विजेताओं के आधिकारिक चुनाव में आगे बढ़ने की उम्मीद थी। हालांकि, अधिकारियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला देते हुए आधिकारिक विधाई चुनाव स्थगित कर दिया था। मामले में फैसला सुनाने वाले न्यायाधीशों ने कानून विशेषज्ञ बेनी ताई को इस पूरे प्रकरण का मुख्य सरगना करार दिया। ताई को सबसे अधिक 10 साल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीशों ने कहा कि उन प्रतिवादियों की सजा कम कर दी गई है जिन्होंने कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह योजना गैरकानूनी थी।अदालत ने हालांकि कहा कि ताई और पूर्व सांसद एल्विन एउंग के लिए दंड कम नहीं किया गया क्योंकि वे कानून विशेषज्ञ हैं और वे योजना के कार्यान्वयन पर जोर देने में पूरी तरह अड़े हुए थे। ऑनलाइन अपलोड किए गए एक फैसले में न्यायाधीशों ने लिखा कि ताई ने कई महीने तक ऐसे कई लेख प्रकाशित करके अनिवार्य रूप से क्रांति की वकालत की , जो उनकी सोच को दर्शाता है। भले ही अपने बचाव पत्र में ताई ने कहा कि इन कदमों का कभी भी किसी राजनीतिक कार्वाई के रूप में उपयोग करने का उनका इरादा नहीं था।

# जी20 सम्मेलन में गाजा को अधिक मदद व यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने का आह्वान



भाषा। रियो डि जिनेरियो

**दुनिया की** 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं ने सोमवार को एक संयुक्त घोषणापत्र में भुखमरी से लड़ने के लिए एक वैश्विक समझौते, युद्धग्रस्त गाजा के लिए अधिक सहायता और पश्चिम एशिया तथा यूक्रेन में शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान किया। इस घोषणापत्र में सामान्य बातें अधिक हैं लेकिन उन लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जाए, इस बारे में अधिक विवरण नहीं था। संयुक्त बयान को जी20 समूह के सदस्यों का बड़ी संख्या में समर्थन मिला, लेकिन पूरी तरह सर्वसम्मति नहीं मिली। इसमें अरबपतियों पर भविष्य के वैश्विक कर लगाने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का विस्तार अंततः इसके पांच मौजूदा स्थाई सदस्यों से परे करने वाले सुधारों का भी आह्वान किया गया। बुधवार को औपचारिक रूप से समाप्त होने वाली तीन दिवसीय बैठक की शुरुआत में, विशेषज्ञों ने संदेह जताया था कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आने वाले प्रशासन को लेकर अनिश्चितता और पश्चिम एशिया तथा यूक्रेन में युद्धों को लेकर वैश्विक तनाव बढ़ने के मुद्दों से प्रभावित सम्मेलन में एकत्रित नेताओं को किसी भी समझौते पर पहुंचने के लिए राजी कर पाएंगे। अर्जेंटीना ने शुरुआती मसौदों की भाषा को चुनौती दी और वह एकमात्र देश था जिसने पूरे दस्तावेज का समर्थन नहीं किया। स्वतंत्र राजनीतिक सलाहकार और ब्राजील के पूर्व मंत्री थॉमस ट्रॉमैन ने कहा, हालांकि यह सामान्य बात है, लेकिन यह ब्राजील के लिए एक सकारात्मक आश्चर्य है।

# ट्रंप के लिए पश्चिम एशिया में राह आसान नहीं

## खुद को एक कुशल सौदागर मानते है अमेरिकी राष्ट्रपति

भाषा। मेलबर्न



**डोनाल्ड ट्रंप** ऐसे समय में पुनः अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं जब पश्चिम एशिया में बड़े पैमाने पर अस्थिरता फैली हुई है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने सभी युद्धों को समाप्त करने का वादा किया है। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के 24 घंटे के भीतर यूक्रेन युद्ध को हल करने और इजराइल को गाजा और लेबनान के अपने अभियानों को जल्दी से जल्दी पूरा करने में मदद करने का वादा किया है। फिर भी पश्चिम एशिया एक जटिल मोर्चा है। ट्रंप को इजराइल के प्रति अपने प्रबल समर्थन और क्षेत्र में अपनी अन्य महत्वाकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाने में बहुत कठिनाई होगी, खासकर ईरान और उसके प्रतिद्वंद्वी सऊदी अरब के बीच बदलते हालात को देखते हुए। आइए जानते हैं कि राष्ट्रपति पद संभालने के बाद आने वाले महीनों में ट्रंप से क्या उम्मीद करनी चाहिए : इजराइल और हमास के बीच वार्ता विफल : अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान कतर की यह घोषणा भी चर्चा में रही कि उसने इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम मध्यस्थ के रूप में अपनी भूमिका समाप्त कर दी है। तेल समृद्ध इस छोटे से खाड़ी देश ने पिछले एक साल में युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की कोशिश में कड़ी मेहनत की है। इस प्रक्रिया में, इसने अमेरिका और हमास के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों का अच्छा उपयोग किया। एक तरफ जहां अमेरिका का कतर में पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है, वहीं हमास का राजनीतिक कार्यालय दोहा में स्थित है। हालांकि, कतर के प्रयासों से पिछले र्ष एक संक्षिप्त युद्धविराम के अलावा और कुछ हासिल नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 240 फलस्तीनी कैदियों के बदले 100 से अधिक इजराइली बंधकों को रिहा किया गया। इसके पीछे कई कारण थे : एक बात यह रही कि दोनों पक्ष कुछ मुख्य मुद्दों पर आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया है, उन्होंने अस्थाई युद्धविराम की संभावना को खारिज कर दिया है। वहीं, हमास युद्ध को पूरी तरह से खत्म करने और गाजा से इजराइली सेना की पूरी तरह वापसी की मांग कर रहा है। इस बीच, वाशिंगटन वार्ता में कोई सार्थक भूमिका निभाने में विफल रहा है। युद्ध विराम की अपनी इच्छा पर बार-बार जोर देते हुए, पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन ने किसी भी बिंदु पर कूटनीतिक बयानबाजी से परे इजराइल पर ठोस दबाव नहीं डाला।

## अमेरिका : ट्रंप ने सीन डफी को परिवहन मंत्री के पद के लिए नामित किया

भाषा। वेस्ट पाम बीच (अमेरिका)

**अमेरिका के** नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परिवहन मंत्री के पद के लिए विस्कॉन्सिन के पूर्व सांसद सीन डफी को नामित किए जाने की सोमवार को घोषणा की। डफी एक पूर्व रियलिटी टीवी स्टार हैं, जो केबल न्यूज पर ट्रंप के सबसे प्रमुख समर्थकों में से एक थे। लगभग नौ साल तक प्रतिनिधि सभा में सेवाएं दे चुके डफी वित्तीय सेवा समिति के सदस्य और बीमा एवं आवास संबंधी उपसमिति के अध्यक्ष भी रहे हैं। वह अब फॉक्स बिजनेस पर एक कार्यक्रम बॉटम लाइन के सह प्रस्तोता हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए हाल में हुए चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को हराया था।

# गिल का चोटिल होना टीम के लिए झटका : गागुली

## पर्थ और ब्रिसबेन में रेड्डी को आजमाया जा सकता है





**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले शुभमन गिल का अंगूठा फ्रैक्चर होना निश्चित रूप से भारत के लिए एक झटका है लेकिन पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि टीम के पास शुक्रवार से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में घरेलू मैदान पर हाल ही में मिली करारी हार से उबरने के लिए गुणवत्ता और मानसिक शक्ति है। गिल के नाम 29 टेस्ट में पांच शतक हैं। उन्होंने भारत के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न और ब्रिसबेन में अर्धशतकीय पारियों के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टीम के अभ्यास के दौरान अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण श्रृंखला के शुरूआती मैच में नहीं खेल पाएंगे जबकि दूसरे टेस्ट में भी उनकी वापसी संदिग्ध है। गांगुली ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि शुभमन की चोट टीम के लिए झटका है क्योंकि वह अच्छी लय में बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में रन बनाए हैं। अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण वह दो टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के इस पूर्व अध्यक्ष ने कहा, मेरा मानना है कि पहले टेस्ट के दौरान रोहित (पितृत्व अवकाश पर) और शुभमन की अनुपस्थिति में अन्य बल्लेबाज जिम्मेदारी उठाएंगे। मुझे नहीं लगता कि न्यूजीलैंड से हार का इस श्रृंखला पर कोई असर पड़ेगा। हार्दिक पंड्या अब टेस्ट मैच नहीं खेल रहे है और भारत के पास तेज गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ियों की कमी है। टीम में नितीश कुमार रेड्डी है लेकिन उन्हें अब भी टेस्ट पदार्पण करना है। गांगुली का मानना है कि आंध्र के इस खिलाड़ी को चुनिदा परिस्थितियों में मौका दिया जाना चाहिए इस पूर्व दिग्गज ने कहा, पर्थ (ऑप्टस) और गाबा (ब्रिसबेन) में दो विशेषज्ञ स्पिनर को खिलाने का कोई मतलब नहीं है। आपको रेड्डी को इन परिस्थितियों में अंतिम एकादश में शामिल करने का तरीका ढूंढना होगा। वह निचले क्रम के लिए अच्छा बल्लेबाज है। इससे टीम का संतुलन बेहतर होगा। गांगुली ने कहा कि मोहम्मद शमी को छह दिसंबर से होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए एडिलेड भेजा जाना चाहिए था। एडिलेड में टीम गुलाबी गेंद से दिन-रात्रि टेस्ट खेलेगी। भारतीय चयनकर्ताओं की सोच हालांकि गांगुली से नहीं मिलती है। टखने की चोट से उबरने के बाद बंगाल के लिए रणजी मैच में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले शमी की वापसी में चयनकर्ता जल्दबाजी नहीं करना चाहते है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय चयनकर्ता चाहते हैं कि शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कुछ और प्रतिस्पर्धी मैच खेलें जिससे यह देखा जा सके कि कई मैचों के बाद भी उनका शरीर ठीक है या नहीं, फिर भले ही यह सफेद गेंद का टूर्नामेंट हो। शमी ने लगभग 45 ओवर गेंदबाजी की और मैदान पर क्षेत्ररक्षण के लिए 100 से अधिक ओवर तक मैदान पर रहे। यह ऑस्ट्रेलिया भेजे जाने के लिए पर्याप्त फिटनेस है।

## भारत के खिलाफ चौथे टी20 में अंपायर के फैसले का विरोध करने पर कोएट्जी को फटकार

दुबई। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी को जोहानिसबर्ग में भारत के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अंपायर के फैसले का विरोध करने पर फटकार लगाई गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।कोएट्जी ने अपनी एक गेंद को अंपायर द्वारा वाइड करार दिए जाने के बाद अनुचित टिप्पणी की।आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान गेराल्ड कोएट्जी को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मचारियों से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.8 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले का विरोध करने से जुड़ा है। विज्ञप्ति के अनुसार, कोएट्जी को फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। उन्होंने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नही थी। मैदानी अंपायरों अल्लाहुद्दीन पालेकर और स्टीफन हैरिस, तीसरे अंपायर लुबाबालो गकुमा और चौथे अंपायर अर्नो जैकब्स ने गेंदबाज के खिलाफ आरोप लगाए। लेवल एक उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार जबकि अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक है।

# भारत का आत्मविश्वास डगमगाया है पर आस्ट्रेलिया हल्के में नहीं लेगा: लाबुशेन

**भाषा।** पर्थ

**ऑस्ट्रेलिया के** अनुभवी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने मंगलवार को यहां कहा कि घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड से मिली करारी शिकस्त से भारत का आत्मविश्वास थोड़ा डगमगाया हुआ होगा लेकिन उनकी टीम इस प्रतिद्वंद्वी को कमतर आंकने की गलती नहीं करेगी। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारत 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। भारत को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर 0-3 की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। घरेलू सरजमीं पर भारतीय टीम की 12 साल और 18 टेस्ट श्रृंखला के बाद यह पहली हार थी। ऑस्ट्रेलिया के मध्यक्रम के मुख्य बल्लेबाज लाबुशेन का मानना है कि न्यूजीलैंड से मिली हार से भारत का आत्मविश्वास कम हुआ होगा। लाबुशेन ने यहां मीडिया से कहा, भारत के प्रदर्शन के बारे में कुछ कहना मुश्किल होगा। वे पूरी तरह से अलग परिस्थितियों में खेले थे। वह स्पिनरों की मददगार परिस्थितियां थी। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारतीय टीम घरेलू श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया आई हो। उन्होंने कहा, हमारे नजरिए से मुझे लगता है कि यह अच्छी बात है। उनका आत्मविश्वास शायद थोड़ा कम है, वे टेस्ट में जीत के साथ नहीं आए है। न्यूजीलैंड से 0-3 से हार गए हैं। मुझे लगता है कि इसने उनके आत्मविश्वास को थोड़ा प्रभावित किया होगा। लाबुशेन ने हालांकि भारत के खिलाफ पिछली चार श्रृंखलाओं में हार का सामना करने वाली अपनी टीम को आत्ममुग्धता से बचने की सलाह देते हुए कहा, उनकी टीम में कई शानदार खिलाड़ी है और वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं। इसलिए आप कभी भी ऐसी टीम को कम नहीं आंक सकते। भारत ने नियमित कप्तान विराट कोहली की अनुपस्थिति और मुख्य टीम के कई अन्य खिलाड़ियों के चोटिल होने के बावजूद अविश्वसनीय वापसी करते हुए 2-। से जीत हासिल की।

## कोहली के शरीर और सामने वाले पैड को निशाना बनाए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजः हीली

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर इयान हीली चाहते है कि शुक्रवार से पर्थ मे शुरू होने वाले पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनके देश के तेज गेंदबाज विराट कोहली को आउट करने के लिए हर तरीका अपनाए, जिसमें उनके फ्रंट फुट (बल्लेबाजी करते समय आगे वाला पैर) पर गेंद डालने से लेकर शॉर्ट-पिच गेंदो से उनके शरीर पर निशाना बनाना शामिल है। कोहली पिछले काफी समय से टेस्ट मैचो संघर्ष कर रहे है। उन्होंने पिछली 60 टेस्ट पारियों में केवल दो शतक और 11 अर्धशतक लगाए है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया मे हालांकि शानदार प्रदर्शन किया है। इस देश मे उन्होंने 54 के औसत से रन बनाए है। हीली ने पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क की मजबूत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी से कोहली पर दबाव बनाने की सलाह दी हीली ने एसईएन रेडियो को बताया, पहला मैचअप जो मै देख रहा हूं वह यह है कि हमारे तेज गेंदबाज विराट कोहली को कैसे गेंदबाजी कर सकते है।

## तमिलनाडु, मणिपुर संतोष ट्रॉफी के आखिरी दौर में पहुंचे

**अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)।** तमिलनाडु और मणिपुर ने मंगलवार को शानदार जीत के साथ संतोष ट्रॉफी के लिए 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल दौर में जगह बना ली। तमिलनाडु ने यहां आरडीटी स्टेडियम मे ग्रुप जी के अपने अंतिम मैच मे दूसरे हाफ में दमदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान आंध्र प्रदेश को 8-0 से शिकस्त दी। आंध्र प्रदेश को ग्रुप चरण मे सभी मैचो में हार का सामना करना पड़ा। तमिलनाडु के लिए लिजो के ने मैच में चार जबकि नंदा कुमार अनंतराज ने दो गोल किए। हेनरी जोसेफ इमैनुएल और ए रेगन ने एक-एक गोल किया। ग्रुप के अन्य मैचों में कर्नाटक ने अंडमान निकोबार को 11-0 से रौंदा।मणिपुर ने अगरतला मे ग्रुप डी के मैच में त्रिपुरा को 2-0 से शिकस्त देकर नौ अंकों के साथ फाइनल दौर मे जगह बनाई। टीम के लिए एलटी लोवली ने दूसरे हाफ में दोनों गोल किए। मिजोरम ने इस ग्रुप के अन्य मैच में सिक्किम को 7-0 से हराया।

## मनीष को हराकर देव आईटीएफ कलबुर्गी ओपन के दूसरे दौर में

**कलबुर्गी।** सातवें वरीय देव जाविया ने मंगलवार को यहां वाइल्ड कार्ड धारक मनीष गणेश को हराकर आईटीएफ कलबुर्गी ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई।बाएं हाथ के खिलाड़ी देव ने इस 25 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर में मनीष को एक घंटे 12 मिनट मे सीधे सेट में 6-4, 6-3 से हराया। पिछले हफ्ते मुंबई में खिताब जीतने वाली एसडी प्रज्जवल देव और आदिल कल्याणपुर की दूसरी वरीय जोड़ी को अमेरिका के निक चैपल और भारत के नितिन कुमार सिन्हा की जोड़ी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर में 2-6, 6-3, 3-10 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## लेम्के, विलियम्स ने हिमालयन 100 मील चरण रेस जीती

नई दिल्ली। शीर्ष अल्ट्रा रनर जर्मनी के क्रिस लेम्के और ब्रिटेन की एलिस विलियम्स ने बंगाल के दार्जिलिंग जिले में हुई हिमालयन 100 मील चरण रेस मे क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग मे शीर्ष स्थान हासिल किया। लेम्के ने 17 घंटे 39 मिनट के समय के साथ दौड़ जीती जबकि फ्रांस के मैक्सिम गैब्रियु (20 घंटे 27 मिनट) दूसरे और दक्षिण अफ्रीका के मरे फ्रेजर (22 घंटे छह मिनट) तीसरे स्थान पर रहे।महिलाओ के वर्ग मे एलिस ने 21 घंटे 30 मिनट के समय से शीर्ष स्थान हासिल किया। स्टेफनी बेनक्रॉफ्ट ने दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और भारत सहित कई अन्य देशों के खिलाड़ी इस वार्षिक प्रतियोगिता मे हिस्सा ले रहे है।

## हर्षित, प्रीशा को महाराष्ट्र राज्य ओपन बैडमिंटन में दोहरी सफलता

**मुंबई।** हर्षित माहिमकर और प्रीशा शाह ने मंगलवार को यहां महाराष्ट्र राज्य ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट मे पुरुष और महिलाओं के एकल वर्ग के अलावा लड़कों और लड़कियों के अंडर-17 एकल वर्ग के खिताब भी जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। हर्षित ने पुरुष एकल फाइनल मे चौथे वरीय सोहम पाठक को 21-12, 21-17 से हराया जबकि लड़कों के अंडर-17 वर्ग के खिताबी मुकाबले मे तन्य मेहेनदाले को 21-7, 21-13 से हराकर दोहरे खिताब जीते। प्रीशा ने महिलाओं के एकल फाइनल में देवांशी शिंदे को 21-18, 21-10 से हराया जबकि लड़कियो के अंडर-17 फाइनल मे खुशी पाहवा को 21-16, 21-16 से हराकर खिताब जीता।

# जापान को हराकर भारत फाइनल में

## महिला एसीटी के आखिरी क्वार्टर में दो गोल

**भाषा।** राजगीर



**पहले तीन क्वार्टर में** दर्जन भर से अधिक पेनल्टी कॉर्नर गंवाने के बाद भारत ने आखिरी क्वार्टर में दो गोल करके जापान को 2-0 से हराकर मंगलवार को महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना चीन से होगा। पहले तीन क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद 48वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी स्ट्रोक पर भारत का खाता खोला जबकि 56वें मिनट में लालरेम्सियामी ने सुनेलिटा टोप्पो के बेहतरीन पास पर दूसरा गोल किया। उधर दूसरे सेमीफाइनल में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने मलेशिया को 3-1से हराया। आखिरी ग्रुप मैच में जापान को 3- 0 से हराने वाली भारतीय टीम 48वें मिनट तक गोल के लिए तरसती रही। भारत को पूरे मैच में 16 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका और रविवार को चीन के खिलाफ फाइनल से पहले कोच हरेंद्र सिंह के लिए यह चिंता का सबब होगा। चौथे क्वार्टर के दूसरे मिनट में दीपिका को जापानी डिफेंडर द्वारा बाधा पहुंचाए जाने पर भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे नवनीत ने आसानी से गोल में बदला। आखिरी सीटी बजने से पांच मिनट पहले सुनेलिटा से दाहिने फ्लैंक से मिले सटीक पास को गोल में बदलकर लालरेम्सियामी ने बिहार खेल परिसर स्टेडियम में भारी तादाद में जमा दर्शकों में उत्साह का संचार कर दिया। जापान को मैच का एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर 59वें मिनट में मिला जिसे भारतीय गोलकीपर बिछू देवी ने गोल में नहीं बदलने दिया। मैच में पहले दो क्वार्टर में भारतीय टीम को नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले और 13 बार टीम जापानी सर्कल में भी घुसी लेकिन गोल नहीं हो सका। गेंद पर नियंत्रण के मामले में भी भारतीय टीम आगे रही लेकिन फिनिशिंग तक नहीं ले जा पाने से डगआउट के पास खड़े कोच की हताशा साफ नजर आ रही थी। भारत ने आक्रामक शुरूआत करते हुए पहले कुछ मिनटों में ही मौके बनाए। कप्तान सलीमा टेटे के पास दसवें मिनट में सुनहरा मौका था लेकिन बाएं फ्लैंक से वह गेंद को पकड़ नहीं सकी। अगले मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे इस टूर्नामेंट में दस गोल कर चुकी दीपिका गोल में नहीं बदल पाई। अगले मिनट दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर भी यही कहानी रही। पहले पंद्रह मिनट में स्कोर 0 . 0 था। दूसरे क्वार्टर में भारत को 18वें और 19वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जापान की गोलकीपर यू कूडो की तारीफ करनी होगी जिन्होंने तेज गति से आने वाले हर शॉट को बखूबी बचाया। भारत की अनुभवी मिडफील्डर नेहा गोयल ने जबर्दस्त खेल दिखाते हुए कई बार गेंद को सर्कल के भीतर पहुंचाया और पेनल्टी कॉर्नर भी बनाए।

## रिटेंशन फीस की वजह से दिल्ली कैपिटल्स नहीं छोड़ी, कहा पंत ने

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत ने महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के इस आकलन को खारिज किया कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी से पहले अपनी रिटेंशन फीस को लेकर मतभेद के कारण दिल्ली कैपिटल्स टीम छोड़ी। भयावह कार दुर्घटना के बाद पिछले साल वापसी करके पंत ने दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी। वह उन मारकी खिलाड़ियों में से है जिन्हें टीम ने अपने पास नहीं रखा है। सउदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में पंत पर नजरें रहेंगी। पंत ने एक्स पर लिखा , मेरा रिटेंशन पैसे को लेकर नहीं था। यह मैं दावे से कह सकता हूं। गावस्कर ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि दिल्ली टीम पंत को फिर खरीदेगी। उन्होंने यह भी कहा था कि शायद फ्रेंचाइजी के साथ फीस को लेकर मतभेद के कारण पंत ने टीम छोड़ी।

## क्विक न्यूज

### लखनऊ को मिली 59वीं उत्तर प्रदेश राज्य क्रास कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी

**लखनऊ।** लखनऊ को 59वीं उत्तर प्रदेश राज्य क्रास कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 15 दिसंबर 2024 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा। इस बारे में मंगलवार को जारी एक पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव नरेंद्र कुमार ने की।पत्र के अनुसार यह चैंपियनशिप पुरुष व महिला वर्ग के साथ अंडर-20, अंडर-18 व अंडर-16 आयु वर्ग में आयोजित होगी।इसमें पुरुष व महिला वर्ग में 10 किमी की रेस होगी। इसके अलावा अंडर20 आयु वर्ग में बालकों में 8 किमीण् व बालिकाओं में 6 किमीणए अंडर18 में बालकों में 6 किमीण् व बालिकाओं में 4 किमीणऔर अंडर16 आयु वर्ग में बालक व बालिकाओं के लिए 2 किमीणकी रेस होगी। इस चैंपियनशिप में आयु प्रमाणपत्रों की सघन जांच होगी वहीं नाडा की टीम के दायरे में भी प्रतिभागी एथलीट रहेंगे। उन्होंनें बताया कि आयु सीमा की योग्यता अंडर-20 आयु वर्ग के लिए 16.1.2005 से 15.1.2007 होगी। वहीं अंडर.18 आयु वर्ग के लिए 16.1.2007 से 15.1.2009 और अंडर.16 आयु वर्ग के लिए 16.1.2009 से 15.1.2011 होगी।इस मेजबानी पर हर्ष जताते हुए लखनऊ जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण ने कहा कि ये लखनऊ एथलेटिक्स जगत के लिए ये काफी महत्वपूर्ण पल है। उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के दायरे में होने वाली इस चैंपियनशिप की सफल और भव्य मेजबानी के लिए हम पूरी तरह तैयार है।

### पीसीबी ने शाहिद असलम को पाकिस्तान टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**कराची।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के हाल मे संपन्न दौरे मे खिलाड़ियो के संघर्ष करने के बाद शाहिद असलम को एक बार फिर सीमित ओवरों की राष्ट्रीय टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है।असलम पहले भी सहायक कोच, क्षेत्ररक्षण कोच और सहायक मैनेजर के रूप में पाकिस्तान टीम के साथ कई साल तक काम कर चुके है।वह पिछले दो साल से लाहौर मे हाई परफोर्मेंस सेंटर मे कोच की भूमिका निभा रहे है।इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान मोहम्मद यूसुफ राष्ट्रीय टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम कर रहे थे लेकिन फिर उन्हें राष्ट्रीय चयनकर्ता बना दिया गया।यूसुफ ने हालांकि बाद में चयनकर्ता और बल्लेबाजी कोच का पद छोड़ दिया और हाई परफोर्मेंस केंद्र में काम करने लगे। यूसुफ ने हाल में हाई परफोर्मेंस केंद्र में भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन पीसीबी ने उनका इस्तीफा अस्वीकार कर दिया। अब सीमित ओवरों की टीम के अंतरिम कोच आकिब जावेद की सिफारिश पर असलम को बल्लेबाजी कोच बनाया गया है।

### इंटरनेशनल माइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने नंदन कुमार झा

नई दिल्ली। भारत के नंदन कुमार झा को इंटरनेशनल माइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन (आईएमसीए) का अध्यक्ष चुना गया है जो माइंड खेलो के संचालन और इनको बढ़ावा देने की वैश्विक संस्था है।मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार झा के चुनाव की घोषणा ब्राजील के साओ पाउलो में आईएमएसए की वार्षिक आम बैठक के दौरान की गई। आईएमएसए के 200 से अधिक सदस्य देश है और यह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) तथा अन्य मान्यता प्राप्त खेल महासंघो के साथ मिलकर काम करता है जिससे कि माइंड खेलो को वैश्विक खेलो की मुख्यधारा मे शामिल किया जा सके। आईएमसीए के मान्यता प्राप्त खेल महासंघ नौ खेलों का प्रतिनिधित्व करते है जिसमे शतरंज, ड्रॉट्स, ईस्पोर्ट्स, पोकर, गो और ब्रिज शामिल है।झा के नामांकन का प्रस्ताव विश्व ड्रॉट्स महासंघ ने रखा था।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए एम्बुलदेनिया श्रीलंकाई टीम में

कोलंबो। लसिथ एम्बुलदेनिया दो साल बाद टेस्ट क्रिकेट मे लौटेंगे जिन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस महीने के आखिर मे शुरू हो रही दो टेस्ट मैचो की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम मे जगह दी गई है। धनंजय डिसिल्वा की कप्तानी मे 17 सदस्ईय टीम मे नौ बल्लेबाज, तीन विशेषज्ञ स्पिनर और पांच तेज गेंदबाज है। सत्रह टेस्ट खेल चुके बाएं हाथ के स्पिनर एम्बुलदेनिया ने आखिरी बार जून 2022 मे आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। पहला टेस्ट 27 नवंबर से डरबन मे और दूसरा पांच दिसंबर से पोर्ट एलिजाबेथ में खेला जाएगा। श्रीलंका टीम : धनंजय डिसिल्वा (कप्तान), पाथुम निसांका, दिमुथ करूणारत्ने, दिनेश चांदीमल, एंजेलो मैथ्यूज, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, ओशाडा फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, प्रबाथ जयसूर्या, निशान पेइरिस, लसिथ एम्बुलदेनिया, मिलन रत्नायके, असिथ फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, कासुन रजीता।

### स्टैनफेस्ट-24 में शामिल होंगे क्रिएटर्स

**लखनऊ।** मंगलवार- गेमर्स के लिए भारत के सबसे बड़े सोशल प्लेटफॉर्म और प्रीमियर गेमिंग कम्युनिटी स्टार्टअप स्ञ्ज़ह ने भारत के सबसे बड़े क्रिएटर गैदरिंग, स्टैनफेस्ट 2024 की घोषणा की है। 24 नवंबर 2024 को फीनिक्स पलासियो कोर्टयार्ड, लखनऊ में होने वाला यह कार्यक्रम गेमिंग के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन कार्यक्रम होगा, जिसमें लाइफस्टाइल, गेमिंग, म्यूजिक, कॉमेडी, मोटोवलॉगर्स, स्पोर्ट्स जैसे अलग अलग जॉनर से 200 से अधिक क्रिएटर्स शामिल होंगे। फैन्स आशीष चंचलानी, अभिषेक मल्हान उर्फ फुकरा इंसान, राउंड2हेल, के07, मॉर्टल और अनुराग द्विवेदी को देखने के लिए उत्सुक हैं।भारत का सबसे बड़ा क्रिएटर गैदरिंग, स्टैनफेस्ट 2024, एक शानदार अनुभव देने के लिए तैयार है, जिसमें उपस्थित लोगों को उनके पसंदीदा क्रिएटर से जुड़ने के लिए डिज़ाइन की गई कई सारी एक्टिविटीज शामिल है, जिसमें क्रिएटर के साथ मज़ेदार इंगेजमेंट सेशन, स्टैनफेस्ट के टाइटल स्पोंसर, 'ह्लश्चद्गद्ग द्वारा आयोजित एक मिनी टूर्नामेंट और श्वह्यश्चशह्लह्य ह्ल टूर्नामेंट के सेमी-फ़ाइनल और फ़ाइनल शामिल हैं, जिसके विजेता को थाईलैंड की यात्रा मिलेगी। 'ह्लश्चद्गद्ग मिनी टूर्नामेंट फैन्स को अपने पसंदीदा क्रिएटर के साथ खेलने और पुरस्कार जीतने का मौका देता है। यह कार्यक्रम एक पुरस्कार समारोह के माध्यम से गेमिंग और ईस्पोर्ट्स में बेहतरी का जश्न भी मनाएगा। अंत में, एक लाइव म्यूजिक परफॉरमेंस कार्यक्रम को संगीतमय तरीके से समाप्त करेगा। इस आयोजन में कई थीम्ड एरिया भी होंगे, जो लोगों को एक इमर्सिव एक्सपीरियंस देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। आयोजन के स्पोंसर, बिंगो और गेटरिज़्ड, सक्रिय रूप से दर्शकों को रोमांचक प्रतियोगिताओं और आकर्षक पुरस्कारों के साथ आकर्षित करने के लिए डेडिकेटेड एक्सपीरियंस रखेंगे।विभिन्न प्रकार की गेमिंग एक्टिविटीज और इमर्सिव एक्सपीरियंस ज़ोन प्रदान करेंगे, जो आयोजन में उपस्थित लोगों को आकर्षित और मनोरंजन करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। दर्शक टूर्नामेंट, गेम में भाग ले सकते हैं, उपहार और पुरस्कार जीत सकते हैं, जिसमें एक रॉयल एनफील्ड बुलेट भी शामिल है। इस आयोजन में एक कॉस्प्ले एरिना भी होगा जहां पुरस्कार विजेता कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए शामिल होंगे। उपस्थित लोगों के पास इन कलाकारों के साथ बातचीत करने, फ़ोटो के माध्यम से यादगार पल कैप्चर करने और कॉस्प्ले की दुनिया का करीब से अनुभव करने का अवसर होगा।

# ऑस्ट्रेलिया को कोहली से उलझने से बचना चाहिए: वाटसन



**पर्थ।** पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को सलाह दी है कि वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट कोहली के साथ उलझने से बचें क्योंकि उनका मानना है कि यह दिग्गज भारतीय बल्लेबाज उकसाने के बाद जिस जज्बे से खेलता है वह उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराता है।कोहली पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं लेकिन अतीत में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया है और शुक्रवार से यहां ऑप्टस स्टेडियम में शुरू हो रही पांच मैच की श्रृंखला में वह दोबारा लय हासिल करने का प्रयास करेंगे।कोहली को उकसाने का अधिकतर ऑस्ट्रेलिया को खामियाजा ही भुगतना पड़ा है और वाटसन ने स्वयं इसका अनुभव किया है। वाटसन ने विलो टॉक पोडकास्ट पर कहा, विराट के बारे में एक बात जो मैं जानता हूं वह यह है कि वह मैच में प्रत्एक गेंद में जो जज्बा लता है वह शानदार है। लेकिन हाल के दिनों में ऐसे क्षण आए हैं जब उनके अंदर की यह आग बुझने लगी है क्योंकि मैच के हर लम्हें में उस तीव्रता को बनाए रखना बहुत कठिन है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, और यहीं ऑस्ट्रेलिया को उसे अकेला छोड़ देना चाहिना और उम्मीद करनी चाहिए कि वह यह जज्बा नहीं ला पाए।


## आपकी वजह से टेनिस का अधिक लुत्फ उठा सका: फेडरर ने अपने दोस्त और प्रतिद्वंद्वी नडाल से कहा

**मलागा ( स्पेन )।** टेनिस के सबसे महान खिलाड़ियों में शामिल रोजर फेडरर ने कहा कि 15 वर्षों में 40 मैचों तक चली प्रतिद्वंद्विता के दौरान राफेल नडाल ने उन्हें इस खेल का और अधिक लुत्फ उठाने में मदद की। डेविस कप के अंतिम आठ मुकाबले के शुरू होने से पहले फेडरर ने सोशल मीडिया पर लिखा, जब आप टेनिस को अलविदा कहने के लिए तैयार हैं तो भावुक होने से पहले कुछ चीजें साझा करना चाहता हूं। नडाल पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह डेविस कप के इस सत्र के बाद खेल से संन्यास ले लेंगे। फेडरर ने दोनों खिलाड़ियों के बीच 40 मैचों में नडाल की 26 जीत की ओर इशारा करते हुए लिखा, आपने मुझे बहुत हराया। जितना मैं आपको हराने में कामयाब रहा उससे कहीं ज्यादा। आपने मुझे उन तरीकों से चुनौती दी जो कोई और नहीं दे सकता था। स्विट्जरलैंड के 43 साल के फेडरर उस वक्त शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी थे जब नडाल ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस में प्रभुत्व बनाना शुरू किया था।

# झेंग को हराकर अनुपमा दूसरे दौर में, सुमित-सिक्की भी जीते

## चीन मास्टर्स

**भाषा।** शेनझेन





**भारत की अनुपमा** उपाध्याय ने दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की बेइवेन झेंग को तीन गेम में हराकर उलटफेर करते हुए मंगलवार को यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।अल्मोड़ा की 19 साल की दुनिया की 50वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा ने 48 मिनट चले कड़े मुकाबले में झेंग को 21-17 8-21 22-20 से हराया। वह पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 विश्व टूर प्रतियोगिता के दूसरे दौर में खेलेंगी।अनुपमा अगले दौर में जापान की नात्सुकी निदाइरा से भिड़ेंगी।बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रही लेकिन प्रियांशु राजावत को एक बार फिर पुरुष एकल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।सुमित और सिक्की की पति-पत्नी की जोड़ी ने प्रेस्ले स्मिथ और जेनी गेइ की अमेरिका की जोड़ी को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 63 मिनट में 23-21, 17-21, 21-17 से हराया।यह भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी अगले दौर में फेंग एन झी और हुआंग डोंग पिंग की चीन की जोड़ी के खिलाफ खेलेगी।प्रियांशु और आकर्षी कश्यप को हालांकि शिकस्त का सामना करना पड़ा।दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद पहले दौर में दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी चिको ऑरा ड्वी वारदोयो के खिलाफ 24-22, 13-21, 18-21 से हार झेलनी पड़ी।वारदोयो के खिलाफ प्रियांशु की यह लगातार तीसरी हार है। वह इससे पहले इस साल ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और 2023 में इंडोनेशिया मास्टर्स में भी इंडोनेशिया के इस खिलाड़ी से हार गए थे।महिला एकल में आकर्षी को 2022 की विश्व जूनियर चैंपियन और दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ सीधे गेम में 10-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को आठवां स्थान



## उप्र ने एक स्वर्ण, चार रजत व तीन कांस्य सहित जीते आठ पदक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की फिन स्वीमिंग टीम ने चतुर्थ राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप-2024 में उम्दा प्रदर्शन के साथ एक स्वर्ण, चार रजत व तीन कांस्य सहित आठ पदक अपने नाम किए। नई दिल्ली में गत 14 से 17 नवंबर 2024 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने ओवरआल आठवां स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश अंडरवाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सत्यम साहनी ने जूनियर बालक वर्ग के 50 मीण् अपनिया के ग्रुप सी में स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक 50 मीण्सरफेस मास्टर वी टू श्रेणी में विनय बोसए 100 मी.बाई फिन श्रेणी में जोगेंद्र प्रसाद, जूनियर बालिका ग्रुप के 50 मी.अपनिया ग्रुप डी में अदिति सिंह, 50 मी् अपनिया मास्टर वी शून्य श्रेणी में अमर अवस्थी ने जीते। इसके अलावा गायत्री ने जूनियर बालिका ग्रुप डी के 200 मीण्सरफेस ग्रुप डीए धीरेंद्र यादव को 50 मीअपनिया मास्टर वी वन श्रेणी और जोगेंद्र प्रसाद ने 100 मी.बाई फिन मास्टर वी टू श्रेणी में कांस्य पदक अपने नाम किए।

## डेबल और जयपुरिया की जीत

**लखनऊ।** 20वीं कर्नल एसएन मिश्र ओबीई मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 के अंतर्गत आज के पहले मैच में डेबल पब्लिक स्कूल बंथरा ने पहले टास जीत पहले बैटिंग करते हुए कैप्टन अभिषेक सिंह के 43 व जयदीप साहू के 13 रनों की बदौलत 15.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 113 रनों के सम्मानजनक स्कोर ही कर पाई। जवाब में द सिटी स्कूल साउथ सिटी की ओर से अनुज प्रताप सिंह की 31 रनों तेज तर्रार पारी के बाद कोई भी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर पाया और पूरी टीम 13.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 101 रन ही बना सकी। डेबल पब्लिक स्कूल ने 12 रन से मैच को जीता। सौरभ मैन 5 व प्रखर ने 4 विकेट झटके। दूसरे मैच में अवध कॉलेजेट दुर्गापुर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल फैजाबाद रोड के ईशान अग्रवाल के 26 व तनिष्क के 10 रनों की पारी से 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 100 रन ही बना सकी। जवाब में अवध कॉलेजेट की खराब रन. अप के कारण तीन विकेट गवाह दिए और पूरी टीम 9.3 ओवर में 42 रन पर ही ढेर हो गई। सेठ एमआर जयपुरिया ने 58 रनों से मैच को जीता। गेंदबाजी में एस आर जयपुरिया से विराट ने 2व3 ओवर में 5 रन देकर तीन विकेट व अवध कॉलेज से करन गौतम ने 4 ओवर में 10 रन देकर 4 विकेट लिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001